आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,सोमवार 21 अक्टूबर 2024 ■ कार्तिक कृष्ण पक्ष-5 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-203 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 22 अक्टूबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

## संक्षेप

### गांदरबल में 7 हत्याओं का सेना ने लिया बदला

**श्रीनगर,21 अक्टूबर।** जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले के सोनमर्ग इलाके में एक निर्माण स्थल पर आतंकवादियों द्वारा की गई गोलीबारी में एक डॉक्टर और छह प्रवासी मजदूरों की मौत का बदला सेना ने ले लिया है। खबर आ रही है कि सेना ने बारामूला जिले में मुठभेड़ स्थल से एक भारी हथियारों से लैस आतंकवादी को मार गिराया और हथियार, गोला बारूद और अन्य युद्ध जैसे सामान बरामद किए गए हैं. खबरों के अनुसार सेना ने एक भारी हथियार से लैस आतंकवादी को मार गिराया और मुठभेड़ स्थल से 01 एके राइफल, 02 एके मैगजीन, 57 एके राउंड, 02 पिस्तौल, 03 मैगजीन और अन्य खतरनाक हथियार बरामद किए गए

### 22 अक्टूबर से खुलेगी कोटमसर गुफा

**जगदलपुर,21 अक्टूबर।** 125 दिनों के लंबे इंतजार के बाद 22 अक्टूबर मंगलवार को कोटमसर गुफा पर्यटकों के लिए फिर से खोलने जा रहा है. कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में स्थित यह गुफा अपनी रहस्यमय और रोमांचकारी विशेषताओं के लिए विश्वभर में काफी प्रसिद्ध है. इस पर कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक चूड़ामणि सिंग ने बताया कि इस बार गुफा को 1 अक्टूबर के बजाय बारिश के कारण 22 अक्टूबर को खोला जा रहा है. गुफा के भीतर पर्यटकों की सुविधा और सुरक्षा के लिए साफ-सफाई और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं. गुफा के अंदर सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय गाइड और पार्क के कर्मचारी भी तैनात रहने वाले हैं. कोटमसर गुफा अपनी नैसर्गिक बनावट, रहस्य, और रोमांच के लिए जानी जाती है. इस गुफा में दुर्लभ अंधी मछलियों का वास होता है. जो इसे और भी विशेष बनाती हैं, साथ ही गुफा के अंदर प्राकृतिक रूप से बने चूने के स्तंभ अद्भुत दृश्य प्रस्तुत करते हैं, जो पर्यटकों को मोहित कर देते हैं

### देर से अस्पताल पहुंचने पर 47 डॉक्टरों को नोटिस

**बिलासपुर,21 अक्टूबर।** सुबह की पाली में देर से और शाम को अनुपस्थित रहने वाले जिला अस्पताल व मातृ शिशु अस्पताल के 47 डॉक्टरों को नोटिस थमाया गया है. जिला अस्पताल के सिविल सर्जन की ओर से जारी नोटिस में 24 घंटे के भीतर जवाब मांगा गया है. सिविल सर्जन के इस आदेश के बाद डॉक्टर विरोध पर उतर आए हैं. जिला अस्पताल में सिविल सर्जन डॉ. अनिल गुप्ता और डॉक्टरों के बीच लंबे समय से खींचतान चल रही है. एक-दूसरे के खिलाफ दोनों पक्षों की ओर से कलेक्टर से भी लगातार शिकायतें की जा रही हैं. सिविल सर्जन कई बार बोल चुके हैं कि अस्पताल की व्यवस्था में सुधार लाने के लिए कड़ाई बरती जा रही है. ऐसे में सिविल सर्जन डॉ अनिल गुप्ता ने जुलाई, अगस्त, सितम्बर के बायोमैट्रिक्स अटेंडेंस का रिकार्ड को चेक करने के बाद काम में देरी से पहुंचने और काम से अनुपस्थित रहने वाले डॉक्टरों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया है. इधर डॉक्टरों का आरोप है कि ओवर ड्यूटी करने, सरकारी छुट्टी के दिन को भी अनुपस्थित बताया जा रहा है.

### पीएम मोदी की डिग्री वाले केस में केजरीवाल को सुको से भी लगा झटका

**नई दिल्ली,21 अक्टूबर।** पीएम नरेंद्र मोदी की डिग्री को लेकर की गई टिप्पणी वाले मामले में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से झटका मिला है। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक की याचिका को सर्वोच्च अदालत ने खारिज कर दिया है। गुजरात यूनिवर्सिटी की ओर दर्ज मानहानि केस में केजरीवाल के खिलाफ ट्रायल कोर्ट ने समन जारी किया था। पूर्व सीएम ने इसे रद्द कराने के लिए पहले हाई कोर्ट और फिर सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

# दुनिया में मची उथल-पुथल के बीच भारत उम्मीद की किरण : मोदी

**नयी दिल्ली,21 अक्टूबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज एक समिट में वैश्विक स्तर पर भारत के उदय के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि 21वीं सदी 'भारत की सदी' क्यों है, देश किस तरह तेजी से आगे बढ़ रहा है और दुनिया भर के निवेशक भारत के सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बनने को लेकर कैसे उत्साहित हैं। पीएम मोदी ने भारत के विकास की गति और गति के बारे में बात की। प्रधानमंत्री ने कहा, भारत की तेज वृद्धि - दुनिया में सबसे तेज - और देश में बुनियादी ढांचे के निर्माण को देखते हुए, कई वैश्विक रेटिंग एजेंसियों ने भारत के विकास के पूर्वानुमान को अपग्रेड किया है। उन्होंने आगे कहा कि दुनिया भर के निवेशक भारत के विकास पर उत्सुकता से नज़र रख रहे हैं और सबसे तेजी से बढ़ते बाजार में निवेश करने को लेकर उत्साहित हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को एक उभरती हुई शक्ति करार देते हुए सोमवार को कहा कि ऐसे समय में जब दुनिया में उथल-पुथल मची हुई है, वह उम्मीद की एक किरण बना है तथा आशा का संचार कर रहा है। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मोदी ने यह भी कहा कि भारत हर क्षेत्र में तेजी से विकास कर रहा है और इसका पैमाना अप्रत्याशित है।उन्होंने कहा, आज जब चर्चा का केंद्र चिंता ही है, तब भारत में चर्चा का



विषय है भारत की शताब्दी। दुनिया में मची उथल-पुथल के बीच भारत उम्मीद की एक किरण बना है। जब दुनिया चिंता में डूबी है, तब भारत आशा का संचार कर रहा है। मोदी ने कहा कि हालांकि भारत की अपनी चिंताएं हैं, लेकिन इसमें सकारात्मकता की भावना है जो सभी भारत के लिए महसूस भी करते हैं। उन्होंने कहा, भारत आज एक विकासशील देश भी है और उभरती हुई शक्ति भी है। हम गरीबी की चुनौतियां भी समझते हैं और प्रगति का रास्ता बनाना भी जानते हैं। हमारी सरकार तेजी से नीतियां बना रही है, निर्णय ले रही है, नए सुधार कर रही है। उन्होंने कहा, आज भारत हर सेक्टर में, हर क्षेत्र में जिस तेजी से काम कर रहा है, वह अभूतपूर्व है। भारत की गति, भारत का पैमाना अप्रत्याशित है। प्रधानमंत्री ने अपने तीसरे कार्यकाल के शुरुआती 125 दिनों में किए गए विभिन्न कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि अब भारत भविष्य की सोच के साथ आगे बढ़ रहा है और यह 2047 तक विकसित भारत बनाने के संकल्प में भी दिखता है। उन्होंने कहा, हमने गरीबों के लिए 3 करोड़ घरों के निर्माण, 9 लाख करोड़ रुपये की लागत वाली बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और 15 नई वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई है। मोदी ने कहा कि भारत ने दूरसंचार और डिजिटल भविष्य, वैश्विक सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र, वैश्विक फिनटेक उत्सव से संबंधित कार्यक्रमों में भी भाग लिया और नागरिक उड्डयन और नवीकरणीय ऊर्जा के भविष्य पर चर्चा करने के लिए अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों का आयोजन किया। उन्होंने कहा, ये आयोजन उस विश्वास को प्रदर्शित करते हैं जो दुनिया का भारत में है।



# ट्रक की टक्कर से बाइक पर सवार तीन की मौत

## आक्रोशित ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

**भिलाई,21 अक्टूबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

जामुल थाना क्षेत्र में चंदूलाल चंद्राकर मेडिकल कॉलेज रोड पर आज सुबह सड़क हादसे में भाई, बहन और भांजी की दर्दनाक मौत हो गई। एक महिला व बच्ची सहित तीन लोगों की मौत हो गई। हादसे में एक बच्ची की हालत गंभीर है जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौत का शिकार हुए तीन व घायल एक ही मोटर साइकिल पर सवार थे।

हादसे के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने मुआवजा और भारी वाहनों की आवाजाही रोकने की मांग करते हुए चक्का जाम कर दिया। मौके पर पुलिस बल तैनात है और लोगों को समझाइश दे रही है जानकारी के अनुसार घटना हादसा सीएम मेडिकल कॉलेज रोड पर मांडले ढाबा के पास की है। ग्राम ढौर रानी साहू ( 33 साल ) निवासी राजेश साहू ( 32 वर्ष) अपनी बहन ऋतु साहू ( 28 वर्ष ) व दो भांजियों के साथ कचांदूर में गृहप्रवेश कार्यक्रम में गए थे। कार्यक्रम के बाद वह अपनी बहन व भांजियों को लेकर मोटर साइकिल से लौट रहा था। इस दौरान रामेश्वरम महादेव मंदिर के पास सीमेंट से भरे ट्रक ने उन्हें चपेट में ले लिया। हादसे में राजेश साहू, ऋतु साहू और 12 साल की बच्ची की मौत हो गई। वहीं दो साल की बच्ची को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है हादसे के बाद आसपास के लोग बड़ी संख्या में जमा हो गए और चक्काजाम कर दिया। लोगों की मांग है कि सड़क से भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक लगे। साथ ही मृतकों के परिजनों को उचित मुआवजे की मांग भी की



गई है तनाव को देखते हुए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात हो गई।

### खड़े ट्रक में घुस गई बाइक,दो की मौत

**कवर्धा,21 अक्टूबर।** कवर्धा राजनांदगांव रोड पर रात्रि के समय खड़े ट्रक में तेज रफ्तार बाइक घुस गई। इसमें सवार दो युवकों की मौत हो गई है। मौके पर 01 युवक की तथा दूसरे की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर लोहारा पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। लोहारा थाना क्षेत्र के ग्राम सलिहा और चन्दैनी गांव के बीच बीती रात की घटना है। दोनों युवक नवागांव के रहने वाले हैं। सहसपुर लोहरा थाने की घटना है।

# शहीद उमेश साहू की ससम्मान अंत्येष्टि

**भिलाई,21 अक्टूबर**

भारतीय सेना में महार रेजीमेंट के शहीद लांस हवलदार उमेश कुमार साहू का आज सैनिक सम्मान के साथ दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के गृहग्राम कोड़िया में अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक ललित चन्द्राकर, दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव, पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी, एसपी जितेन्द्र शुक्ला सहित जिला व पुलिस प्रशासन के अधिकारी उपस्थित थे। जवान उमेश कुमार साहू लेह-लद्दाख के बर्फीली पहाड़ी क्षेत्र पर अपने कर्तव्य का निर्वहन करते 19 अक्टूबर को शहीद हो गए। इनका पार्थिव शरीर ग्राम कोड़िया लाया गया एवं सैनिक सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान अंतिम यात्रा



में पूरा गांव उमड़ पड़ा और श्रद्धांजलि देने वालों का तांता लगा रहा। सेना के जवानों और क्षेत्र के जन प्रतिनिधियों ने शहीद जवान को अपनी श्रद्धांजलि दी जिला सैनिक कल्याण बोर्ड के ग्रुप कैप्टन प्रवीण कुमार ढोबले ने बताया कि उमेश कुमार साहू लेह लद्दाख के दुर्गम क्षेत्र में अपने कर्तव्य का निर्वहन कर रहें थे और विपरीत मौसम की चपेट में आने की वजह से उनकी मौत हो गई। उल्लेखनीय है कि उमेश के घर में अस्वस्थ एवं आश्रित पिता, पत्नी और दो छोटे बच्चे हैं जिनकी जिम्मेदारी शहीद उमेश ही निभा रहे थे।उमेश कुमार साहू ने 2009 में आर्मी की ड्यूटी जॉइन की थी। ट्रेनिंग के पश्चात जम्मू के अनंतनाग, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश व मेघालय मे आदि जगहों पर अपनी ड्यूटी दी।

### मुठभेड़ के बाद नक्सलियों ने किया विरोध दिवस मनाने का आह्वान

**जगदलपुर,21 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ में 4 अक्टूबर को हुए सबसे बड़े नक्सल एनकाउंटर के बाद नक्सलियों के दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमिटी ने पर्चा जारी किया है. नक्सलियों ने स्वीकार किया है कि दो अलग-अलग मुठभेड़ों में कुल 38 नक्सली मारे गए हैं. इसके साथ ही उन्होंने पर्चा जारी कर बताया है कि कैसे वे सुरक्षा जवानों के घेरे में फंसे. लेकिन उन्होंने प्रशासन पर आरोप लगाया है कि मुठभेड़ में हुए एन्काउंटर में स्थानीय आदिवासियों की भी हत्या हुई है. नक्सलियों की तरफ से जारी पर्चे में बताया गया है कि नक्सलियों की कमांडर नीति बीमार थी. वह हथियार उठाने के हालात में भी नहीं थी. वहीं इस एन्काउंटर के खिलाफ नक्सलियों ने 21 और 22 अक्टूबर को देशभर में विरोध दिवस मनाने के लिए आह्वान किया है.

### मदरसों को मिलती रहेगी सरकारी फंडिंग

# सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगाने से किया इंकार

**नई दिल्ली,21 अक्टूबर।** मदरसों को सरकारी फंडिंग मिलती रहेगी। सुप्रीम कोर्ट ने आज सरकारी मान्यता प्राप्त मदरसों को फंडिग रोकने की एनसीपीसीआर की सिफारिश पर रोक लगा दी है। साथ ही गैर-मान्यता प्राप्त मदरसों के बच्चे को सरकारी स्कूल भेजने पर रोक लगा दी है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को नोटिस जारी किया है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने ये फैसला सुनाया. तीन जजों की इस बेंच ने एनसीपीसीआर की सिफारिश पर कार्रवाई करने से मना कर दिया। दरअसल राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने अपनी हालिया रिपोर्ट में मदरसों की कार्यप्रणाली पर गंभीर चिंता जताई थी। सरकार द्वारा उन्हें दी जाने वाली धनराशि को रोकने का आह्वान किया था। मामले में आज सुनवाई करते हुए एनसीपीसीआर की इस सिफारिश पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने गैर-मान्यता प्राप्त मदरसों के छात्रों को सरकारी स्कूलों में ट्रांसफर करने के यूपी सरकार के फैसले पर भी रोक लगाई है। दरअसल, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग यानी नेशनल कमीशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ चाइल्ड राइट्स ने शिक्षा के अधिकार कानून का अनुपालन नहीं करने पर सरकारी वित्त पोषित और सहायता प्राप्त मदरसों को बंद करने की सिफारिश की थी। बता दें कि योगी सरकार ने गैर-मान्यता प्राप्त और सरकारी सहायता प्राप्त मदरसों में पढ़ने वाले गैर-मुस्लिम छात्रों को सरकारी स्कूलों में ट्रांसफर करने का निर्देश जारी किया गया था। उत्तर प्रदेश सरकार के इस आदेश के खिलाफ जमीयत उलमा-ए-हिंद ने याचिका दायर की थी। दरअसल 8 दिन पहले राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग ने सभी राज्यों को लेटर लिखकर कहा था कि मदरसों को दिया जाने वाला फंड बंद कर देना चाहिए। ये राइट-टु-एजुकेशन नियमों का पालन नहीं करते हैं। आयोग ने 'आस्था के संरक्षक या अधिकारों के विरोधी: बच्चों के संवैधानिक अधिकार बनाम मदरसे' नाम से एक रिपोर्ट तैयार करने के बाद ये सुझाव दिया था।एनसीपीसीआर ने कहा था- मदरसों में पूरा फोकस धार्मिक शिक्षा पर रहता है, जिससे बच्चों को जरूरी शिक्षा नहीं मिल पाती और वे बाकी बच्चों से पिछड़ जाते हैं।

# छत्तीसगढ़ राज्योत्सव 5 नवम्बर को

## उप राष्ट्रपति जगदीश धनकड़ करेंगे उद्घाटन

**रायपुर,21 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस समारोह की तैयारियां जोरों शोरों से शुरु हो गई है। वहीं यह सूचना भी सामने आई है की इस राज्योत्सव का उद्घाटन मुख्य अतिथि उप राष्ट्रपति जगदीश धनकड़ करेंगे, जबकि समापन में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के आने की संभावना है। बता दें कि, दीपावली की वजह से राज्योत्सव का आयोजन इस वर्ष 4 नवंबर से शुरू होकर 6 नवंबर तक चलेगा। पहले दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे और मुंबई के कलाकारों का भी कार्यक्रम होगा। वहीं 5 तारीख को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन और गीत-संगीत के कार्यक्रम के साथ समापन होगा। समापन मौके पर राज्य अलंकरण सम्मान दिया जाएगा, वहीं तीनों दिन छत्तीसगढ़ के कलाकारों के अलावा मुंबई के कलाकारों के कार्यक्रम होंगे। बता दें कि, इस वर्ष होने वाले राज्योत्सव के आयोजन के लिए संबंधित विभागों को अभी से जिम्मेदारी सौप दी गई है। मेला स्थल पर विभागों द्वारा शिल्पग्राम, वनोपज, हर्बल उत्पादों व सरकारी योजनाओं की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। तीन दिवसीय समारोह के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। राज्योत्सव स्थल पर मंच, पंडाल व सजावट का काम पीडब्ल्यूडी व सीएसआईडीसी के सहयोग से किया जाएगा। वहीं, फूड कोर्ट, पार्किंग तथा स्टॉल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। वहीं राज्य स्थापना दिवस के मौके पर सभी जिला मुख्यालयों में भी 5 नवंबर को एक दिवसीय कार्यक्रम होगा। इस दौरान स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। वहीं, कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विकास विभागों की विभागीय प्रदर्शनी में उपलब्धियों, महत्वपूर्ण योजनाओं व सफल परियोजनाओं को विशेष रूप से प्रदर्शित किया जाएगा।

# बेटी के जन्मदिन पर पिता ने की आत्महत्या

**जगदलपुर,21 अक्टूबर।** जिले के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में रहने वाले एक वकील ने अपने बच्चे के जन्मदिन के दिन अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी परिजनों को रात को लगी, जिसके बाद सूचना कोतवाली थाने को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को कब्जे में लेकर मेकाज भेज दिया है। वहीं घटना के बाद से इलाके में मातम पसर गया है। जानकारी के अनुसार, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में रहने वाले ऋषि तिवारी (40) पेशे से वकील थे। साथ ही अपनी पत्नी, मां और बच्चों के साथ निवास करते थे। रविवार को बेटी के जन्मदिन होने के कारण घर में तैयारी चल रही थी, लेकिन अचानक पत्नी व ऋषि के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया और ऋषि गुस्से में आकर अपने कमरे में दोपहर को चला गया। पत्नी व मां ने इस ओर ध्यान न देते हुए अपने काम में लग गए। रात तक जब दरवाजा नहीं खुला तो परिजनों को शक हुआ और दरवाजे पर दस्तक दी। लगातार दस्तक के बाद भी जब कोई जवाब नहीं मिला तो आसपास के लोगों को बुलाकर दरवाजे को तोड़ा गया.

# शहीद पुलिस कर्मियों को श्रद्धांजलि देते छलक पड़े परिजनों के आंसू

## कार्यक्रम में राज्यपाल डेका के साथ मुख्यमंत्री साय हुए शामिल

**रायपुर,21 अक्टूबर।** चौथी वाहिनी छग सशस्त्र बल परिसर में सोमवार को पुलिस स्मृति दिवस का आयोजन किया गया. राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के अलावा तमाम वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने शहीद 11 पुलिस कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की. यह अवसर शहीद पुलिस कर्मियों के परिजनों के साथ-साथ कार्यक्रम में मौजूद लोगों के लिए एक भावुक क्षण था. कार्यक्रम में शामिल मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शहीद पुलिस कर्मियों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि पुलिस स्मृति दिवस पर अमर शहीदों की अमर कथा को



सुनने का दिन है. अगली पीढ़ी तक उनके शौर्य को पहुंचाने का दिन है. उन्होंने कहा कि विकास के रास्ते में नक्सलवाद एक बड़ा अवरोध है. सुरक्षाबल के जवान नक्सलवाद का मुकाबला कर रहे हैं, उसे पीछे धकेल रहे हैं. छत्तीसगढ़ में आने वाले दो वर्षों के भीतर नक्सल उन्मूलन का लक्ष्य रखा गया है. जवानों के कौशल से इस लक्ष्य की प्राप्ति होगी. इस अवसर पर मौजूद डीजीपी अशोक जुनेजा ने बताया कि एक सितंबर से 31 अगस्त तक 157 नक्सलियों को मार गिराया गया है. इस दौरान 11 जवानों को वीर गति प्राप्त हुई. इसके साथ उन्होंने भरोसा दिलाया कि छत्तीसगढ़ पुलिस सबके साथ खड़ी है. कार्यक्रम के दौरान शहीद कमलेश कुमार साहू, अरविंद एक्का, राम आशीष यादव, रमेश कोरेटी, जोगराज कर्मा, तिजऊ राम भूआर्य, चमरू तेलम, नितेश एक्का, भरत लाल साहू, सत्येंद्र सिंह और सोढ़ी लक्ष्मण को श्रद्धांजलि अर्पित की गई.

# आतंकवादियों, घुसपैठियों और धार्मिक तनाव फैलाने वालों को शाह की सख्त चेतावनी

**नई दिल्ली,21 अक्टूबर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि भले ही देश ने जम्मू-कश्मीर, पूर्वोत्तर और नक्सल प्रभावित इलाकों में अपेक्षाकृत शांति स्थापित कर ली है लेकिन आतंकवाद, घुसपैठ और धार्मिक तनाव पैदा करने की साजिश के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी। पुलिस स्मृति दिवस के मौके पर एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि शहीद पुलिस कर्मियों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा और देश निश्चित रूप से 2047 तक पूरी तरह विकसित राष्ट्र बन जाएगा। उन्होंने कहा, ''पिछले 10 वर्ष में जम्मू कश्मीर, पूर्वोत्तर क्षेत्र तथा वामपंथी चरमपंथ से प्रभावित क्षेत्रों में अपेक्षाकृत शांति स्थापित की गयी है। हालांकि, हमारी लड़ाई खत्म नहीं हुई है। हम मादक पदार्थ, साइबर अपराध, धार्मिक तनाव पैदा करने की साजिश, घुसपैठ और आतंकवाद के खिलाफ लड़ते रहेंगे जो हमारे लिए चुनौतियां पैदा करती रहे हैं।'' गृह मंत्री ने कहा कि आजादी के बाद से 36,438 पुलिसकर्मियों ने देश की सुरक्षा के लिए अपनी जान दी है जिनमें से 216 लोगों ने पिछले साल प्राण न्यौछावर किए। उन्होंने कहा कि



देश की विकास यात्रा में बलिदान के लिए देश हमेशा उनका ऋणी रहेगा। शाह ने कहा, ''मैं शहीदों के परिवार के सदस्यों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि उनका बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। देश सुरक्षित रहेगा, किसी भी चुनौती के बावजूद अपने लक्ष्य को हासिल करेगा और भारत 2047 तक निश्चित रूप से एक विकसित राष्ट्र बन जाएगा।''

हम आपको बता दें कि एक जुलाई से लागू हुए तीन नए आपराधिक कानूनों के संदर्भ में उन्होंने कहा कि नए कानूनों के क्रियान्वयन के लिए बुनियादी ढांचा स्थापित करने पर काम पांच साल पहले शुरू हुआ था और बाकी का काम अगले तीन साल में पूरा हो जाएगा। उन्होंने कहा, ''मैं देश को बताना चाहता हूं कि भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली दुनिया में सबसे आधुनिक होगी और प्राथमिकी दर्ज होने के तीन साल के भीतर उच्चतम न्यायालय में सुनवाई तक पूरा न्याय दिया जा सकता है।'' पुलिस कर्मियों के हित में उठाए कदमों के बारे में जानकारियां देते हुए शाह ने कहा कि पुलिसकर्मी और उनके परिवार के सदस्य 'आयुष्मान सीएपीएफ' योजना लागू होने के बाद किसी भी आयुष्मान अस्पताल में इलाज करा सकते हैं। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) कर्मियों को आवास उपलब्ध कराने पर उन्होंने कहा कि 13,000 मकानों के निर्माण के लिए स्वीकृति दी गयी है जिनमें से 11,276 अगले साल मार्च तक तैयार हो जाएंगे। पुलिस स्मृति दिवस कार्यक्रम का आयोजन दिल्ली में राष्ट्रीय पुलिस स्मारक में किया गया।

# पराली जलाने पर 14 किसान बंदी

**चंडीगढ़,21 अक्टूबर।** हरियाणा के कैथल जिले में पराली जलाने के मामले में 14 किसानों को अरेस्ट किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। राजधानी दिल्ली और आसपास के इलाकों में बीते कुछ दिनों में पलूशन बढ़ गया है। इस बीच यह ऐक्शन लिया गया है। पुलिस अधिकारी ने कहा कि पराली जलाने पर रोक के बाद भी किसान नहीं माने तो यह कार्रवाई की गई है। हरियाणा के हिसार समेत कुछ और जिलों में भी ऐसा ऐक्शन हुआ है। दिल्ली में पलूशन बढ़ने के लिए हरियाणा और पंजाब में किसानों द्वारा फसल के अवशेष जलाने को जिम्मेदार ठहराया जाता है। कैथल में कुल 123 किसानों पर केस दर्ज हुए हैं। कहा जाता है कि हर साल धान की फसल काटे जाने के बाद किसान पराली जलाते हैं। उससे निकलने वाले धुएं के चलते ही वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ जाता है। आमतौर पर हर साल अक्टूबर और नवंबर के महीने में दिल्ली में पलूशन बढ़ने की शिकायतें आने लगती हैं। इस बार भी सुप्रीम कोर्ट तक में यह मामला पहुंचा है और अदालत ने हरियाणा, पंजाब एवं दिल्ली सरकारों को पलूशन पर लगाम कसने का आदेश दिया है। कैथल के डीएसपी बीरभान ने कहा कि बीते कुछ दिनों में 14 किसानों को पराली जलाने पर अरेस्ट किया गया है। हालांकि इन लोगों को बेल पर रिहा कर दिया गया।

## एक नजर

### सुबह दिखी लोक निर्माण विभाग में बेहतर स्वच्छता



**कवर्धा 21 अक्टूबर।** लोक निर्माण विभाग में सुबह सुबह बड़े बाबू ओंकारधर शर्मा और समस्त स्टाफ वर्क करते हुए दिखे । बड़े बाबू ने स्वच्छता के सवाल पर कहा की स्वच्छता ही सेवा है । अपने ओर अपने आसपास हमेशा स्वच्छता रखना रखना चाहिए क्योंकि बेहतर स्वच्छता होगी तो मन ओर शरीर स्वस्थ होगा ।

### पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण बहुत जरूरी

**कवर्धा 21 अक्टूबर।** कबीरधाम जिले में पौधारोपण पर चर्चा करते हुए वरिष्ठ कांग्रेसी नेता कन्हैया अग्रवाल , पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल , जनपद सदस्य प्रतिनिधि राम कुमार सिन्हा और युवा बिजनेसमैन गोपाल चंद्रवंशी ने कहा की प्रत्येक व्यक्ति कम से एक पौधा घर के प्रांगण में अवश्य लगाएं क्योंकि पौधा है तो जीवन है और पर्यावरण संरक्षण के लिए भी पौधा रोपण बहुत जरूरी है । जिला सीएम विष्णु देव साय और डिप्टी सीएम विजय शर्मा के मार्गदर्शन में जिले के शासकीय कार्यालयों में एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण किया गया है और कई तालाबों के बाजू में ओर कई स्कूलों के प्रांगण में भी पौधा रोपण भी किया गया।



### कुम्हारी की सेवा सहकारी समिति में चोरी

**भिलाई 21 अक्टूबर।** कुम्हारी के सेवा सहकारी समिति में 16 अक्टूबर की रात चोरी हुई है आरोपित वहां से तराजू के बाट, बोरी सिलाई मशीन और अन्य सामान के साथ ही सीसीटीवी कैमरे भी चोरी कर ले गए पर कैमरे का डीवीआर चुराने में सफल नहीं हुए इसके चलते उनका चेहरा फुटेज में नजर आया है इसके आधार पर कुम्हारी पुलिस ने पतासाजी शुरू की है सेवा सहकारी समिति के प्रबंधक शिकायतकर्ता प्रमोद कुमार रामटेके ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है 16 अक्टूबर को चौकीदार सोनसाय चतुर्वेदी की तबीयत खराब होने से केंद्र के आफिस में ताला बंद कर वह घर चला गया था अगले दिन पहुंचा तो कार्यालय का ताला टूटा मिला पुलिस ने बताया कि चोरी गए सामानों की कुल कीमत करीब 30 हजार रुपये आकी गई है।

### तीन प्रधान आरक्षकों को मिला प्रमोशन



**कवर्धा 21 अक्टूबर।** पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज के आदेशानुसार पदोन्नति के लिए जारी योग्यता सूची वर्ष 2024 में जिला पुलिस कबीरधाम के प्रधान आरक्षकों का सहायक उप. निरीक्षक के पद पर पदोन्नति/स्थानांतरण के लिए योग्यता सूची जारी की गई है। इसी तारतय में पुलिस अधीक्षक कार्यालय में उक्त पदोन्नत प्रधान आरक्षकों को प्रभारी पुलिस कप्तान धर्मेंद्र सिंह व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल द्वारा स्टार लगा कर सहायक उप. निरीक्षक के पद पर पदोन्नति प्रदान की गई है। जिसमें प्रधान आरक्षक वासुदेव साय पैकरा, महिला प्रधान आरक्षक देमन टेकाम, प्रधान आरक्षक राजेश कुमार सिंह ठाकुर शामिल है। उक्त पदोन्नत तीनों अधिकारियों को जिले के प्रभारी पुलिस अधीक्षक ने कहा गया कि आप सभी के कार्यों में पदोन्नति के साथ वृद्धि होगी, जिसे बेहतर ढंग से निभाना आप सभी का प्रथम कर्तव्य होगा। इस अवसर पर कार्यालयीन अधिकारी/कर्मचारी व पदोन्नत अधिकारी के परिवार जन उपस्थित रहे।

### राज्यपाल डेका से असम की फुटबॉल टीम के खिलाड़ियों ने की मुलाकात



**रायपुर 21 अक्टूबर।** राज्यपाल श्री रमेन डेका से 27वीं अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने वाले असम के फुटबॉल टीम के खिलाड़ियों ने श्री सनीदेव चौधरी, (आईएफएस) और श्री तेजस एम, (आईएफएस) के नेतृत्व में सौजन्य मुलाकात की। उनके साथ टीम कोच श्री दगंता बोरा भी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि असम की टीम ने इस प्रतियोगिता में पहली बार फुटबॉल में स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। राज्यपाल ने टीम को बधाई दी और राजकीय गमछा पहनाकर उनका अभिनंदन किया। टीम के सभी खिलाड़ियों को छत्तीसगढ़ के पारंपरिक पकवान भेंट किये गये। राज्यपाल श्री डेका ने खिलाड़ियों को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। राज्यपाल श्री डेका ने छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों द्वारा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए सर्वाधिक 174 पदक जीत कर प्रथम स्थान प्राप्त करने पर उन्हें भी बधाई दी। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि यह प्रतियोगिता न केवल शारीरिक शक्ति और खेल भावना का प्रदर्शन है, बल्कि हमारे वन क्षेत्रों के महत्व को भी रेखांकित करती है।

# झलक स्वसहायता समूह महिला आर्थिक सशक्तिकरण की मिसाल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बेमेतरा 21 अक्टूबर।** बेमेतरा जिले में महिलाओं को स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अद्वितीय प्रयास किए जा रहे हैं। इस दिशा में, लखपति दीदी योजना के तहत महिलाओं को एक मजबूत आधार प्रदान किया जा रहा है, ताकि वे वित्तीय और सामाजिक रूप से सक्षम बन सकें। ज़िला महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से किए जा रहे इन प्रयासों का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। झलक महिला स्वसहायता समूह। यह समूह न केवल आर्थिक सशक्तिकरण का प्रतीक है, बल्कि सामुदायिक विकास और आत्मनिर्भरता की ओर एक प्रेरणादायक कदम भी है।

झलक झंकार महिला स्वसहायता समूह की अध्यक्ष, श्रीमती गायत्री सोनी, बताती हैं कि समूह की यात्रा अगस्त 2024 के अंत में शुरू हुई जब ज़िला प्रशासन द्वारा कलेक्टर की उपस्थिति में समूह को मशीन से रूई से फूलबाती बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण महिलाओं के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुआ। इसके तहत न केवल तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया गया, बल्कि आर्थिक सहायता भी दी गई,



जिससे महिलाएं कच्चामाल और मशीनें खरीद सकीं।

प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को फूलबाती बनाने की विधि सिखाई गई, जो एक सरल प्रक्रिया होते हुए भी आर्थिक रूप से लाभदायक हो सकती है, विशेष रूप से त्योहारों के मौसम में। महिलाएं अपने दैनिक घरेलू कामों को निपटाने के बाद, मशीन से फूलबाती बनाती हैं, जिससे उनकी आय में वृद्धि हो रही है। इस योजना ने उन महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का एक ठोस रास्ता प्रदान किया है, जो पहले केवल घरेलू कार्यों तक सीमित थीं।

समूह की महिलाओं ने प्रशिक्षण और वित्तीय सहायता का सही उपयोग करते हुए अपना काम शुरू किया। उन्होंने कच्चा माल ख़रीदा और फूलबाती बनाने का काम तेज़ी से शुरू कर दिया। दिवाली का त्यौहार नज़दीक है और इस अवसर को भुनाने के लिए महिलाएं पूरी लगन से काम कर रही है।

फूलबाती की बढ़ती मांग को देखते हुए, स्थानीय बाजार से उन्हें अच्छे ऑर्डर मिलने लगे। इसके साथ ही, समूह ने स्थानीय स्तर पर भी मार्केटिंग शुरू की, जिससे उनकी आमदनी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। ज़िला प्रशासन के अधिकारियों ने भी उनकी प्रोडक्ट्स को खरीदा, जिससे उन्हें और प्रोत्साहन मिला। इस प्रकार, समूह की महिलाएं न केवल घरेलू कामों को निभा रही थीं, बल्कि समाज में अपनी आर्थिक स्थिति को भी सुधार रही है। फूलबाती बनाने के इस कार्य ने झलक महिला स्वसहायता समूह की महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव आयेंगे। पहले जो महिलाएं केवल अपने घरों तक सीमित थीं, आज वे खुद का काम संभाल रही हैं और समाज में अपनी पहचान बना रही हैं। इस कार्य ने उन्हें आत्मनिर्भर बनने का अवसर दिया और साथ ही उनकी आर्थिक स्थिति को भी सुदृढ़ किया।

समूह की अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सोनी ने बताया कि इस योजना के तहत मिले प्रशिक्षण और वित्तीय सहायता से महिलाएं आत्मविश्वास से भर गई हैं। उन्होंने यह साबित किया कि यदि सही दिशा और अवसर मिलें, तो महिलाएं हर चुनौती का सामना कर सकती हैं और आर्थिक रूप से सशक्त हो सकती हैं। शुरुआत में, झलक महिला स्वसहायता समूह की महिलाओं को कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ा। जैसे कि कच्चे माल की उपलब्धता और बाज़ार में प्रतिस्पर्धा। लेकिन समूह ने अपनी एकजुटता और कड़ी मेहनत से इन समस्याओं का समाधान निकाला। उन्होंने अपनी गुणवत्ता पर ध्यान दिया और ग्राहक संतुष्टि को प्राथमिकता दी। इसके साथ ही, ज़िला प्रशासन ने भी उनकी मदद की और उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत और सहायता उपलब्ध कराई।

# दुर्ग जिला अल्पसंख्यक कल्याण समिति के सदस्यों ने किया पदभार ग्रहण

■ **जिला अल्पसंख्यक कल्याण समिति सरकार की योजना का लाभ अल्पसंख्यक वर्ग को दिलाने में तत्परता से कार्य करे: जितेन्द्र वर्मा**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई 21 अक्टूबर।** भाजपा दुर्ग जिला कोर कमेटी की अनुशंसा से प्रभारी मंत्री विजय शर्मा के द्वारा अल्पसंख्यक कल्याण समिति में 16 सदस्यों की नियुक्ति की गई थी। नियुक्ति के पश्चात शनिवार को इस समिति के सदस्यों के द्वारा आदिम जाति कल्याण विभाग में अपना पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, जिला महामंत्री सुरेंद्र कौशिक, राजेन्द्र कुमार, उपाध्यक्ष दिलीप साहू, समिति के सदस्य एवं जिला उपाध्यक्ष अरविंदर खुराना, अल्पसंख्यक विभाग समिति के प्रमुख साजन जोसेफ, सोशल मीडिया प्रभारी रजनीश श्रीवास्तव, मंडल भाजपा अध्यक्ष मदन वाढई, विजय ताम्रकार, सुनील अग्रवाल, मंडल भाजपा महामंत्री श्रीमती रीता मेश्राम, नवीन पवार, राजेश सिंह राजपूत उपस्थित रहे। समिति के सदस्यों ने पदभार ग्रहण के पश्चात प्रभारी मंत्री विजय शर्मा और जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा का आभार जताते हुए सरकार की योजनाओं को पात्र अल्पसंख्यक वर्ग तक पंहुचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने समिति के सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि केंद्र की मोदी सरकार एवं राज्य सरकार विष्णुदेव सरकार द्वारा अल्पसंख्यक वर्ग के कल्याण की योजनाओं का लाभ उस समुदाय के अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंच सके इसका सामूहिक प्रयास सभी को मिलकर करना है। जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा विभाग के संबंधित अधिकारियों से आग्रह किया कि समिति की समय-समय पर बैठकें होती रहे साथ ही एजेंडे की जानकारी समिति के सदस्यों को होती रहे। भाजपा जिला अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने आगे कहा कि सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारना सबकी सामुहिक जिम्मेदारी है, सभी के सामूहिक प्रयास से अल्पसंख्यक विभाग का उत्थान हो ऐसा मेरी अभिलाषा है। आदिम जाति एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के सहायक आयुक्त हेमंत सिन्हा ने नव नियुक्त सदस्यों का स्वागत किया तथा विभाग के कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। पदभार ग्रहण करने वाले अल्पसंख्यक समिति के सदस्य साजन जोसेफ ,अरविंदर खुराना, रजा खोखर, अमजद अली, श्रीमती मेहरुन्निसा, सुश्री रिजवी, साउमेल जॉनसन, अनी मैथ्यू, आसिफ अली, तरनेम सिंह ढिल्लों, महेंद्र लोढ़ा, तुलेश्वर मेश्राम, फारूक उपस्थित रहे।

## जादू बस्तर से राज्य स्तरीय जम्बूरी रेड क्रॉस में मचेगी धूम



**भिलाई, 21 अक्टूबर।** जिला रेड क्रॉस समिति की अध्यक्ष कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में जिले में 18 से 22 अक्टूबर तक प्रथम राज्य स्तरीय जूनियर रेडक्रॉस मीट 2024 का आयोजन किया जा रहा है। आयोजित जम्बूरी रेड क्रॉस 2024 कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक मंच पर लगातार विविध कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जा रही है। जिनमें एस.ए.एफ. बटालियन नेहरू नगर में दायरा बस्तर की प्रस्तुति विशेष आकर्षक होगी। इस प्रस्तुति का सभी को इंतजार था। 21 अक्टूबर को शाम 7 बजे कार्यक्रम स्थल पर जादू बस्तर की लाइव प्रस्तुति होगी। जादू बस्तर बस्तर की जीवन शैली, कला और संस्कृति का एक नया फ्यूजन रॉक-लोक एल्बम है। जो छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक एवं पारंपरिक सुंदरता को प्रदर्शित करने का प्रयास करता है। यह एल्बम रॉक संगीत को छत्तीसगढ़ के बस्तर के लोक संगीत के साथ जोड़ता है। इस बैंड का उद्देश्य स्थानीय संस्कृति और प्राकृतिक सुंदरता को उजागर करते हुए एक और पक्ष प्रदर्शित करना है। छत्तीसगढ़ के संगीतकार लखेश्वर खुदाराम और बैंड दायरा के प्रमुख गायक पीयूष कपूर इसके प्रमुख कलाकार है। यह बैंड बस्तर क्षेत्र में हिंसा की भयानक कहानियों के बीच यहां के घने जंगलों की प्राकृतिक सुंदरता, सुंदर परिदृश्य और दंडकारण्य जंगल के शानदार झरने का बखान करता है। बस्तर का लोक संगीत अपने आदिवासी समुदायों से अपनी पहचान प्राप्त करता है, इसने स्थानीय परिदृश्य के प्रति श्रद्धा को जीवित रखा है। यह लोक-रॉक बैंड बस्तर के मनमोहक जादू को बयां करता है, जो हल्बी और हिंदी भाषा में स्थानीय आदिवासियों द्वारा गाया गया हैं।

## उमेश कुमार साहू बर्फीले पहाड़ी क्षेत्र में मां भारती की रक्षा करते शहीद हो गए

**उतई 21 अक्टूबर।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोड़िया निवासी एवं भारतीय सेना के 19 महार रेजीमेंट के वीर जवान लांस हवलदार उमेश कुमार साहू लेह-लद्दाख के बर्फीली पहाड़ी क्षेत्र पर मां भारती की रक्षा करते हुए 19 अक्टूबर 2024 को देर शाम शहीद हो गए। इनका पार्थिव शरीर 21 अक्टूबर 2024 दिन सोमवार को सुबह 8.30 बजे निज ग्राम कोड़िया लाया जाएगा एवं सैनिक सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा। ग्रामीणों ने बताया शहीद उमेश कुमार साहू मध्यम वर्गीय परिवार से आते हैं। कुछ वर्षों में ही अपने बड़े भाई, अपनी मां को खोने के बाद बीते जून माह में अपने छोटे भाई को खोया था। भाई का दशगात्र कार्यक्रम निपटाने के बाद ड्यूटी में वापस जाने वाला था लेकिन घर में अधेड़ पिता के ज्यादा तबियत खराब होने से उसको छुट्टी बढ़ानी पड़ी। पिताजी का इलाज कराकर 30 अगस्त को फिर से ड्यूटी के लिए लौटा था और लेह-लद्दाख में अपने देश की सुरक्षा करते हुए अपने प्राणों को न्यौछावर कर दिया। अब उनके घर में अस्वस्थ एवं आश्रित अधेड़ पिता, पत्नी और छोटे बच्चे ही हैं जिनकी जिम्मेदारी शहीद उमेश ही निभा रहे थे। शहीद उमेश साहू की पत्नी ने बताया ड्यूटी में वापस लौटने के बाद रोज बात होती थी। घटना के पहले रात भी बात की थी तब वो पूरा स्वस्थ थे। शनिवार को दोपहर 3.30 बजे आर्मी के अधिकारी घर आकर बताए कि अभी कुछ अस्वस्थ है जिसका इलाज चल रहा है। शाम 7 बजे स्थिति गंभीर बताई और रात 9 बजे शहीद होने की सूचना मिली। शहीद उमेश साहू के मामा ने बताया कि इन्होंने ही कोटा साथ जाकर 22 सितम्बर 2009 में ड्यूटी जॉइन कराया था। उसकी ट्रेनिग सागर में फिर जम्मू के अनंतनाग, हिमांचल प्रदेश, ग्वालियर एमपी, मेघालय के बाद फिर से अभी लेह में ड्यूटी कर रहा था। उसके दो संतान है जिसमें 6 साल की बेटी और 3 साल का बेटा है। 2016 में उरी हमले के दौरान भी स्पॉट में मौजूद था लेकिन केंटीन में होने के कारण बचने की सूचना घरवालों को दिया था।



# हाइवा ने स्कूटी सवार छात्रा को अपनी चपेट में लिया,मौत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई 21 अक्टूबर।** स्मृति नगर चौकी क्षेत्र जुनवानी स्थित श्रीशंकराचार्य कॉलेज के पास रविवार को एक मुरुम से भरे हाइवा ने स्कूटी सवार छात्रा को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में उसकी मौत हो गई वहीं उसका भाई बाल-बाल बच गया पुलिस ने हाइवा को जब्त कर शव को पीएम के लिए भेजा है स्मृति नगर चौकी पुलिस ने बताया कि एक हाइवा मुरुम लोड कर जुनवानी के रास्ते स्मृति नगर चौकी की तरफ आ रहा था इसी दौरान दीनदयाल उपाध्याय कालोनी निवासी दिलप्रीत कौर (25 वर्ष) स्कूटी से अपने भाई के साथ जा रही थी जैसे ही वह शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज के पास पहुंची अचानक हाइवा की चपेट में आ गई हाइवा का पिछला पहिया उसके ऊपर से गुजर गया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद मौके पर भीड़ लग गई। लोगों ने डायल 112 में फोन करके मामले की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पाकर स्मृति नगर पुलिस मौके पहुंची पुलिस ने हाइवा और स्कूटी को जब्त किया इसके बाद शव को पीएम के लिए लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला भेजा गया।




# कांकेर की मासुलपानी पंचायत को मिलेगा राष्ट्रीय जल पुरस्कार



■ **राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 22 अक्टूबर को करेंगी सम्मानित**

**रायपुर 21 अक्टूबर ।** जल संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए कांकेर जिले की मासूलपानी ग्राम पंचायत को राष्ट्रीय जल पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु 22 अक्टूबर को 11 बजे प्लेनरी हॉल, विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में 5वें राष्ट्रीय जल पुरस्कार के अंतर्गत कांकेर के नरहरपुर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत मासुलपानी को श्रेष्ठ पंचायत श्रेणी में द्वितीय स्थान के लिए सम्मानित करेंगी गौरतलब है कि केंद्रीय जल शक्ति मंत्री श्री सी.आर पाटिल ने 14 अक्टूबर को श्रम शक्ति भवन नई दिल्ली में 5वें राष्ट्रीय जल पुरस्कारों के विजेताओं की घोषणा की, जिसमें कांकेर जिले की मासुलपानी पंचायत सहित 38 विजेताओं के नाम शामिल है। यह पुरस्कार 9 श्रेणियों में दिए जाएंगे।

कांकेर जिले की ग्राम पंचायत मासुलपानी जिला मुख्यालय से 5 किमी की दूरी पर स्थित है। मासुलपानी में 5 राजस्व गांव शामिल हैं और ग्राम पंचायत का कुल क्षेत्रफल 1429 हेक्टेयर है। मासुलपानी पंचायत में 90 प्रतिशत आबादी अनुसूचित जनजाति की है। जल संरक्षण के क्षेत्र में मासुलपानी पंचायत ने उल्लेखनीय कार्य किया है। इस ग्राम पंचायत में 161 जल शेड संरचनाएं बनाई गई हैं, जिनमें 99 फार्म तालाब शामिल हैं। इसके अलावा, वर्ष 2023 के दौरान पंचायत द्वारा 39 नंबर ब्रशवुड, एक सामुदायिक तालाब डी-सिल्टिंग, 02 कुएं, 02 भूमिगत बांध, 03 गेबियन और अन्य संरचनाओं का निर्माण किया गया है। इसके चलते लोगों ने सिंचाई के लिए सतही जल का उपयोग करना शुरू कर दिया है। जल संरक्षण और इसके समुचित उपयोग की दिशा में इस नवाचार के लिए जिले की मासुलपानी ग्राम पंचायत को राष्ट्रीय स्तर पर श्रेष्ठ पंचायतों की श्रेणी में दूसरा स्थान मिला है।

### छत्तीसगढ़ी भासीराज का दर्जा विषय पर हुआ सम्मेलन

**रायपुर।** राजधानी में रविवार को छत्तीसगढ़ीभासी राज सम्मेलन हुआ है. सम्मेलन में साहित्यकार, संस्कृति विशेषज्ञ, रंगकर्मी, पत्रकार, शिक्षक, लोक कलाकर, कर्मचारी नेता, छात्र और संगठन सेनानी शामिल हुए. सम्मेलन का विषय था-छत्तीसगढ़ी भासी राज का दर्जा.सम्मेलन को मुख्य वक्ता के रूप में छत्तीसगढ़ी राजभासा मंच के संरक्षक नंदकिशोर शुक्ल ने संबोधित किया. शुक्ल ने दस्तावेजी प्रमाणों के साथ बताया कि राज्य निर्माण के साथ ही छत्तीसगढियों के साथ एक बड़ा षड्यंत्र हुआ था. उन्होंने कहा कि 2001 से लेकर 2003 तक केंद्र और राज्य सरकार के बीच क और ख श्रेणी को लेकर कई पत्र व्यवहार हुए।

## समाचार संक्षेप

### अग्निवंशीय क्षत्रिय पंवार समाज ने उपमुख्यमंत्री शर्मा से की सौजन्य मुलाकात



**कवर्धा 21 अक्टूबर।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा कवर्धा प्रवास पर थे, इस दौरान श्री विजय शर्मा जी से कबीरधाम जिला में निवासरत अग्निवंशी क्षत्रिय पंवार समाज के प्रतिनिधियों ने समाज के वरिष्ठ जनों के निर्देशन में उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा से समाज का प्रतिनिधिमंडल भेंट किया, उपस्थित सदस्यों ने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री,गृहमंत्री को जिले में किये जा रहे जनहितकारी एवं बहुप्रतीक्षित विकास कार्यों जैसे चिल्फी से रेंगाखार मार्ग उन्नयन,नवीन बस स्टैंड हेतु सड़क चौड़ीकरण,नगर के धरोहर चौकों का सौंदर्यीकरण,देश में सबसे अधिक समर्थन मूल्य में धान खरीदी, गरीब लोगों को प्रधानमन्त्री आवास, जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं में प्रशंसनीय सुधार एवं व्यवस्था इत्यादि हेतु धन्यवाद ज्ञापित करते हुवे ,नगर में समाज को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आबंटित सामुदायिक भवन के लोकार्पण सह उद्घाटन हेतु माननीय उपमुख्यमंत्री जी से समय हेतु पंवार समाज प्रतिनिधिमंडल ने मांग रखी जिस पर माननीय उपमुख्यमंत्री ने सहर्ष समय प्रदान किया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा जी ने समाज के लिये आबंटित सामुदायिक भवन के लोकार्पण को झारखंड दौरे से आने के बाद करने हेतु आश्वासन दिए, साथ ही उद्घाटन के दिन भव्य सामाजिक सम्मेलन कराने प्रतिनिधि मंडल से कहा, जिससे सभी से भेंट , वार्ता हो सके।उक्त भेंट के दौरान समाज के वरिष्ठ संरक्षक पी एल ठाकरे, कार्यकारी संचालक चंद्रवेश राणा, डॉ गेमेश चौधरी,नगर अध्यक्ष योगेश ठाकरे,निलेश पटले,चित्रसेन राहंगडाले,देवेन्द्र क्षीरसागर,योगेश फरकाड़े, शिवशंकर राहंगडाले,राजकुमार पटले,त्रिलोक चौधरी,देवेन्द्र राहंगडाले, निर्विकांत पटले,के. एस.बिसेन,युगलकिशोर राहंगडाले,लक्ष्मण हरिनखेड़े,राजेश पटले,संतोष तूरकर,अनिल गौतम,दयानिधि गौतम,ज्ञानेश्वर बिसेन,युवराज हरिनखेड़े,दुर्गेश पटले,नानक ठाकरे,सहित समाज के सदस्य उपस्थित रहे।

### ब्रूसली हत्याकांड का फरार मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई 21 अक्टूबर।** भिलाई-3 थाना अंतर्गत चार महीने पहले ग्राम-देवबलोदा में हुए ब्रूसली हत्याकांड के फरार चल रहे मुख्य आरोपी भीम बघेल (31 साल ) को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने पूर्व में एक नाबालिग समेत 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है छावनी सीएसपी हरीश पाटिल ने बताया कि 5 जून 2024 की रात करीब 9 बजे मुकेश और जय सिंह शराब पीने बंधवा तालाब देवबलोदा की ओर गया, जहां पर एल. चिरंजीव उर्फ ब्रूसली अपने अन्य दोस्तों के साथ शराब पी रहे थे। रात करीब 10.40 बजे भीम बघेल, अर्जुन बघेल, अजय बांधे तीनों बाइक से आए जो एल.चिरंजीव को जान से मारने की तैयारी के साथ लाठी डण्डा, राड, धारदार हथियार साथ लेकर आये थे पुरानी रंजिश को लेकर एल. चिरंजीव को भीम बघेल ने अपने हाथ में रखे लोहे के धारदार हथियार से, अर्जुन बघेल ने लोहे के राड से तथा अजय बांधे ने डण्डा से ताबड़तोड़ वार कर किया, जिससे ब्रूसली जमीन पर गिर गया इलाज के लिए अस्पताल ले जाने पर उसकी मौत हो गई प्रकरण में विवेचना के दौरान पूर्व में आरोपी अर्जुन बघेल, दीपक उर्फ गोलू टण्डन, राजेश कुर्रे, भूपेन्द्र टण्डन, जसवंत मारकण्डे, देवा बंजारे, सुनील बांधे, चंद्रशेखर उर्फ शेखर सेन, अजय बाद एवं एक अपचारी बालक को गिरफ्तार किया गया था प्रकरण का मुख्य आरोपी भीम बघेल घटना के बाद से लगातार फरार चल रहा था अब उसे भी गिरफ्तार कर लिया है।



### यूथ सिख सेवा समिति के अध्यक्ष बने सरदार इंद्रजीत सिंह छोटू

**भिलाई, 21 अक्टूबर।** भिलाई यूथ सिख सेवा समिति की अध्यक्ष के रूप में युवा समाजसेवी एवं ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष सरदार इंद्रजीत सिंह छोटू का चयन कर लिया गया है। इसके लिए गुरुद्वारा श्री गुरु अर्जन देव हाउसिंग बोर्ड में रविवार की शाम 4 बजे भिलाई यूथ सिख सेवा समिति की बैठक रखी गई। जिसमें मंच संचालन जसवंत सिंह सैनी द्वारा किया गया। उक्त बैठक में विशेष रूप से छत्तीसगढ़ सिख पंचायत भिलाई दुर्ग एवं सभी दुर्ग भिलाई की गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटियों के प्रबंधक सम्मिलित हुए। जिसमें सर्व सहमति से छत्तीसगढ़ सिख पंचायत के अध्यक्ष जसवीर सिंह चहल द्वारा भिलाई यूथ सिख सेवा समिति की अध्यक्ष के नाम मे सरदार इंद्रजीत सिंह छोटू के नाम की घोषणा की गई एवं उसके उपरांत संगत सहित गुरुद्वारा साहिब में नतमस्तक होकर अरदास में सम्मिलित होने के उपरांत सिख पंचायत के अध्यक्ष जसवीर सिंह चहल द्वारा सिरोपाओं की बक्शीश देकर उनकी सेवा को स्वीकृति दी। इस बैठक में सिख पंचायत के महासचिव गुरनाम सिंह, वाइस चेयरमैन गुरमीत सिंह गांधी, पलविंदर सिंह रंधावा, बलदेव सिंह, जसबीर सिंह सैनी, गुरमीत सिंह चहल, जसवंत सिंह, बलकार सिंह, हरविंदर सिंह सोनू, सुरजीत सिंह, कुलवंत सिंह, हरनेक सिंह, हरपाल सिंह हैप्पी, मलकीत सिंह लल्लू, कुलदीप सिंह, स्वर्ण सिंह कोक, मुखविंदर सिंह, अजीत सिंह फौजी एवं अन्य सदस्य उपस्थित हुए। छत्तीसगढ़ सिख पंचायत भिलाई दुर्ग की तरफ से इंद्रजीत सिंह छोटू वीर को बधाई दी गयी है।



# बीएमओ और बीपीएम की मिलीभगत से जीवन दीप समिति की राशि में लाखों का भ्रष्टाचार

### मामला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मगरलोड का

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**मगरलोड 21 अक्टूबर।** लाखों रुपया सैलरी मिलने के बाद भी सरकारी अधिकारी अपने पद का दुरुपयोग कर जीवन दीप समिति की सरकारी राशि पर गिद्ध की तरह नजर गड़ाए रहते हैं और मौका मिलते ही भ्रष्टाचार करने में लग जाते हैं भ्रष्टाचार की जड़े इतनी गहरी हो चुकी है कि भ्रष्टाचार की शिकायत करने पर ऊपर की अधिकारी अपना स्वार्थ साधने में लग जातें हैं, एवं भ्रष्टाचार की जांच करने के बहाने लेन देन करके मामले पर लीपापोती करते हैं, और भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों को क्लीन चिट दे दिया जाता है, शासकीय राशि को गबन करने वालों पर कार्यवाही नहीं होगी तो भ्रष्टाचार पर लगाम कैसे लगेगा ? और इस तरह से भ्रष्टाचारीयों के हौसले बुलंद होते रहेंगे, ऐसे में सरकार की सुशासन और भ्रष्टाचार पर जिरो टारलेंस की बात करना बेमानी होगी, बता दें कि मगरलोड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जीवन दीप समिति की राशि का खुलकर बंदरबांट किया गया है जिसका पुख्ता प्रमाण है,भ्रष्टाचार का आलम यह है कि बीएमओ और बीपीएम के मिली भगत से जीवन दीप समिति की राशि में लाखों रुपए का हेराफेरी किया गया है, सूचना के अधिकार से मिली जानकारी के मुताबिक जीवन दीप समिति में लाखों रुपए की राशि को कूट रचना दस्तावेज तैयार कर के कंप्यूटर रिपेयरिंग स्टेशनरी खरीदी, शिशु वस्त्र खरीदी,अस्पताल मरम्मत सहित विभिन्न प्रकार से अन्य सामाग्रीयों का फर्जी बिल लगा कर लाखों का भ्रष्टाचार किया गया है, इसकी ईमानदारी से निष्पक्ष जांच होने पर फर्जीवाड़ा होने का खुलासा हो जाएगा, बता दें कि जीवनदीप समितियां अस्पताल की व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए बनाई गई हैं। उसे फंड एकत्रित करने का अधिकार दिया गया है। जीवनदीप की राशि का उपयोग यदि अस्पतालों में इमानदारी पूर्वक किया जाए तो मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो सकता है। लेकिन इस राशि का बंदरबांट किया जा रहा है, हकीकत में मरीजों के हितों को देखकर उनके लिए अत्याधुनिक यंत्र, ब्रांडेड दवा सहित अन्य संसाधन खरीदा जाए तो इसका लाभ मरीजों को मिलेगा लेकिन अस्पताल प्रबंधन इस दिशा में कारगर प्रयास नहीं करते। समिति द्वारा अस्पताल के विकास व मरीजों की सुविधा को लेकर खर्च किए जाने का नियम है। लेकिन बीएमओ और बीपीएम ने इन नियमों को ठेंगा दिखाते हुए लाखों का फर्जी बिल लगा कर राशि गबन किया है, इसकी उच्च स्तरीय जांच कर बिल में दर्शाए गए सामानों का भौतिक सत्यापन किया जाए तो मामले का खुलासा हो जाएगा।


कुरुद 21 अक्टूबर। दीवाली के पूर्व सुवा नृत्य।

## एक नजर

### विजयदशमी पर डोंगरगढ़ नगर में निकला भव्य पथ संचलन



डोंगरगढ़ 21 अक्टूबर। प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ डोंगरगढ़ खंड द्वारा विजया दशमी उत्सव के अवसर पर पथ संचलन निकाला गया जिसमें पूरे खंड एवं नगर से 160 स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में सम्मिलिति हुए जिसमें मुख्य वक्त के रूप में श्री नेमराज जी वर्मा ( सह संपर्क प्रमुख छत्तीसगढ़ प्रांत) का उद्बोधन प्राप्त हुआ साथ ही नगर में विभिन्न स्थानों पर राष्ट्रीय सेविका समिति,अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ,राजपूत समाज,दुर्गा पूजा उत्सव समिति ( बंगाली समाज) ,हनुमान भक्त युवा समिति, गोल बाजार व्यापारी संघ,भारतीय जनता पार्टी,कर्तव्य फाउंडेशन,पाटिल परिवार थाना चौक, महाकाल भक्त समिति, दम्मानी परिवार, सब्जी मंडी व्यापारी संघ एवं अन्य हिन्दू संगठनों द्वारा अलग अलग स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

### 23 अक्टूबर को मुख्यमंत्री साय करेंगे चार दिवसीय राष्ट्रीय किसान मेले एवं कृषि प्रदर्शनी का शुभारंभ

रायपुर, 21 अक्टूबर। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर द्वारा 22 से 25 अक्टूबर, 2024 तक चार दिवसीय एग्री कार्नीवाल - 2024 ''राष्ट्रीय किसान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी'' का आयोजन किया जाएगा जिसका शुभारंभ मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय 23 अक्टूबर को अपरान्ह 03 बजे एग्री कार्नीवाल 2024 ''राष्ट्रीय किसान मेला सह कृषि प्रदर्शनी'' का शुभारंभ करेंगे। समारोह की अध्यक्षता प्रदेश के कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी मंत्री श्री रामविचार नेताम करेंगे। इस अवसर पर सांसद रायपुर श्री बृजमोहन अग्रवाल, विधायक धरसींवा श्री अनुज शर्मा, विधायक रायपुर ग्रामीण श्री मोती लाल साहू एवं इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इस चार दिवसीय एग्री कार्नीवाल - 2024 ''राष्ट्रीय किसान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी'' में राष्ट्रीय स्तर के संस्थानों के प्रतिनिधि, कृषि मशिनरी एवं कृषि उत्पाद निर्माता कम्पनियां, स्टार्टअप्स उद्यमी, कृषक उत्पादक संगठन, महिला स्व-सहायता समूह, विभिन्न कृषि अनुसंधान संस्थान, छत्तीसगढ़ शासन के कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन एवं मत्स्य पालन विभाग, कृषि विज्ञान केन्द्र, कृषि वैज्ञानिक एवं बड़ी संख्या में प्रगतिशील कृषक शामिल होंगे। राष्ट्रीय किसान मेला के दौरान प्रत्येक दिन कृषकों, छात्रों एवं आम नागरिकों को विश्वविद्यालय के अनुसंधान प्रक्षेत्र में उगाई जा रही फसलों एवं कृषि प्रदर्शनी का भ्रमण करवाया जाएगा।

### विधायक ने निर्माण कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन

खुज्जी 21 अक्टूबर। विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रैनूटोला (आमाटोला) विकास खंड अ.चौकी में सामुदायिक भवन के लोकार्पण एवं सामुदायिक भवन (शीतला मंदिर के पास) के भूमिपूजन कार्यक्रम में माननीय लोकप्रिय विधायक श्री भोलाराम साहू जी विधायक खुज्जी के कर कमलों द्वारा सरस्वती माता की विधिवत पूजा अर्चना कर सामुदायिक भवन का लोकार्पण किए।साथ ही ग्राम में स्थापित शीतला मंदिर में दर्शन कर क्षेत्रवासियों के लिए खुशहाली, सुख शांति, समृद्धि की कामना की।विधायक ने लोकार्पण एवं भूमिपूजन करते हुए कहा कि गांव का विकास उनकी प्राथमिकता है इसलिए गांव में मूलभूत सुविधाओं से जुड़े विकास कार्य स्वीकृत करवाए जा रहे हैं। विधायक श्री साहू ने कहा कि यह सामुदायिक भवन स्थानीय लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा जहा सांस्कृतिक,सामाजिक,धार्मिक सहित विभिन्न गतिविधियों में भाग ले सकेंगे. यह भवन न केवल सामाजिक मेलजोल का स्थान होगा बल्कि इसमें शैक्षणिक,संस्कृति और खेल गतिविधियों का भी आयोजन किया जा सकेगा। इस शुभ अवसर पर रितेश मेश्राम उपाध्यक्ष नगर पंचायत अ.चौकी, श्रीमती लीला बाई चन्द्रवंशी, ग्राम सरपंच, उदेराम साहू अध्यक्ष किसान कांग्रेस, परस राम पटेल, ग्राम पटेल, लक्ष्मण मिरी, बाला राम मिरी ग्राम प्रमुख, बलिराम मिरी, सेवक राम चन्द्रवंशी, श्रीमती रोहणी साहू पंच, अमृत बाई, रामकुमारी गंधर्व, घनश्याम चन्द्रवंशी, बिसेसर सिंह मण्डावी, सीताराम साहू, राजकुमार सहारे एवं समस्त ग्रामवासी बड़ी संख्या मे उपस्थित थे।

### सीईओ ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत स्वीकृत निर्माणाधीन आवासों का किया निरीक्षण

**राजनांदगांव 21 अक्टूबर।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने जनपद पंचायत डोंगरगढ़ के ग्राम पेण्ड्री, अन्यानवागांव, खैरा, खुड़मुड़ी में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत स्वीकृत निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण किया। जिला पंचायत सीईओ ने योजनांतर्गत स्वीकृत निर्माणाधीन आवासों के हितग्राहियों से संपर्क कर आवास निर्माण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने हितग्राहियों को आवास निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा कर संपूर्ण किस्त की राशि अतिशीघ्र प्राप्त करने कहा। उन्होंने कहा कि ग्राम में जिन हितग्राही द्वारा आवास निर्माण कार्य सबसे पहले पूर्ण किया जाएगा, उनको सम्मानित किया जाएगा। जिन पर हितग्राहियों ने आवास निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने की बात कही। सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह द्वारा योजना से संबंधित अधिकारियों को हितग्राहियों से समन्वय कर लगातार आवास निर्माण की देखरेख एवं निगरानी करने तथा हितग्राहियों को तकनीकी मार्गदर्शन देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आवास निर्माण कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जनपद पंचायत स्तर के नोडल अधिकारी एवं ग्राम पंचायत स्तर में आवास पूर्णता में विशेष योगदान देने वाले सरपंच, सचिव रोजगार सहायक, महिला स्वसहायता समूह को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत डोंगरगढ़ सुश्री दिव्या ठाकुर, आवास प्रभारी जिला समन्वयक, आवास समन्वयक, वरिष्ठ करारोपण अधिकारी, विकासखंड समन्वयक, क्षेत्र के आवास नोडल अधिकारी, तकनीकी सहायक, सरपंच, सचिव एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# पुलिस ने अपहृता को आरोपी के कब्जे से मुक्त कराया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 21 अक्टूबर।** 10 तिसंबर को प्रार्थी चौकी उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 09.09.2024 को दोपहर लगभग 01ः00 बजे घर के सभी लोग बैंक के काम से यूनियन बैंक सुकुलदैहान गए थे घर मे इनकी नाबालिग बेटी उम्र 17 साल 10 माह थी जिसे घर से कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला- फुसलाकर भगा ले गया है। कि रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 386/24 धारा 137(2), बीएनएस0 कायम कर विवेचना में लिया गया। घटना की जानकारी से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। श्री मान पुलिस अधीक्षक महोदय राजनादगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देशन एवं श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा तथा श्रीमान नगर पुलिस अधीक्षक महोदय श्री पुष्पेंद्र नायक के मार्गदर्शन पर चौकी प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार मन्नाडे के नेतृत्व में प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए तत्काल टीम गठित कर अपहृता एवं अज्ञात आरोपी की पतासाजी हेतू टीम लगातार संभावित स्थानो पर जाकर दाबिस दे रहा थाद्य इसी तारतम्य मे दिनांक 19.10.24 को मुखबीर की सूचना पर आरोपी के घर ग्राम गातापार से आरोपी परमानन्द चंदेल पिता सूबेदास चंदेल उम्र 24 साल निवासी ग्राम गातापार पुलिस चौकी सुकुलदैहान जिला राजनांदगाव के कब्जे से अपहृता को बरामद किया गया। आरोपी द्वारा नाबालिक अपहृता को बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया था और अपहृता का पूर्व से शादी का प्रलोभन देकर लगातार दैहिक शोषण करता रहा जिससे नाबालिक पीड़िता 09 माह की गर्भवती हो गयी आरोपी एवं अपहृता से पूछताछ मेडिकल मुलाहिजा रिपोर्ट एवं विवेचना पर प्रकरण मे धारा 64(2)(ड ) बीएनएसओ, 4,6 पाक्सो एक्ट जोड़ा गया आरोपी द्वारा धारा 137(2),64(2)(ड ) बीएनएस0,4 ,6 पाक्सो एक्ट का घटित करना पाये जाने से आरोपी को दिनांक 20.10.2024 को विधिवत् गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया। जो न्यायालय के आदेश से जिला जेल राजनांदगॉव भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी सुकुलदैहान निरीक्षक राकेश कुमार मन्नाडे ,सउनि चंपेश ठाकुर,प्र.आर. 232 भूपेंद्र देशमुख चालक आर. 1316 अजय जोशी, म.आर. 1516 सरिता नेताम की सराहनीय भूमिका रही।

### चौपाटी के नाम पर चौपट हो रहा बूढ़ा गार्डन -ग्रीन आर्मी ने किया विरोध

**रायपुर 21 अक्टूबर।** पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य कर रही ग्रीन आर्मी बूढ़ा गार्डन को बचाने के लिए सामने आई है। प्रदेश मीडिया प्रभारी शशिकांत यदु ने बताया कि पर्यटन विभाग को चौपाटी के नाम पर तालाबों और धरोहर से खिलवाड़ नहीं करना चाहिए। जहां चौपाटी निर्माण किया जा रहा वहां से बहुत ही नजदीक, दानी गर्ल्स स्कूल है जाहिर सी बात है पालक अपनी बेटियों की सुरक्षा की दृष्टिकोण से गर्ल्स स्कूल में दाखिला करवाते है, ऐसे में चौपाटी के निर्माण से बेटियों की सुरक्षा पर भी सवाल उठते है, चौपाटी की छत से दानी गर्ल्स स्कूल सीधे दिखाई दे रही है। यही नहीं यहां हजारों स्थानीय निवासी से लेकर शहरवासी तक मॉर्निंग वॉक, योगा, एवं स्वास्थ लाभ लेने रोजाना उपस्थित होते है। जिस पाथवे पर चलकर लोग स्वास्थ लाभ ले रहे है, वहां इतनी बड़ी लोहे का स्ट्रक्चर खड़े कर चौपाटी का निर्माण इंसानों के साथ, पंछियों, जीव जंतुओं, से लेकर पर्यावरण के लिए हानि कारक है, साथ ही हमारा धरोहर बूढ़ातालाब केवल एक डस्टबिन बनकर रह जाएगा। संस्था प्रदेश अध्यक्ष अमिताभ दुबे ने कहा बूढ़ा तालाब में चौपाटी निर्माण के लिए संस्था पहले भी विरोध दर्ज करा चुकी है, संस्था वर्ष 2019 में एक व्यक्ति एक धमेला कार सेवा प्रदान कर बूढ़ातालाब को बचाने एवं संवारने हेतु कार्य कर चुकी है, जो शहरवासियों से अछूता नहीं है, ऐसे में पाथवे पर अगर चौपाटी निर्माण का कार्य किया जाता है तो संस्था इसके विरोध में रोड की लड़ाई लड़ेगी।

## समाचार संक्षेप

### ग्राम पंचायत खुज्जी में नवीन स्वीकृत आवास हितग्राहियों को योजना की जानकारी दी



**राजनांदगांव 21 अक्टूबर।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत जनपद पंचायत डोंगरगांव के ग्राम पंचायत खुज्जी में नवीन स्वीकृत आवास हितग्राहियों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह के निर्देशन में जिला पंचायत की टीम द्वारा हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत वित्तीय, तकनीकी, आवास की पात्रता और आवास निर्माण के नियम एवं शर्तों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही अभिसरण के माध्यम से मिलने वाले सुविधाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में हितग्राहियों को आवास स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत डोंगरगांव के उपाध्यक्ष, सीईओ, एडिशनल सीईओ सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, हितग्राही व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### झेरिया धोबी समाज जिला कार्यकारणी की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा



**राजनांदगांव 21 अक्टूबर।** जिला झेरिया धोबी समाज राजनांदगांव की बैठक शांतिपूर्वक चिखली वार्ड नंबर 5 दीनदयाल नगर स्थित जिला सामाजिक भवन में रविवार को संपन्न हुआ है। बैठक के पूर्व भगवान शिव की पूजा अर्चना कर फूल माला चढ़ाया गया तत्पश्चात सामाजिक पदाधिकारियों एवम् कार्यकर्ताओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया है। जिला रजक (धोबी) समाज राजनांदगांव की अध्यक्षता डॉक्टर एल आर निर्मलकर जिला अध्यक्ष राजनांदगांव के सानिध्य में सभी पदाधिकारी एवं परिक्षेत्र अध्यक्ष सचिव तथा सभी स्वजातीय बंधुओ और भाइयों की उपस्थिति में बैठक आहूत की गई। जिला झेरिया धोबी समाज की बैठक में मुख्य रूप से समाज को एकजुट कर सामाजिक विषयों पर चर्चा की गई। वहीं आगामी दिवस पर दीपावली पर्व है जिसके तहत जिला स्तर पर दीपावली मिलन समारोह आयोजित करने पर चर्चा की गई। समाज के जिला अध्यक्ष डॉ. लेखराम निर्मलकार ने कहा कि समाज में एकजुटता बनाए रखें और समस्त परिक्षेत्र सहित जिले में किसी भी तरह की समस्या आए तो जिला अध्यक्ष सहित पदाधिकारियों को उससे अवगत कराए जिससे उसका समाधान किया जा सकेगा। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि समस्त स्वजातिय बंधु समाज से जुड़े एवं सामाजिक गतिविधियों में भाग लेवे जिससे समाज और भी मजबूत बनेगा। उन्होंने कहा कि सामाजिक गतिविधि का मकसद किसी सामाजिक समस्या या ज़रूरत का समाधान करना और सामाजिक प्रभाव पैदा करना होता है। समाज के युवाओं के लिए कहा कि सामाजिक-भावनात्मक शिक्षा से छात्रों को अपनी भावनाओं को समझने और प्रबंधित करने, सकारात्मक संबंध बनाने, और ज़िम्मेदार फ़ैसले लेने में मदद मिलती है। समाज कार्य एक व्यवसायिक सेवा है यह समस्याग्रस्त लोगों को मदद देने का काम करता है। समाज कार्य, समाजिक विज्ञान है और यह वैज्ञानिक और क्रमबद्ध ज्ञान की प्रणालियों पर आधारित है। जिलाध्यक्ष डॉ लेखराम निर्मलकार ने बैठक को सफल बनानें के लिए समस्त परिक्षेत्र सहित जिला पदाधिकारियों को उनके सहयोग और उपस्थिति के लिए धन्यवाद दिया है। बैठक के दौरान जिला अध्यक्ष डॉ. लेखराम निर्मलकर, जिला कोषाध्यक्ष योगेश निर्मलकर, जिला उपाध्यक्ष कैलाश सोनवानी, जिला सचिव रोहित निर्मलकर, गोपीराम रजक रामनाथ निर्मलकर, युवा अध्यक्ष मुकेश निर्मलकर, जिला मीडिया प्रभारी लोकेश रजक, मधु निर्मलकर, अशोक निर्मलकर, नंदकुमार रजक, पंथराम, सुभाष निर्मलकर, देवनाथ राम, सुदर्शन निर्मलकर, गेंदाटोला अध्यक्ष दिलीप निर्मलकर, दीपचंद रजक सचिव गेंदाटोला, सुरेश निर्मलकर टेकहरदी, कृष्ण रजक लाल बहादुर शास्त्री नगर, गरीबा, कमलेश निर्मलकर डोंगरगढ़, कृष्ण रजक डोंगरगढ़, मीना रजक, भारती रजक, लक्ष्मीनाथ रजक, लाल बहादुर नगर, किशन निर्मलकर, शिव निर्मलकर, राजू निर्मलकर खैरागढ़, नील निर्मलकर परिक्षेत्र अध्यक्ष, हरीश निर्मलकर खुटेरी, किशन लाल निर्मलकर पुराना ढाबा, हीरालाल निर्मलकर पुराना ढाबा सहित सामाजिक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। उक्त जानकारी समाज के मीडिया प्रभारी लोकेश रजक ने दी है।

# गुमशुदा युवक का शव पनियाजोब जलाशय में मिला

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़ /बोरतलाव 21 अक्टूबर।** डोंगरगढ़ के करबला चौक के गुमशुदा नौजवान युवक का शव पनियाजोब के जलाशय में मिला. बोरतलाव थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पनियाजोब के जलाशय में 04 दिन बाद युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई. शव पूरी तरह से फूल चुकी थी व मछलियों का शिकार बन रही थी. बताया जाता है कि थॉमस नयगम उर्फ राजा पिता स्व एंथोनी नयगम जो 17 अक्टूबर 2024 सुबह 10 बजे घर से सुरेश इलेक्ट्रॉनिक गोल बाजार में काम पर जा रहा हूं बोल कर निकला था जिसके बाद घर वापस नहीं आया जिसके बाद परिजनों द्वारा पुलिस में गुमशुदगी की सूचना दी गई थी और पुलिस थाने में गुम इंसान कायम किया गया था और घर पर परेशान परिजनों व पुलिस के द्वारा लगातार खोजबीन की जा रही थी ! खोजबीन के दौरान साइबर सेल की मदद से युवक के मोबाईल का अंतिम लोकेशन मिलने पर परिजनों के द्वारा पनियाजोब के जलाशय के उलट के पार जलाशय के अंतिम भाग पर जाकर देखा तो पाया कि युवक का शव पानी में तैर रहा था! जिसकी सूचना पुलिस को दी गई. वहीं प्रत्यक्षदर्शियो की मानें तो युवक नहाने के दौरान गहरे पानी में जाने व युवक को तैरना नहीं आता था इस कारण डूबने से मृत्यु की चर्चा थी. वहीं घटना स्थल से मृतक नौजवान थामस की रेन्जर साइकिल, शर्ट, पैंट, मोबाईल, चप्पल आदि किनारे पर मौजूद मिले. पुलिस ने मामले में शव का पंचनामा कर मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम के लिए डोंगरगढ़ सामुदायिक केंद्र भेजा गया !



# महाराष्ट्र में बनेगी भाजपा की सरकारः रामजी भारती

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 21 अक्टूबर।** नवम्बर मे होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए महाराष्ट्र मे छत्तीसगढ़ के भाजपा नेताओं ने घर घर जा कर पुनः भाजपा की सरकार बनाने दौरा चालू कर दिया है! महाराष्ट्र के मराठ वाडा के सम्भा जी नगर मे प्रदेश भाजपा के महामंत्री श्री रामजी भारती डेरा जमाये है और आज उनके द्वारा ठाकरे नगर, विद्या नगर और यन वन वार्ड मे बूथ प्रभारी की बैठक कर मार्गदर्शन दिए, छत्तीसगढ़ के चुनाव का अनुभव साझा करते हुए सभी को कहा की लाड़की बहिन योजना का प्रचार प्रसार घर घर तक पहुंचे और मतदाता पर्ची का वितरण दो बार घर घर पहुचे साथ साथ युवा और महिला मतदाता को अपने पक्ष मे ज्यादा मतदान करें ऐसी अपील किया, मोदी जी की योजना से लाभार्थी तक घर घर पहुंच प्रधानमंत्री आवास, उज्जवला गैस मुफ्त मे आनाज कोरोना कॉल मे लगे वेक्सीन की चर्चा मतदाताओं के मध्य करते हुए बूथ प्रभारी शक्ति केंद्र प्रभारी की लगातार बैठक कर रहे इस अवसर पर भारती जी के साथ मध्यप्रदेश के प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष श्री श्याम जी महाजन विधानसभा विस्तारक महेश मालतकर,जनपद सदस्य रवि अग्रवाल संजय बोराड़े,चंद्रकांत चुराड़े, विधानसभा महिला मोर्चा प्रभारी वर्षा ताई सालूखे, श्री निवास कुलकर्णी, ओमप्रकाश अग्रवाल सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे!



### स्वच्छताग्राहियों को घर-घर जाकर कचरा संग्रहण करने कहा गया

# जिले के सभी ग्रामों में मनाया गया स्वच्छता त्यौहार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 21 अक्टूबर।** जिले में स्वच्छता के प्रति नागरिकों को जागरूक करने के लिए जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक शनिवार को स्वच्छता त्यौहार का आयोजन किया जा रहा है। स्वच्छता को अपनी आदत में शामिल करने के लिए तथा स्वच्छता के प्रति निरंतरता बनाए रखने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों के लिए साफ-सफाई की जा रही है। इसी कड़ी में ग्रामीण क्षेत्रों में कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह के निर्देशन में ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति व्यवहार परिवर्तन, घर -घर कचरा एकत्रित करने, एसएलडब्ल्यूएम में कचरा का पृथककरण करने का संदेश दिया गया। जनपद पंचायत छुरिया के ग्राम पंचायत खुज्जी में आयोजित स्वच्छता त्यौहार में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, समूह के महिलाएं, स्कूली बच्चों तथा ग्रामीणों ने बढ़-चढ़ के हिस्सा लिया और ग्राम के बाजार चौक सहित अन्य प्रमुख चौक-चौराहों, मुख्य मार्गो की साफ-सफाई की। ग्राम पंचायत द्वारा दुकानदारों से कचरा के व्यवस्थित निपटान हेतु अनुबंध पत्र दिया गया तथा कचरा स्वच्छता दीदी को देने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान उपाध्यक्ष जनपद पंचायत श्री सुयश नाहटा, सीईओ जनपद पंचायत छुरिया श्री नवीन कुमार, एसीईओ श्री होरीलाल साहू, सहायक विकास विस्तार अधिकारी श्री देवेंद्र कुमार, ब्लॉक समन्वयक सुश्री मेघा कुर्रे, ब्लॉक समन्वयक श्री विजय देवांगन सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी समूह के महिलाएं एवं ग्रामीणजनों ने साफ-सफाई की। इसी तरह जनपद पंचायत छुरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत भंडारपुर, कुमरदा, बडगांव, उमरवाही, मासूलकसा, घोरतालाब, बादराटोला एवं अन्य ग्रामों में स्वच्छता त्यौहार मनाया गया। जिसमे स्वच्छाग्राही द्वारा ग्राम की साफ-सफाई की गई। दुकान, ढाबा, हॉटल, ठेला संचालकों से संपर्क कर अपने दुकान के आसपास की नियमित साफ-सफाई रखने एवं स्वच्छता शुल्क देने का आग्रह किया गया। सीईओ जनपद पंचायत छुरिया ने ग्राम पंचायत रंगीटोला में आयोजित स्वच्छता त्यौहार में शामिल होकर स्वच्छाग्राही दीदीयों व ग्रामीणों के साथ मिलकर ग्राम की साफ-सफाई की और ग्रामीणों को स्वच्छता शपथ दिलाई। इसके साथ ही ग्राम पंचायत से लगे राष्ट्रीय राजमार्ग के ढाबा, हॉटल, ठेला संचालकों से संपर्क कर दुकान के आसपास नियमित साफ-सफाई रखने एवं कचरा के लिए डस्टबिन का उपयोग करने तथा ग्राम पंचायत को स्वच्छता शुल्क देने के लिए कहा गया। स्वच्छता अभियान के अंतर्गत जनपद पंचायत राजनांदगांव के ग्राम पंचायत देवादा में स्वच्छता त्यौहार का आयोजन कर गांव की साफ-सफाई की गई। बिहान की महिला समूहों को प्लास्टिक कचरा नहीं जलाने, प्लास्टिक झिल्ली, पाउच से खाली प्लास्टिक बॉटल में पॉलीथिन भरकर ईको ब्रिक्स बनाने कहा गया। स्वच्छताग्राहियों को घर-घर जाकर कचरा संग्रहण करने कहा गया तथा गांव को स्वच्छ रखने के लिए समूह की महिलाओं एवं ग्रामीणों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गयी। अनुबंध करने वाले ढाबा संचालकों और दुकानदारों का तिलक लगाकर एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। स्वच्छताग्राही को कचरा नहीं देने वाले ढाबा संचालक एवं दुकानदारों को अनुबंध करने एवं कचरा बाहर नहीं फेकने तथा स्वच्छताग्राही को ही कचरा देने निर्देश दिया गया।

संपादकीय

# उपचुनाव में भाजपा ने कांग्रेस से बढ़त ली

उपचुनाव की तारीख की घोषणा होने के बाद राजधानी में लोग इस बात का इंतजार कर रहे थे कि यहां के कांग्रेस व भाजपा किसे प्रत्याशी बनाते हैं। दोनों तरफ के कई दिनों से कई लोगों के नामों पर चर्चा हो रही थी। पर किसी को पता नहीं थी कि रायपुर दक्षिण से भाजपा प्रत्याशी किसे बनाएगी,माना जा रहा था कि जिसे बृजमोहन अग्रवाल पसंद करेंगे उसे ही भाजपा का प्रत्याशी बनाया जाएगा। शनिवार के पूर्व सांसद व दो बार के महापौर सुनील सोनी को भाजपा ने प्रत्याशी घोषित कर दिया है। कांग्रेस ने अपना प्रत्याशी अभी तक घोषित नहीं किया है। इससे उपचुनाव में पहली बढ़त तो भाजपा ने ले ली है। इसका फायदा भी भाजपा के मिलेगा। हर कदम पर अब भाजपा प्रत्याशी कांग्रेस प्रत्याशी से आगे रहेगा। वह अपना प्रचार भी पहले शुरू करेगा। कांग्रेस ने प्रत्याशी चयन में इसलिए देरी की है कि क्योंकि वह भाजपा प्रत्याशी के सामने आने का इंतजार कर रही थी ताकि वह उस प्रत्याशी के हिसाब से अपना प्रत्याशी खड़ा कर सके। माना जा रहा है कि कांग्रेस ब्राम्हण प्रत्याशी पर दांव लगा सकती है, क्योंकि रायपुर दक्षिण विधानसभा में वोटों के हिसाब से देखा जाए तो ब्राम्हण मतदाता बड़ी संख्या में है। ऐसा तो कांग्रेस पहले भी कर चुकी है लेकिन उसका कोई फायदा उसको नहीं हुआ है। रायपुर से दक्षिण से कांग्रेस ने किसी को भी प्रत्याशी बनाया है तो वह बृजमोहन से हारा है यानी यहां से भाजपा अपराजेय रही है। कांग्रेस के लिए इस सीट को जीतना प्रतिष्ठा का प्रश्न रहा है लेकिन वह कई बार प्रयास करके भी जीत नहीं सकी है। इस सीट के बारे में मान्यता है कि यहां से जो भी बृजमोहन अग्रवाल के खिलाफ चुनाव लड़ा है, उसका राजनीतिक भविष्य चौपट हो गया है यानी राजनीति में आगे नहीं बढ़ सका है। इसलिए इस सीट से कांग्रेस के बड़े नेता तक चुनाव लड़ने से मना करते रहे हैं कि हारने से उनकी प्रतिष्ठा प्रभावित होगी। पिछले लोकसभा चुनाव में यहां से विधायक बृजमोहन अग्रवाल को संसद का चुनाव रायपुर से लड़ने को कहा गया तो वह सहर्ष तैयार हो गए। चुनाव लड़े और जीते भी। माना जाता है कि इसी तरह रायपुर लोकसभा सीट से भूपेश बघेल को चुनाव लड़ने का आफर दिया गया था लेकिन उन्होंने रायपुर लोकसभा से चुनाव लड़ने से मना कर दिया था और राजनांदगांव लोकसभा सीट से चुनाव लड़ना पसंद किया था और वहां से भी चुनाव हार गए थे। आमतौर पर माना जाता है कि उपचुनाव तो जीतता वहीं है राज्य में जिसकी सरकार होती है। भूपेश बघेल के वक्त राज्य में जितने भी उपचुनाव हुए थे, सब कांग्रेस ने जीते थे। इस आधार पर माना जा रहा है कि रायपुर से सुनील सोनी को प्रत्याशी बनाए जाने पर भी यहां से जीत तो भाजपा की ही होगी क्योंकि अभी राज्य में सरकार है और वह अच्छा काम कर रही है। उसने विधानसभा चुनाव में जो भी वादे किए थे सभी प्रमुख वादे पूरे कर दिए हैं। 70 लाख से अधिक महिलाओं को हर माह एक हजार सरकार निरंतर दे रही है। किसानों, मजदूरो, आदिवासियों से जो वादा किया वह भी पूरा किया जा रहा है। सरकार कहीं से भी फेल नहीं है। सरकार हर क्षेत्र में सफल है, खासकर नक्सलियों के सफाए के मामले में वह बहुत ही अच्छा काम कर रही है। इस एक बड़े सफल काम के कारण किसी क्षेत्र में थोड़ी बहुत असफल भी है तो वह असफलता इस बड़ी सफलता की आड़ में छिप जाती है। लोगों को कही से नहीं लगता है कि सरकार किसी क्षेत्र में बुरी तरह असफल है। साय के समय बलौदाबाजार,कवर्धा, सूरजपुर जैसे कुछ बड़े मामले सामने आए हैं,इन्हें उठाकर कांग्रेस साय सरकार को कानून व्यवस्था के मामले फेल बताने का प्रयास कर रही है लेकिन वह सफल नहीं है क्योंकि जवाब में भाजपा की तरफ से प्रचार किया जा रहा है कि जिन मामलों कांग्रेस उटा रही है वह तो प्रायोजित मामले हैं यानी उनको प्रायोजित किया गया है ताकि राज्य सरकार को कानून व्यवस्था के मामले फेल बताया जा सके। बलौदाबाजार मामले में तो कांग्रेस नेता सहित कई लोगों को गिरफ्तार किया गया है, इसी तरह कवर्धा मामला भी कोई बड़ा मामला नहीं था लेकिन आगजनी कर उसको बड़ा बना दिया गया। सूरजपुर का मामला भी हत्या का मामला था लेकिन यहां भी आगजनी कर मामले को और बड़ा बनाने का प्रयास किया गया। तीनों ही मामलों को आगजनी पर बड़ा बनाने का प्रयास किया है इससे लोगों को संदेह होता है कि इसके पीछे वही लोग हैं जो सरकार को कानून व्यवस्था के मामले में फेल बताना चाहते हैं। रायपुर दक्षिण का उपचुनाव कांग्रेस के लिए अच्छा मौका है इस मुद्दे को लेकर जनता के बीच जाए और वोट मांगे उसे पता चल जाएगा कि जनता क्या मानती है। जनता साय सरकार को फेल मानती है तो वह कांग्रेस प्रत्याशी को जिताए,यदि साय सरकार को फेल नहीं मानती हैं तो वह भाजपा प्रत्याशी को चुनाव में जिताएगी। जहां तक सवाल है कि सुनील सोनी को प्रत्याशी क्यों बनाया गया को इसकी वजह तो यही हो सकती है, वह बृजमोहन की पंसद हो,वह एक बार सांसद व दो बार महापौर रह चुके हैं यानी रायपुर क्षेत्र के लिए वह नए नहीं हैं। उनको सांसद प्रत्याशी नहीं बनाया गया तो विधानसभा में प्रत्याशी बनाकर विधायक बनने का एक और मौका दिया है।

विश्लेषण

तनवीर जाफरी

# देश को साम्प्रदायिकता की आग में झोंकते कुंठाग्रस्त लोगों के विमर्श



भारतीय मीडिया विशेषकर इलेक्ट्रानिक मीडिया इन दिनों जितने निम्नस्तर पर जाकर अपने दर्शकों को उकसा और वरगला कर उनमें धार्मिक उन्माद व नफरत पैदा कर रहा है वैसा पहले कभी नहीं देखा गया। ऐसा लगता है कि पिछले दस वर्षों से मीडिया को देश में नफरत फैलाने और साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण करने की खुली छूट मिली हुई है। झूठी खबरें प्रसारित करना,टी वी एंकर्स द्वारा झूठे ट्वीट करना फिर अपने उसी ट्वीट को डिलीट कर देना,अपनी विचारधारा से मेल न खाने वाले टी वी वार्ता के पैनल्स के सदस्यों को अपमानित करना,उनके साथ गली गलोच करना और यदि वह मुसलमान है तो उसे सीधे तौर पर मुल्ले ,कटुवे या आतंकवादी,पाकिस्तानी,जिहादी आदि कुछ भी कहकर संबोधित करना बिल्कुल आम बात होती जा रही है। नफरती संस्कारों में परवरिश पाने वाले यह लोग अपने अपनी उम्र व अपनी पारिवारिक पृष्ठभूमि देखे बिना कभी किसी उच्चाधिकारी को अपमानित कर बैठते हैं तो कभी भारत के मुख्य न्यायाधीश तक के प्रति ऐसे अपशब्द अपने मुंह से निकालते हैं जिनकी कल्पना भी नहीं की जा सकती।

पिछले दिनों उत्तर प्रदेश के बहराइच में महराजगंज क्षेत्र में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान साम्प्रदायिक हिंसा भड़क उठी थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्गा प्रतिमा विसर्जन में शामिल सैकड़ों लोग मुस्लिम बाहुल्य इलाके से डी जे पर तेज आवाज में कुछ आपत्तिजनक गाने बजाते हुये गुजर रहे थे। हालांकि उत्तर प्रदेश सरकार ने जुलूसों में डी जे के प्रयोग पर पाबन्दी लगा रखी है। उसके बावजूद डी जे पर तेज आवाज में धर्म विशेष को अपमानित करने वाले गाने बजाये जा रहे थे। खबर है कि मुसलमानों की तरफ से कुछ लोगों ने डी जे बंद करवाने के लिये कहा परन्तु भीड़ ने डी जे तो बंद नहीं किया परन्तु उग्र जरूर हो गयी। इसके बाद मुसलमानों के घरों को निशाना बनाते हुये तोड़फोड़ व आगजनी शुरू होगयी। इसी बीच राम गोपाल मिश्रा नामक एक गरीब नव विवाहित युवक जो भंडारों में लंगर बनाने का काम करता है वह आवेश में एक मुस्लिम व्यक्ति के घर की छत पर चढ़ गया। उसने छत पर इस्लामी प्रतीक के रूप में लगे झंडे को गिराने की कोशिश की जिससे झंडे के साथ ही छत की रेलिंग भी टूट गई। इसके बाद आक्रोशित मुसलमानों की तरफ से गोलीबारी हुई जिसमें राम गोपाल मिश्रा की गोलियां लगने से मौत हो गयी।

डी जे पर तेज आवाज में आपत्तिजनक गाने बजना, राम गोपाल मिश्रा का आवेश में आकर किसी मुस्लिम व्यक्ति के घर की छत पर चढ़ना, इस्लामी प्रतीक झंडे को गिराना,हिंसा के लिये भीड़ को उकसाना आदि सब कुछ गैर कानूनी तो जरूर है,परन्तु इनका जवाब गोलीबारी करना या किसी की हत्या कर देना हरगिज नहीं। यह हत्या भी उतनी ही निंदनीय है जितना कि भीड़ द्वारा धर्म विशेष के लोगों को हिंसा के लिये उकसाया जाना। परन्तु बहराइच की इस हिंसा के बाद जो नफरत पूर्ण भूमिका टी वी चैनल्स व इन के नफरती ऐंकर्स यहाँ तक कि इस विषय पर आयोजित परिचर्चा में भाग लेने वाले पक्षपाती पैनल्स द्वारा अदा की गयी उसे देखकर साफ अंदाजा लगाया जा सकता है कि स्वयं को मुख्य धारा का मीडिया बताने वाला यह नेटवर्क दरअसल देश में अमन शांति व सद्भाव का पैरोकार नहीं बल्कि देश को नफरत व हिंसा की आग में झोंकने के लिये दिन रात एक किये हुए है। सबसे बड़ा नफरती खेल इस गैर जिम्मेदार मीडिया व सोशल मीडिया द्वारा राम गोपाल मिश्रा की मौत के बाद आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट को लेकर खेला गया जिससे कि जलती आग में और घी डाला जा सके और दंगों को पूरे प्रदेश व देश में फैलाया जा सके। विस्तृत पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बताया गया है कि राम गोपाल के शरीर में कई छर्रे लगे जिससे अत्यधिक रक्तस्राव हुआ जिसके चलते उसकी मृत्यु हो गयी। परन्तु मीडिया चीखता चिल्लाता रहा कि मृतक राम गोपाल पर तलवारों से हमला किया गया,उसके नाखून खींचे गये,उसे करंट लगाया गया उसकी लाश के साथ बर्बरता की गयी,आदि।

जाहिर है उत्तेजना पूर्ण माहौल में इसतरह की अफवाह भरी खबरें जलती आग में घी डालने का ही काम करेंगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद नफरती व्यवसाय में लगे कई पत्रकार सी एम ओ व पोस्टमार्टम करने वाले अन्य डॉक्टर्स से भी मिले तथा उनके मुंह से यह कहलवाने की कोशिश की कि क्या पैरों के नाखून खींचे गये ? क्या मृतक शरीर के साथ बर्बरता की गई ? परन्तु कोई भी डॉक्टर इन नफरती रिपोर्टर्स के झांसे में नहीं आया। और सब ने एक ही बात कही कि मृतक के शरीर में कई छर्रे लगे जिससे अत्यधिक रक्तस्राव हुआ जिसके चलते उसकी मृत्यु हो गयी। आखिरकार इन अफवाहों के बाद बहराइच पुलिस को स्वयं सामने आना पड़ा और पोस्टमार्टम रिपोर्ट की सच्चाई को अपने एक्स हैंडल से जारी करते हुये अफवाहों से दूर रहने व भ्रामक सूचनाओं को प्रसारित न करने की अपील करनी पड़ी।




एक टी वी चैनल पर इसी विषय पर आधारित एक परिचर्चा में उत्तर प्रदेश के पूर्व ए डी जी पी विभूति नारायण राय जब अपने जीवन के लगभग चार दशक के आई पी एस के रूप में अपनी सेवा के अनुभव के अनुसार अपनी बात कह रहे थे उसी समय भाजपा का एक प्रवक्ता साफ तौर पर यह कहता सुनाई दिया कि मैं धर्मनिरपेक्ष नहीं हूँ बल्कि मैं केवल हिन्दू हूँ। उसके बाद उसने विभूति नारायण राय के प्रति भी अपशब्दों का इस्तेमाल किया जबकि वह प्रवक्ता शायद उम्र के मामले में राय साहब की उम्र से आधा भी नहीं होगा। स्वयं को सुप्रीम कोर्ट का वकील बताने वाला परिचर्चा का वही प्रतिभागी एक मुस्लिम राजनैतिक विश्लेषक को सरेआम मुल्ले,आतंकवादी कहकर व गंदी गालियां देकर बुला रहा था। अफवाह,साम्प्रदायिक तनाव व सनसनी फैलाने की गोया इन एंकर्स व प्रवक्ताओं को पूरी ट्रेनिंग हासिल है।वैसे भी कई राजनैतिक विश्लेषकों का मत है कि चूंकि उत्तर प्रदेश में अगले कुछ दिनों में 10 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होने जा रहे हैं इसीलिये साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण के लिये ही कुंठाग्रस्त लोग अपने कटु विमर्श के द्वारा देश की फिजा खराब करने में जुटे हुये हैं।

## आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। नौकरी में कार्यरत लोगों को किसी दूसरी नौकरी का ऑफर आने से वह उसे तुरंत ज्वाइन कर सकते हैं। जीवनसाथी से यदि कोई मनमुटाव चल रहा था, तो वह भी बातचीत के जरिए दूर होगा। कार्यक्षेत्र में कामों में कोई गड़बड़ी हो सकती हैं। मामा पक्ष से आपको धन लाभ मिलेगा।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए अच्छे निवेश को करने के लिए रहेगा। आप अपनी संतान के करियर को लेकर कुछ बड़ा प्लान कर सकते हैं। किसी सहयोगी की कोई बात आपको बुरी लग सकती है। आप अपने जीवनसाथी से किए हुए वादे को पूरा करें, नहीं तो वह आपसे नाराज हो सकते हैं। भाई व बहनों से संपत्ति को लेकर कोई वाद-विवाद छिड़ सकता है, जिससे रिश्तों में दूरियां आ सकती हैं। आपको अपनी किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आप किसी काम के सिलसिले में यात्रा पर जा सकते हैं। आपको अपने पिताजी की कोई बात बुरी लग सकती है। आप जिस भी काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी। यदि आपने किसी से मांग कर वाहन चलाया, तो वह आपके लिए समस्या बन सकता है। आप अपने परिवार के साथ किसी सामाजिक कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। आपको बिजनेस को लेकर योजना बनाकर चलना होगा।

कर्क- आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में बेहतर रहने वाला है। किसी नई संपत्ति की खरीदारी की इच्छा आपकी पूरी हो सकती है। आप जिस भी काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी। व्यापार में कोई तकनीकी खराबी होने के कारण कामों में कुछ रुकावटें आएंगी। नौकरीपेशा लोगों को थोड़ा संभल कर चलने की आवश्यकता है, क्योंकि उन्हें कोई समस्या हो सकती है। ससुराल पक्ष से आपको धन लाभ मिलता दिख रहा है।

सिंह- आज बिजनेस में आपको अच्छा इन्वेस्टमेंट करने का मौका मिलेगा, जिससे आपको इनकम को बढ़ाने का भी मौका मिलेगा। यदि आप किसी शारीरिक कष्ट को लेकर परेशान चल रहे थे, तो वह भी दूर होता दिख रहा है। नौकरी में कार्यरत लोग यदि किसी दूसरी नौकरी के लिए अप्लाई कर रहे थे, तो उन्हें वह भी मिल सकती है। आपकी किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मुलाकात होगी। परिवार के सदस्यों में कोई वाद विवाद हो सकता है।

कन्या- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा। आपकी यश व कीर्ति बढ़ेगी। रोजगार को लेकर परेशान चल रहे लोगों को कुछ समय और परेशान होना होगा, उसके बाद ही राहत मिलेगी। आप किसी से मांग कर वाहन न चलाएं, नहीं तो कोई दुर्घटना होने की संभावना है। आपका कोई लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा हो सकता है। आप अपनी जिम्मेदारियां को कल पर टालने की कोशिश न करें। पारिवारिक समस्याओं से आपको काफी हद तक राहत मिलेगी।

तुला- आज का दिन आपके लिए धन संबंधित मामलों में बेहतर रहने वाला है। आपकी इनकम के सोर्स बढ़ेंगे, जो आपको खुशी देंगे। आपको एक से अधिक स्त्रोतों से इनकम प्राप्त होगी। यदि आपका कोई धन कहीं फंसा हुआ था, तो उसके वापस मिलने की संभावना है। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। बिजनेस कर रहे लोगों को अच्छा लाभ मिलने की संभावना है। आपके शत्रु भी आपके कामों में रोड़ा अटकाने की कोशिश करेंगे। आपकी पद व प्रतिष्ठा बढ़ सकती है।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए बिजनेस के मामले में अच्छा रहने वाला है। आपको अपने कामों पर ध्यान देने की आवश्यकता है। आपको कहीं घूमने फिरने जाने का मौका मिलेगा। आपका कोई लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा हो सकता है। नौकरी में कार्यरत लोगों को अपने सहकर्मियों से कोई भी बात सोच समझ कर बोलनी होगी। आपका कोई शत्रु आपके बॉस से चुगली लगा सकता है।

धनु- आज का दिन आपके लिए सेहत के लिहाज से अच्छा रहने वाला है। आपको यदि कोई शारीरिक समस्या चल रही था, तो वह भी काफी हद तक दूर होगी। परिवार के सदस्यों के साथ आप किसी सरप्राइज पार्टी का आयोजन कर सकते हैं, क्योंकि किसी सदस्य को कोई पुरस्कार मिलने से माहौल खुशनुमा रहेगा। माताजी आपको कोई जरूरी जिम्मेदारी दें सकती हैं, जिसे आप पूरा अवश्य करें। आपको अपने कामों को लेकर योजना बनाकर चलने की आवश्यकता है। किसी के मामले में आप बेवजह ना बोले, नहीं तो इससे आपका लड़ाई झगड़ा होने की संभावना है।

मकर- आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। नौकरी में कार्यरत लोगों को अपने भाइयों का पूरा सहयोग मिलेगा। यदि आपने पहले कुछ कर्ज ले रखा था, तो उसे भी आप काफी हद तक उतार देंगे। आपके बॉस आपके कामों से खुश रहेंगे, जो आपको प्रमोशन दे सकते हैं। सेहत को लेकर आपको टेंशन रहेगी। आप अपने बिजनेस में कोई बड़ा इन्वेस्टमेंट कर सकते हैं। भाई व बहनों का आपको पूरा साथ मिलेगा। माता-पिता के आशीर्वाद से आपको कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई टेंशन बनी रहेगी।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने के लिए रहेगा, क्योंकि आपको काम अधिक रहने के कारण पैरों में समस्या होने की संभावना है। आपको किसी धन संबंधित समस्या को लेकर अपने पिताजी से बातचीत करनी होगी। आपका बिजनेस पहले से बेहतर चलेगा। आपके किसी मित्र की सलाह आपके खूब काम आएगी।

मीन- आज का दिन आपके लिए वाणी और व्यवहार पर संयम रखने के लिए रहेगा। आपको अपने कामों में एकाग्र होकर जुटना होगा। अपने ज्ञान को आप इधर-उधर ना लगाएं, नहीं तो कोई गड़बड़ी होने की संभावना है। आपके परिवार में किसी सदस्य को सरकारी नौकरी मिलने से माहौल खुशनुमा रहेगा। बिजनेस में भी आपको अच्छा उछाल देखने को मिलेगा, जिससे आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। यदि आपको अपनी पारिवारिक समस्याओं को लेकर कोई टेंशन चल रही थी, तो वह भी काफी हद तक कम होगी।

# वैश्विक जलचक्र असंतुलन से जुड़ी चुनौतियां की गंभीरता

ललित गर्ग



असंतुलित जलचक्र के कारण समूची दुनिया के समुख पानी एक बड़ी गंभीर एवं चुनौतीपूर्ण समस्या बन रही है। पृथ्वी के चारों ओर पानी के घूमने की प्रणाली को जल-चक्र कहा जाता है, जीवन को संचालित करने के लिए जिसका सुचारु होना आवश्यक होता है। पूरी दुनिया में पीने के पानी की भारी समस्या है और उसके अधिक विकराल होने की संभावनाओं की चेतावनी लम्बे समय से दिये जाने के बावजूद हम नहीं चेत रहे हैं। पानी के दुरुपयोग, जल संसाधनों के कुप्रबंधन, बदलते जलवायु, भूमि के बढ़ते उपयोग और वन क्षेत्रों में कटौती ने समूचे जल-चक्र को असंतुलित कर दिया है। कहते हैं कि पानी की असल अहमियत वही शख्स समझता है, जो तपते रेगिस्तान में एक बूंद पानी की खोज के लिए मीलों भटका हो। वह शख्स पानी की कीमत क्या जाने, जो नदी के किनारे रहता है। भारत के कई राज्यों में पीने के पानी की भारी समस्या है और उसके अधिक विकराल होने की संभावनाएं व्यक्त की जा रही है। नीति आयोग ने अपनी एक रिपोर्ट में अगले ही साल 21 शहरों में भूजल खत्म होने की आशंका व्यक्त करते हुए एक बार फिर चेताया है। नीति आयोग की रिपोर्ट बड़े खतरे का संकेत दे रही है। अब जलचक्र के असंतुलित होने का असर भारत पर भी पड़ना निश्चित है। इसलिये भारत में जल-समस्या जीवन-संकट बन सकती है। भारत में पुराने जमाने में तालाब, बावड़ी और नलकूप थे, तो आजादी के बाद बांध और नहरें बनाईं। वक्त के बदलने के साथ-साथ सोच भी बदली, अति भोगवाद, सुविधावाद बढ़ा तो प्रकृति एवं पर्यावरण के प्रति उपेक्षा भी घनघोर होती गयी। संयम का सूत्र छूट गया। आधुनिक सभ्यता की सबसे बड़ी मुश्किल यही है कि वह प्रकृति में निहित संदेश को हम सुन नहीं पा रहे हैं। जलसंकट पूरी मानव जाति को ऐसे कोने में धकेल रही है, जहां से लौटना मुश्किल हो गया है। समय-समय पर प्रकृति चेतावनियां देती है पर आधुनिकता के कोलाहल में हम बहरा गये हैं। आज देश का कोना-कोना जल समस्या से ग्रस्त है। वर्ष 2018 में कर्नाटक ने अभूतपूर्व बाढ़ देखी थी, किंतु अब 2019 में उसके 176 में से 156 तालुके सूखाग्रस्त घोषित हो चुके हैं। महाराष्ट्र, बिहार, उत्तरप्रदेश, झारखंड, राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ भयंकर जल समस्या का सामना कर रहे हैं।

विश्लेषकों द्वारा तृतीय विश्वयुद्ध की आशंका पानी के लिए व्यक्त की जाती रही है। निकट भविष्य में पानी का प्रयोग अस्त्र रूप में भी संभावित है। कुछ समय पहले पाकिस्तान से तनाव हो जाने पर भारत द्वारा सिंधु नदी के प्रवाह को रोक कर पानी की उपलब्धता बाधित करने की चेतावनी दी गई थी। जबकि देश में ही पानी की अनुपलब्धता की समस्या पूरे राष्ट्र में पिछले 10-15 साल से चल रही है। इसके मूल में नियमित रूप से वर्षा का न होना तथा सूखा पड़ते रहना तथा सरकार की गलत नीतियां भी हैं। पानी की उपलब्धता की स्थिति को देखते हुए यह लगने लगा है कि विश्वयुद्ध हो या न हो, पर हर गली- मोहल्ले में, शहर -शहर में, गांव- गांव में पानी के लिए 10-15 वर्ष में ही युद्ध होंगे और भाईचारे के साथ रह रहे पड़ोसी पानी के लिए आपस में लड़ेंगे। भारत सहित दुनिया के अधिकांश देश जल-समस्या से पीड़ित है। पृथ्वी पर तीन अरब लोग पहले से जल संकट का सामना कर रहे हैं। अब जल-चक्र असंतुलन से न जाने और कितने लोग संकट में आ जाएंगे। बड़ी चिंता यह भी कि इससे दुनिया की जीडीपी को आठ से पंद्रह प्रतिशत तक नुकसान हो जाएगा। दरअसल, प्रकृति की उपेक्षा के साथ-साथ सिर्फ अपना लाभ देखने की दुष्प्रवृत्ति ही इस स्थिति के लिए जिम्मेदार है। जल की बबार्दी, वन क्षेत्रों का खात्मा, पेड़-पौधों का लगातार काटना, ओजोन परत को नुकसान, ग्लोबल वार्मिंग, जलवायु संकट और इन सब के कारण अंततः जीव-जंतुओं के अस्तित्व पर ही आती आंच के रूप में इसके दुष्परिणाम सामने है। एक तथ्य यह भी है कि इन दुष्परिणामों की चिंता तो खूब होती रही है, लेकिन सरकारें एवं आमजन इस समस्या के प्रति उतना गंभीर नहीं है, जितनी अपेक्षा है। देश के जो क्षेत्र जल संकट की भयावह स्थिति का सामना कर रहे हैं, उन क्षेत्रों में एक घड़े पानी की कीमत व्यक्ति या मनुष्य के जीवन से अधिक है। वहां गर्मी में तो महिलाएं प्रातःकाल से ही जल की व्यवस्था में जुट जाती हैं। बदलते जलवायु परिवर्तन का आलम यह है कि देश में जहां सूखा पड़ता था, अब वहां बाढ़ आ रही है। चरम जलवायु घटनाओं का स्वरूप बदल रहा है। जल चक्र पर भी इसका असर पड़ रहा है। बीते समय में चरम घटनाओं और प्राकृतिक आपदाओं में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। इन्हीं घटनाओं से होने वाले नुकसान को कम करने और इसका मुकाबला करने के लिए मोदी सरकार ने मिशन मौसम शुरू किया है। ह्यमिशन मौसमह्न के तहत सरकार टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करके मौसम की भविष्यवाणी को बेहतर बनाने का काम करेगी। हर साल चक्रवात, बाढ़, सूखा और हीटवेव जैसे जलवायु परिवर्तन से उपजी आपदाओं के चलते करीब 10,000 लोगों की मौत हो जाती है। ह्यमिशन मौसमह्न की अहमियत का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि मौसम की सटीक भविष्यवाणी से इनमें से कई लोगों की जान बचाई जा सकती है। सरकार ने ह्यमिशन मौसमह्न के लिए 2,000 करोड़ रुपए का बजट रखा है। इतना ही नहीं ये सरकार को आपदा के आने से पहले तैयार होने और उसके बाद जनजीवन को जल्द से जल्द सुचारु करने में भी मदद करेगा। मिशन ह्लमौसम प्रबंधनह्ल तकनीकों का पता लगाएगा और इसमें कृत्रिम रूप से बादलों को विकसित करने के लिए एक प्रयोगशाला बनाना, रडार की संख्या में 150 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि करना और नए उपग्रह, सुपर कंप्यूटर और बहुत कुछ जोड़ना शामिल है। भारतीय मौसम वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि अगले पांच सालों में उनके पास इतनी विशेषज्ञता होगी कि वे न केवल बारिश को बढ़ा सकेंगे बल्कि कुछ क्षेत्रों में ओलों और बिजली के साथ-साथ इसे भी रोक सकेंगे। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर जलचक्र के असंतुलित होने से उत्पन्न समस्याओं को लेकर भी आवाज बुलंद होती रही हैं, पर जैसे हालात बनते जा रहे हैं इन चिंताओं का असर ढाक के तीन पात जैसा ही है। इससे भी गंभीर बात यह कि जल-चक्र बिगड़ने से दुनिया का आधा खाद्य उत्पादन ही खतरे में आ गया है। तब उन देशों का क्या होगा, जो पहले से खाद्यान्न संकट को झेल रहे हैं। जाहिर है, संकट में शामिल देशों की सूची बढ़ती ही जाएगी। कहना न होगा कि अब भी नहीं संभले और विकास का वैकल्पिक रास्ता नहीं खोजा, तो भयावह स्थिति को कोई नहीं रोक सकता। जलचक्र के असंतुलन की स्थिति का आकलन कोरी कल्पना पर आधारित नहीं है। विशेषज्ञों के समूह ह्यग्लोबल कमीशन ऑन द इकोनॉमिक्स ऑफ वॉटरह्न ने तथ्यों और परिस्थितियों के गहन वैज्ञानिक अनुसंधानों और विश्लेषणों के माध्यम से भयावह हालात की ओर आगाह किया है। हालात चिंताजनक इसलिए हुए हैं क्योंकि सभी संसाधनों के क्षरण की गति बेतहाशा बढ़ गई है। समस्या न केवल वैश्विक है बल्कि एक-दूसरे से जुड़ी हुई है, इसलिए वैश्विक स्तर के प्रयासों से ही जल-चक्र के असंतुलन से उत्पन्न परिस्थितियों के समाधान की राह तलाशनी होगी।



नीति आयोग के एक ताजा सर्वे के अनुसार भारत में 60 करोड़ आबादी भीषण जल संकट का सामना कर रही है। अपर्याप्त और प्रदूषित जल के उपभोग से भारत में हर साल 2 लाख लोगों की मौत हो जाती है। यूनिसेफ द्वारा उपलब्ध कराए गए विवरण के अनुसार भारत में दिल्ली और मुंबई जैसे महानगर जिस प्रकार पेयजल संकट का सामना कर रहे हैं, उससे लगता है कि 2030 तक भारत के 21 महानगरों का जल पूरी तरह से समाप्त हो जाएगा और वहां पानी अन्य शहरों से लाकर उपलब्ध कराना होगा। जल से जुड़ी चुनौतियां एवं जलचक्र के असंतुलित होने की स्थितियों को स्वीकार कर हम भारतीयों को संकल्पित होना होगा इन चुनौतियों एवं समस्याओं से जूझने के लिये।

व्यंग्य

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त

# मजे-मजे में..

बाजार के एक कोने में, भीड़ भरी चाय की दुकान पर बंटी और चिंटू बैठे हुए थे। बंटी हमेशा की तरह अपनी चाय में चीनी डालकर उसे हल्का मीठा करने की कोशिश कर रहा था, जबकि चिंटू उसकी हरकतों का मजाक उड़ाता रहा। दोनों की दोस्ती में एक अद्भुत संतुलन था—बंटी हमेशा सकारात्मक और चिंटू हमेशा नकारात्मक। यार, तूने सुना? मिस्त्री शर्मा का बेटा एक बार फिर फेल हो गया, चिंटू ने चुटकी लेते हुए कहा। अरे, क्या हुआ? यह तो सामान्य बात है। सबको अपने-अपने तरीके से सीखने का मौका मिलता है, बंटी ने जवाब दिया। परंतु, उसे तो अपनी हरकतों पर शर्म आनी चाहिए। उसके पिताजी ने कितनी मेहनत की है! चिंटू ने थूकने वाले भाव से कहा।देख, निंदा करने में कुछ खास बात होती है। इससे दिल का भार हल्का होता है। यह एक प्रकार का टॉनिक है, बंटी ने चाय की चुस्की लेते हुए कहा।

चिंटू ने अपनी आँखें खोलते हुए कहा, क्या मतलब? तुझे नहीं लगता कि निंदा करना गलत है?

गलत या सही का क्या? निंदा से मांसपेशियों का विकास होता है। यह एक प्रकार का स्वास्थ्यवर्धक पेय है, जो पीने से न सिर्फ मन हल्का होता है, बल्कि शरीर भी पुष्ट होता है। और हां, निंदा करने से हमें सभी प्रकार के विटामिन और प्रोटीन मिलते हैं। तू सोचता है कि संत लोग क्यों खुद की निंदा करते हैं?परनिंदा नहीं करनी चाहिए, बंटी। संत तो खुद को सुधारने के लिए साधना करते हैं, न कि दूसरों के दोष निकालने के लिए, चिंटू ने चुटकी ली। अरे, तू नहीं समझेगा। संतों का आत्मग्लानि का यह प्रदर्शन दरअसल एक उत्कृष्ट निंदा का प्रदर्शन है। वो अपने स्वास्थ्य के लिए ऐसा करते हैं। जैसे ह्यमौसम कौन कुटिल खल कामीह्न कहना वास्तव में उनके लिए एक टॉनिक है। यही तो संतों की असली कला है! बंटी ने गंभीरता से कहा। चिंटू ने तंज करते हुए कहा, अगर संत इसे करते हैं, तो हम क्यों नहीं कर सकते? आखिरकार, हमारा भी तो कुछ बड़ा होना चाहिए। चल, चलकर मिस्त्री शर्मा के बारे में थोड़ी और बात करते हैं। हमें उसकी विफलता से कुछ मजा आ रहा है! दोनों ने एक साथ मिस्त्री शर्मा के बारे में निंदा शुरू कर दी। लेकिन तभी एक आदमी पास आकर बोला, तुम लोगों को शर्म नहीं आती? क्या तुम जानते हो, मिस्त्री शर्मा ने अपने बेटे की पढ़ाई के लिए कितनी मेहनत की है? चिंटू ने मुँह चिढ़ाते हुए कहा, भाई, यह निंदा नहीं है। यह तो सिर्फ एक चर्चा है। हम तो बस अपनी चिंता साझा कर रहे हैं। क्या तुम यह नहीं मानते कि निंदा करने में भी स्वास्थ्य का राज छुपा है? आदमी ने चौंकते हुए कहा, निंदा से स्वास्थ्य ठीक नहीं होता, बल्कि यह तो सामाजिक ताने-बाने को कमजोर करती है। तुम लोग सिर्फ अपने मन को हल्का कर रहे हो, लेकिन किसी और की आत्मा को नुकसान पहुँचा रहे हो। बंटी ने सहमति में सिर हिलाते हुए कहा, परंतु इस स्वास्थ्य विज्ञान के अनुसार, हमारे पास ऐसे विटामिन्स और प्रोटीन होते हैं जो हमें मजबूती देते हैं। हमें बस यह शोध करना है कि कौन सी निंदा में किस प्रकार के पोषक तत्व होते हैं। जैसे, स्त्री संबंधी निंदा में प्रोटीन की भरपूर मात्रा होती है। और शराब संबंधी निंदा में विटामिन। यार, क्या चतुराई है तुम्हारी! चिंटू ने मजाक में कहा। परंतु तभी, दुकानदार ने कहा, भाई लोग, तुम दोनों तो एक काम करो—अपनी निंदा को एक जगह रखो और खुद की प्रशंसा करो। क्योंकि निंदा करने से किसी का कुछ नहीं होता, बस खुद का नुकसान होता है। बंटी और चिंटू एक दूसरे को देखने लगे। चिंटू बोला, यार, क्या तर्क है। अब लगता है हमें अपनी निंदा का पिटारा बंद कर देना चाहिए। आखिरकार, संतों की तरह हमें भी खुद को सुधारने का प्रयास करना चाहिए। बंटी ने सहमति में सिर हिलाया, लेकिन उसके चेहरे पर एक हल्की मुस्कान थी। सच में, यह निंदा का टॉनिक नहीं, बल्कि आत्मग्लानि का जहर बन रहा है। और इसी सोच में, दोनों चाय की चुस्कियाँ लेते रहे, अपनी-अपनी खामोशी में खो गए, जो निंदा की अति में ढल गई थी। लेकिन क्या यह अति उनके स्वास्थ्य को नुकसान पहुँचा रही थी? यही सोचते-सोचते, चाय का प्याला खत्म हो गया।

## फेस्टिवल लिमिटेड एडिशन ने की पेशकश

टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने त्यौहारी उत्साह को ध्यान में रखते हुए, टोयोटा ग्लैंजा के 'फेस्टिवल लिमिटेड एडिशन' की शुरूआत की घोषणा की। ग्राहक अब डीलर द्वारा फिट किए गए टोयोटा जेनुइन एक्सेसरी (टीजीए) पैकेज का आनंद ले सकते हैं। इसे इस त्यौहारी अवधि के दौरान ग्लैंजा की बेहतर स्टाइल, प्रदर्शन और आराम के साथ उनके ड्राइविंग अनुभव को बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया है। अपनी उन्नत तकनीक, आकर्षक डिजाइन और उच्च ईंधन दक्षता के लिए 2019 से जानी-पहचानी सीमित संस्करण वाली टोयोटा ग्लैंजा 13 विशेष टीजीए पैकेज से युक्त है जो 20,567 रुपये मूल्य के हैं। वाहन की प्रीमियम खासियतें - क्रोम और ब्लैक बॉडी साइड मोल्डिंग, बैक डोर गार्निश क्रोम और ओआरवीएम गार्निश क्रोम अलग से जानी-पहचानी हैं। अन्य खास बातों में अतिरिक्त आराम के लिए 3डी फ्लोरमैट, डोर वाइजर प्रीमियम और नेक (गर्दन के लिए) कुशन (ब्लैक और सिल्वर रंगों में) शामिल हैं। टोयोटा ग्लैंजा की स्टाइलिश अपील को रियर बम्पर, फेंडर के साथ-साथ रियर रिफ्लेक्टर और वेलकम डोर लैंप पर क्रोम गार्निश के साथ और भी समृद्ध किया गया है, जो इसे एक प्रीमियम टच देता है।

# पुलिस स्मृति दिवस पर वीर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

## कर्तव्य की बेदी पर प्राण न्यौछावर करने वाले शहीद जवानों की वीरता को किया याद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता






**दंतेवाड़ा 21 अक्टूबर।** कारली स्थित 9वीं वाहिनी मुख्यालय परिसर में आज पुलिस स्मृति दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर देश के शहीद वीर जवानों की वीरता को याद कर जिले के तमाम पुलिस के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, शहीद परिवार एवं आम नागरिकों द्वारा शहादत को नमन कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। जवानों ने गॉड आफ ऑनर के साथ वीर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी। गौरतलब है कि प्रतिवर्ष 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन उन पुलिसकर्मियों के बलिदान को याद करने के लिए समर्पित है जिन्होने अपने कर्त्तव्यों का पालन करते हुए जान गंवाई। आज देश 65वां स्मृति दिवस मना रहा है। ज्ञात हो कि आज से ठीक 64 वर्ष पूर्व 21 अक्टूबर 1959 को समुद्र तल से 16 हजार फीट की उंचाई पर जम्मू कश्मीर स्थित लद्दाख के हाट स्प्रिंग्स क्षेत्र में सब इंस्पेक्टर करम सिंह के नेतृत्व में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के पेट्रोलिंग पार्टी पर चीनी सेना द्वारा एम्बुश कर आक्रमण किया गया था, जिसमें सीआरपीएफ 10 जवान शहीद हुए थे, तभी से उन वीर शहीद सपूतों के स्मरण में भारतीय पुलिस, पुलिस स्मृति दिवस के माध्यम से उन्हें तथा उनके बाद कर्त्तव्य बेदी पर प्राण न्यौछावर करने वाले शहीद पुलिस जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करते आ रहे हैं। इस वर्ष भी देश भर में पुलिस के 216 जवान अपने कर्त्तव्य पालन के दौरान कर्त्तव्य बेदी पर अपने प्राण न्यौछावर किये हैं, जिसमें छ0ग0 के 11 जवान भी शहीदों में शामिल हैं। आज पुलिस स्मृति दिवस के मौके पर कारली के शहीद स्मारक मैदान में शहीद जवानों के नामों का वाचन पुलिस उप महानिरीक्षक कमलोचन कश्यप द्वारा किया गया। तत्पश्चात शहीद वीर स्मारक के समक्ष 9वीं वाहिनी के सशस्त्र जवानों द्वारा वीर बलिदानों को शस्त्र झुलाकर सलामी दी गई। शहीदों को गॉड आफ आनर भी दिया गया। तदोपरांत उप पुलिस महानिरीक्षक कमलोचन कश्यप, पुलिस अधीक्षक गौरव राय, कलेक्टर मयंक चौधरी ने शहीद स्मृति स्मारक पर पुष्पगुच्छ चढ़ाकर वीर शहीद जवानों को श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस मौके पर उपस्थित विधायक चैतराम अटामी, पूर्व विधायक देवती कर्मा, जनपद अध्यक्ष सुनीता भास्कर, पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता ने भी शहीद जवानों को याद कर शहीद स्मारक पर श्रद्धासुमन अर्पित किया। पुलिस अधिकारियों में अति0पु0अधीक्षक आर0के0बर्मन, कंपनी कमांडर शेष कुमार तिवारी, क्वॉटर मास्टर संजय पाण्डे, आर.आई नौटिहाल सर, परेड कमांडर जीतेंद्र सिंह, टूआईसी कमलेश वर्मा, सहायक सेनानी राजेश शर्मा, प्लाटून कंपांडर विक्रम सिंह, अंद्रुश एक्का, बैंड मास्टर गजेंद्र पाण्डे समेत पुलिस के कई अधिकारी, कर्मचारी समेत शहीद जवानों के परिवार एवं गणमान्य नागरिकों ने भी शहीद स्मारक पर पुष्पगुच्छ चढ़ाकर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किया।

## एक नजर

### विकासखण्ड स्तरीय निःशुल्क आयुष चिकित्सा शिविर 22 अक्टूबर को

**उत्तर बस्तर कांकेर 21 अक्टूबर।** जिला आयुर्वेद विभाग द्वारा एक दिवसीय निःशुल्क विकासखण्ड स्तरीय आयुष चिकित्सा शिविर का आयोजन 22 अक्टूबर दिन मंगलवार को दुर्गा चौक नरहरपुर में प्रातः 10.30 बजे से सायं 4.30 बजे तक किया जाएगा। उक्त शिविर में नेत्र परीक्षण, रक्त परीक्षण सहित सभी प्रकार के रोगों का ईलाज किया जाएगा। जिला आयुर्वेद अधिकारी ने लोगों से अपील की है कि आयुष चिकित्सा शिविर में अधिक से अधिक ग्रामीण उपस्थित होकर अपना स्वास्थ्य जांच कराकर इसका लाभ अवश्य उठाएं।

### क्षीरपानी कालोनी में बच्चों के लिए जल्द सुंदर झूला लगेगा:मनहरण



**कवर्धा 21 अक्टूबर।** क्षीरपानी कालोनी में शिव मंदिर के पास दो झूला में बच्चे झूल पाते है लेकिन दो झूला में झूल नहीं पाते है और नगर पालिका से अपेक्षा है की जल्द झूला बने ओर बच्चे अच्छे से झूल सके । लोगों ने नपाध्यक्ष मनहरण कौशिक की तारीफ करते हुए कहा कि कवर्धा में बहुत अच्छी सफाई हो रही है और अपेक्षा के सवाल पर मॉर्निंग वॉक करने वालो ने कहा की झूला जल्द ठीक हो जाए । नपाध्यक्ष मनहरण ने तरुण छत्तीसगढ़ से कहा कि जल्द झूले सुंदर बनेंगे ।

### विभिन्न छात्रवृत्ति योजना से लाभान्वित होंगे तेंदूपत्ता संग्राहक परिवार के बच्चे:प्रमोद

**महासमुंद 21 अक्टूबर।** जिला लघु वनोपज संघ के जिलाध्यक्ष श्री प्रमोद सेवन लाल चंद्राकर ने बताया कि जिले के तेंदूपत्ता संग्राहक परिवार के होनहार बच्चों को छात्रवृत्ति योजना के तहत आर्थिक सहयोग प्रदान किया जाएगा। जिससे गरीब परिवार के मेधावी बच्चों को आगे की पढ़ाई में मदद के लिए मदद मिल सकेगी। श्री चंद्राकर ने बताया कि तेंदूपत्ता संग्राहक परिवार के बच्चों के लिए विभिन्न छात्रवृत्ति योजना संचालित है, जिसके तहत सीएससी के माध्यम से छात्र-छात्राएं आवेदन कर सकेंगे। प्रत्येक प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति क्षेत्र में प्रत्येक वर्ष कक्षा 10वीं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले समस्त छात्र-छात्राओं को 15 हजार एवं कक्षा 12वीं में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को 25 हजार रु. प्रतिभाशाली छात्रवृत्ति योजना के तहत प्रदान किया जाएगा। इसी तरह मेधावी छात्रवृत्ति योजना के तहत कक्षा 8वीं में सबसे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्रा को राशि 2000 रु., 10 वीं में 2500 रु. एवं 12वीं में अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को 3 हजार रु. पुरस्कार दी जाएगी। व्यावसायिक छात्रवृत्ति योजना के तहत प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति स्तर पर प्रत्येक वर्ष एक विद्यार्थी का चयन छात्रवृत्ति हेतु किया जायेगा। जिसमें किसी भी राज्य शासन, केंद्र शासन द्वारा मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्था में किसी भी व्यावसायिक कोर्स जैसे इंजीनियरिंग, मेडिकल, विधि, एमबीए आदि में प्रवेश लिया हो तथा जिस कोर्स में प्रवेश की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता कक्षा 12 वीं हो। महिला बहुउद्देश्य स्वास्थ्य पाठ्यक्रम कोर्स की अवधि 18 माह, पुरुष बहुउद्देश्य स्वास्थ्य प्रशिक्षण पाठ्यक्रम कोर्स की अवधि 1 वर्ष, जनरल नर्सिंग प्रशिक्षण का पाठ्यक्रम कोर्स की अवधि साढ़े तीन वर्ष , 6 माह के लिए 2500 रु. स्वीकृत की जाएगी। विद्यार्थी को प्रथम वर्ष में 10 हजार, द्वितीय तथा आगे के वर्षों में 5000 रु. अधिकतम चार वर्षों तक राशि उपलब्ध करायी जाएगी।

### कांग्रेस ने विधानसभा में प्रस्ताव लाकर हसदेव की कटाई पर लगाई थी रोक

**महासमुंद 21 अक्टूबर।** पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि सरगुजा के हसदेव अरण्य की कटाई का विरोध क्षेत्र के आदिवासी समुदाय द्वारा की जा रही है। विष्णदेव सरकार द्वारा आदिवासियों को क्रूरता पूर्वक हकाला जा रहा है। आदिवासियों की देवभूमि के काटे जाने का विरोध वे कर रहे हैं। 4 दिन पूर्व 17 अक्टूबर से 30 सेमी से अधिक परिधि वाले 2.47 लाख पेड़ परसा ईस्ट केते बासन में काटे जाने की कार्रवाई का विरोध क्षेत्र के आदिवासी कर रहे हैं। आदिवासियों के आवाज को दबाने सरकार ने 400 सशस्त्र पुलिस बल भेजकर उन पर लाठीचार्ज कराया। जिससे सैकड़ों आदिवासी बुरी तरह से घायल हो गए हैं।

श्री चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ के हसदेव अरण्य में पेड़ों को बचाने की लड़ाई आदिवासी समाज लड़ रहे हैं। 1,500 किलोमीटर क्षेत्र में फैला यह घना जंगल छत्तीसगढ़ के आदिवासी समुदायों का निवास स्थान है। इस घने जंगल के नीचे लगभग पांच अरब टन कोयला दबा है। इस वजह से पूंजीपतियों और पूंजीवादी भाजपा सरकार की गिद्ध दृष्टि यहां टिकी हुई है। बेदर्दी से जंगल को काटा जा रहा है, जो यहां की जैव विविधता के लिए बड़ा खतरा बन चुका है।



**कवर्धा 21 अक्टूबर।** डिप्टी सीएम कार्यालय का घेराव करने ओर डिप्टी सीएम विजय शर्मा का इस्तीफे की मांग को लेकर समाचार लिखे जाने तक प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज और पूर्व सीएम भूपेश बघेल पहुंचे थे और तेरह विधायक पहुंचेंगे । गांधी मैदान में कांग्रेसी एक जुट हो रहे थे और पूर्व सीएम और प्रदेश अध्यक्ष का कार्यकर्ता सम्मान कर रहे थे ।

# महामाया एयरपोर्ट दरिमा ऊँची उड़ान के लिये तैयार, हवाई नक्शे से जुड़ा अंबिकापुर

**रायपुर, 21 अक्टूबर।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मां महामाया एयरपोर्ट दरिमा, अंबिकापुर का वाराणसी से रिमोट दबाकर वर्चुअल शुभारंभ किया। वे शाम 5 बजे से बनारस से लाइव जुड़े थे। इस अवसर पर पीएम मोदी ने कहा कि पहले देश में 70 एयरपोर्ट थे, अब 150 से ज्यादा एयरपोर्ट हैं। जो पुराने एयरपोर्ट हैं, उनका भी रिनोवेशन हो रहा है। श्री मोदी ने कहा कि कनेक्टिविटी से स्वास्थ्य, शिक्षा, व्यवसाय, पर्यटन आदि को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा विगत दस सालों में निवेश से नागरिक सुविधाओं में बढोत्तरी हुई है, अधोसंरचना विकास के साथ नवजवानों को नए नौकरी के अवसर भी मिले हैं। इस अवसर पर एयरपोर्ट स्थल से सांकेतिक रूप से 19 सीटर विमान ने रायपुर के लिए उड़ान भरी।

राज्यपाल श्री रमेन डेका ने कार्यक्रम में उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन हमारे लिये एक महत्वपूर्ण क्षण है, मां महामाया एयरपोर्ट से विमान अपनी गति प्राप्त करेगा और उड़ान भरेगा, जिससे सरगुजा संभाग में विकास के नये आयाम खुलेंगे। एयरपोर्ट के माध्यम से इस क्षेत्र के नागरिकों और उद्योगपतियों के लिये एक बेहतर संचार सिस्टम स्थापित होगा। बस्तर के बाद सरगुजा प्रदेश का दूसरा बड़ा आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है। एयरपोर्ट सेवा से यहां के अंचल का विकास होगा। उन्होंने आगे कहा कि यह उड़ान छत्तीसगढ़ को नई दिशा की ओर ले जायेगी, सरगुजा प्रदेश ही नहीं अपितु पूरे देश में विकास की एक नई उड़ान तय करेगा। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का विज़न, देश में बेहतर विमानन सेवा की स्थापना करना है और देश के सभी हिस्सों को इससे जोड़ना है।

एयरपोर्ट लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्रवासियों का बरसों का सपना अब साकार हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा था कि देश मे हवाई चप्पल पहनने वाला भी हवाई जहाज का सफर करेगाद्य यह सपना साकार हो रहा है, हवाई सेवा के नक्शे में अंबिकापुर को शामिल करने के लिए उन्होंने प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा आमजन के हवाई जहाज से सफर करने का सपना साकार हुआ है जिससे उनका आर्थिक दर्जा भी बढ़ेगा। मां महामाया एयरपोर्ट ना केवल राज्य की राजधानी को बल्कि अन्य राज्य को जोड़ने का कार्य भी करेगी। उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने अपने संबोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ में रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर के बाद आज अंबिकापुर में हवाई सेवा का शुभारंभ हो रहा है।

### सुकन्या समृद्धि खाता खोलने मेगा शिविरों का आयोजन

# बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा देने हो रही है सार्थक पहल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा21 अक्टूबर।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार जिले में बालिकाओं के बेहतर भविष्य के लिए व बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सुकन्या समृद्धि योजना अंतर्गत बालिकाओं का निःशुल्क खाता खोलने हेतु एसडीएम दंतेवाड़ा जयंत नाहटा के नेतृत्व में जिले के सभी ब्लॉक मुख्यालय में मेगा शिविर का आयोजन 23 और 24 अक्टूबर को किया जा रहा है। मेगा शिविर का आयोजन 23 अक्टूबर को कुंआकोण्डा में रेस्ट हाउस मैदान और मेंडका डोबरा ग्राउंड दंतेवाड़ा तथा कटेकल्याण जनपद पंचायत परिसर के डोम में किया जाएगा। इसके साथ ही 24 अक्टूबर को गीदम के सांस्कृतिक भवन में मेगा शिविर आयोजित किया जाएगा । इस मेगा शिविर में 0 से 10 वर्ष तक के बालिकाओं का निःशुल्क सुकन्या समृद्धि योजना के खाता खुलना है, खाता खोलने व प्रीमियम राशि 500 रुपये जिला प्रशासन द्वारा प्रदान किया जाएगा। साथ ही बालिकाओं और उनके पालकों को शिविर स्थल पर लाने और ले जाने के लिए निःशुल्क वाहन की व्यवस्था भी जिला प्रशासन द्वारा किया गया है। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी द्वारा उक्त मेगा शिविरों के सफल आयोजन के लिए जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है तथा क्रियान्वयन के लिए अन्य विभागों के अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। सुकन्या समृद्धि योजना के लिए एक परिवार के दो बालिकाओं को ही लाभ दिया जाना है,निःशुल्क खाता खुलवाने के लिए आवश्यक दस्तावेज जैसे बालिका के जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज 3 फोटो तथा माता या पिता के आधार कार्ड, पेन कार्ड व पासपोर्ट साइज 3 फोटो की आवश्यकता होगी। मेगा शिविर में बालिकाओं और उनके पालकों के लिए शिविर स्थल में भोजन की व्यवस्था भी की गई है। शिविर में आधार कार्ड, पेन कार्ड पंजीयन और सुधार कार्य भी किया जाएगा। इसके अलावा और भी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। इस मेगा शिविर में अधिक से अधिक बालिकाओं का निःशुल्क खाता खोलने के लिए पालकों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, स्थानीय मीडिया प्रतिनिधियों सहित सभी विभागों के मैदानी अमले से व्यापक प्रचार-प्रसार करने की अपील महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा की गई है। इस बारे में अधिक जानकारी के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पंचायत सचिव, पर्यवेक्षक, बाल विकास परियोजना कार्यालय महिला बाल विकास विभाग, जनपद पंचायत कार्यालय, तहसील कार्यालय व स्थानीय नगरीय निकाय कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है। विस्तृत जानकारी के लिए मोबाइल नंबर दंतेवाड़ा में 70007-50918,गीदम में 97556-13305, कटेकल्याण में 78281-08478 तथा कुंआकोण्डा में 92447-01208 पर संपर्क किया जा सकता है।

### शासकीय पॉलिटेक्निक में जनजातीय गौरव स्मृति कार्यक्रम का आयोजन

**उत्तर बस्तर कांकेर 21 अक्टूबर।** शासकीय पॉलिटेक्निक कांकेर में जनजातीय गौरव स्मृति कार्यक्रम के अंतर्गत जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत (ऐतिहासिक सामाजिक एवं आध्यात्मिक) विषय पर गत 19 अक्टूबर को विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता, पेंटिंग, रंगोली प्रतियोगिता एवं क्विज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य जनजातीय समाज और संस्कृति के गौरवशाली इतिहास के प्रति सम्मान, प्रेम एवं जागरूकता को बढ़ाना है। साथ ही जनजातीय संस्कृति और परंपरा को संरक्षित रखना है। इस दौरान पॉलिटेक्निक संस्था परिसर में कंडरा राजा धर्मन देव की प्रतिमा का अनावरण कांकेर विधायक श्री आशाराम नेताम द्वारा गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति किया गया। इस अवसर पर संस्था के समस्त स्टाफ और विद्यार्थी उपस्थित थे।

### बस्तर ओलंपिक-24 में भाग लेने के लिए पंजीयन अब 25 अक्टूबर तक

**उत्तर बस्तर कांकेर 21 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार बस्तर क्षेत्र के युवाओं के रचनात्मक एवं खेल प्रतिभा को निखारने, उन्हें अधिक से अधिक अवसर प्रदान करने और बस्तर क्षेत्र की जनता का शासन से प्रत्यक्ष संबंध स्थापित करने के उद्देश्य से बस्तर संभाग के सभी जिलों में बस्तर ओलम्पिक 2024 खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिसके लिए अब 25 अक्टूबर तक ऑनलाइन पंजीयन कराया जा सकता है। जिला पंचायत के सीईओ एवं बस्तर ओलंपिक के जिला नोडल अधिकारी श्री सुमित अग्रवाल ने बस्तर ओलम्पिक-2024 की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस आयोजन में विकासखण्ड स्तर से लेकर संभाग स्तर तक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिसमें एथलेटिक, तीरंदाजी, बैडमिंटन, हॉकी, वेटलिफ्टिंग, कराते, कबड्डी खो-खो, व्हॉलीबॉल एवं रस्साकसी आदि खेलों के विभिन्न इवेंट्स सम्मिलित होंगे। यह प्रतियोगिता जूनियर एवं सीनियर वर्ग में आयोजित होगी। नक्सल हिंसा में दिव्यांग हुए प्रतिभागियों एवं आत्मसमर्पित पूर्व नक्सली सदस्यों को प्रोत्साहित करने हेतु उन्हें सीधे संभाग स्तर पर प्रतिभागिता सुनिश्चित कराई जाएगी।



**सुकमा 21 अक्टूबर।** पुलिस लाइन में शहीद जवानों को दी गयी श्रद्धांजलि । इस दौरान एसपी किरण चव्हाण सहित अधिकारी, जवान व शहीद जवानों के परिजन मुख्य रूप से उपस्थित रहे ।

## समाचार संक्षेप

### कार्तिक मास में नगर में प्रतिदिन निकाली जा रही प्रभातफेरी



**गीदम 21 अक्टूबर।** गीदम नगर में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी कार्तिक मास में प्रतिदिन नगरवासियों , भक्तगणों द्वारा प्रभात फेरी निकाली जा रही । इस दौरान भगवान श्री हरि नारायण विष्णु जी की झांकी लिए बाजे- गाजे के साथ बडी संख्या में भक्तगण प्रभात फेरी में शामिल हो रहे है । प्रभात फेरी प्रतिदिन बाबा रामदेव मन्दिर से सुबह 5 बजे शुरू होकर नगर के विभिन्न वार्डो आशुतोष शिव मन्दिर , पीडब्ल्यूडी पारा स्थित शिव मंदिर व विभिन्न मंदिरों से होकर गुजरती है जिसके बाद वापस बाबा मंदिर पहुँचती है। बाबा रामदेव मन्दिर के पुजारी बजरंगदास संत ने बताया कि कार्तिक मास के शुरुआत होते ही प्रतिदिन सुबह श्री हरि की झांकी लिए ढोल-बाजे के साथ प्रभात फेरी निकाली जाती है। इससे पूर्व सुबह 4 बजे बाबा मन्दिर में पूजा अर्चना व 5 बजे प्रभात फेरी के बाद 7 बजे आरती का आयोजन कर पूजा का समापन किया जाता है। नगर की महिलाएं इस प्रभात फेरी में बढ़चढ़कर हिस्सा लेती है। मान्यता है कि कार्तिक मास के समय भगवान श्री हरि विष्णु जी का जल में निवास होता है इसलिए कार्तिक मास में सुबह जल्दी उठकर नहाने का भी अत्यधिक महत्व है । इस पूरे धार्मिक आयोजन का समापन कार्तिक पूर्णिमा पर होगा । बता दे कि नगर में प्रत्येक वर्ष कार्तिक मास पर यह आयोजन किए जाते है जहा बड़ी संख्या में भक्तगण शामिल होते है ।

### ब्लैस बस्तर प्रार्थना महोत्सव का तीन दिवसीय आयोजन



**जगदलपुर 21 अक्टूबर।** बड़ी सौभाग्य की बात है हमारे बस्तर जैसे सुदृढ़ क्षेत्र में ब्लैस बस्तर प्रार्थना महोत्सव का तीन दिवसीय आयोजन 8,9,10 नवंबर 2024 को धरमपुरा क्रश्चस्र कॉलेज ग्राउंड जगदलपुर में होने जा रहा है इस प्रार्थना महोत्सव में विश्व प्रसिद्ध मसीह सेवा मुख्य वक्ता जीसस कॉल्स सेवाकई के अध्यक्ष डॉ पॉल दिनाकरन जी होंगे वह अपने पूरे परिवार के साथ इस प्रार्थना महोत्सव में सम्मिलित होंगे। इस आयोजन की तैयारी पूरे बस्तर संभाग के मसीह जन और मसीह अगवे मिलकर कर रहे हैं और मसीह समाज में इस प्रार्थना महोत्सव को लेकर बड़ी उत्साह है क्योंकि डॉक्टर पॉल दिनाकरन जी बड़े ही सालों के प्रयास के बाद डॉक्टर पॉल दिनाकरन जी का समय बस्तर वीसियो को मिल पाया है जो कि बस्तर के लिए बड़ी सौभाग्य की बात है। इस आयोजन का प्रमुख उददेशय है बस्तर में शांति और सुख समृद्धि क्षेत्र के लोगों का कल्याण विशेषकर यहां के युवाओं और उनके भविष्य के लिए इस प्राथना महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, इस आयोजन समिति के द्वारा यह जानकारी दी गई है कि इस ब्लैस बस्तर प्रार्थना महोत्सव के लिए पूरे छत्तीसगढ़ और खासकर बस्तर संभाग में उत्साह का माहौल है और इस कार्यक्रम में इन सभी जगह से बड़ी संख्या में लोगों की आने की उम्मीद है इनके व्यवस्था के लिए आयोजन समिति के सदस्यों के द्वारा दिन-रात तैयारी की जा रही है। इस ब्लैस बस्तर प्रार्थना महोत्सव में 2024 के लिए समस्त आयोजन समिति के द्वारा बस्तर में निवासरत सभी समाजों और संगठनों समस्त राजनीतिक संगठन, गैर राजनीतिक संगठनों से मिलकर इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए निमंत्रण दिया जा रहा है ताकि बस्तर में भाईचारा एवं एकता का एक अच्छा संदेश बस्तर से जाए। समस्त बस्तर मसीह समाज उम्मीद करता है एवं विश्वास है की हमेशा की तरह अमन शांति के लिए होने वाले इस आयोजन को समस्त बस्तर वीसियो का सहयोग आशीर्वाद और मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

### स्वास्थ्य टीम उपचार के साथ चला रही है जागरूकता अभियान

# जिले के बड़ेकेडवाल में स्वास्थ्य शिविर लगाकर ग्रामीणों का किया जा रहा उपचार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**सुकमा, 21 अक्टूबर।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन में जिले के बड़ेकेडवाल में स्वास्थ्य शिविर लगाकर ग्रामीणों का उपचार किया जा रहा है। साथ ही स्वास्थ्य टीम द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जाकर स्वच्छ पेयजल का उपयोग, गर्म एवं ताजा भोजन का सेवन करने सहित स्वच्छता एवं साफ-सफाई रखे जाने ग्रामीणों को समझाइश दी जा रही है। इसी क्रम में 19 अक्टूबर शनिवार को ग्राम बड़ेकेडवाल में उल्टी-दस्त संक्रमण की सूचना प्राप्त होने पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गोलापल्ली से तत्काल स्वास्थ्य टीम भेजी गई टीम के द्वारा बड़ेकेडवाल में स्वास्थ्य शिविर लगाकर ग्रामीणों का प्राथमिक उपचार किया गया। इसके पश्चात स्वास्थ्य टीम द्वारा स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। सीएमएचओ डॉ.कपिल कश्यप ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर में उल्टी-दस्त के 07, बुखार 18, जिसमे मलेरिया पीएफ 04, पीव्ही 01, टीबी के संभावित मरीज 10, खुजली के 04, कुपोषित बच्चे 03, कुल 42 मरीजों का उपचार किया गया तथा 06 गर्भवती महिलायें, 02 धातृ महिलायें (पीएनसी) एवं 06 विकलांगों का भी स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, इस प्रकार कुल 56 लोगों का स्वास्थ्य जांच किया गया। साथ ही स्वास्थ्य सम्बन्धी आवश्यक परामर्श दी गई। इस दौरान मेडिकल टीम के द्वारा ग्रामीणों से अपील किया गया है कि यदि किसी का स्वास्थ्य खराब होने पर सिरहा, बड्?डे-गुनिया से ईलाज न करावें बल्कि अस्पताल में ले जाकर ईलाज करावें। इस दौरान सरपंच एवं अन्य जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों सहित गांव के सिरहा, वड्डे-गुनिया से पूछताछ कर चर्चा की गई चर्चा के दौरान पता चला कि उल्टी-दस्त से कोई मृत्यु नहीं हुई है, करीब 15 दिन पहले गांव में कूरमी त्योहार मनाया गया था जिसमें पुरे गांव वाले एक साथ भोजन किए थे जिसमें स्थानीय पेय पदार्थ लांदा, मुर्गा, सुअर इत्यादि बनाया गया था त्योहार के बाद से ही कुछ लोगों को उल्टी-दस्त होना प्रारंभ हुआ। श्रीमती महकम राजे पति गंगा की उल्टी-दस्त होने पर इलाज के लिए गांव के वड्डे के पास ले गये थे और 05 दिन ईलाज कराने के बाद बीमारी बढ़ जाने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दोरनापाल ले गये तथा वहां से गंभीर स्थिति में जिला चिकित्सालय में भर्ती की गई जहां पर महिला का ईलाज जारी है एवं स्थिति नियंत्रण में है।

## एक नजर

### धान खरीदी 14 नवंबर से, कैबिनेट का निर्णय स्वागतेय: देवेंद्र चंद्राकर

**महासमुंद 21 अक्टूबर।** भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक देवेंद्र चंद्राकर ने प्रदेश सरकार द्वारा 14 नवंबर से धान खरीदी के निर्णय का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में फसल कटाई में कम से कम 15-20 दिन का समय है। इस बार देर से मानसून आने के कारण खेती किसानी काफी पिछड़ गई थी। देर से बुआई के चलते इस बार अभी तक खेतों में धान पूरी तरह से पका नहीं है। धान के पौधे अभी भी हरे हैं। साथ ही विगत सप्ताहभर पूर्व रूक-रूक कर हो रही लगातार बारिश से खेत गीले हैं। कुछ एक स्थानों को छोड़कर अधिकांश खेतों में गीलापन है। जिससे हार्वेस्टर भी खेतों में नहीं जा पाएंगे। ऐसे में 14 नवंबर से धान खरीदी करने सरकार ने सही निर्णय लिया है। वर्तमान में 31 अक्टूबर तक धान खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन भी जारी है। किसानों को पंजीयन आदि के लिए और समय मिल पाएगा। चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ में किसानों के लिए धान खरीदी एक बड़ा त्यौहार जैसा होता है, और इस साल राज्य सरकार ने 14 नवंबर से धान खरीदी शुरू करने की तैयारी कर ली है। किसानों को इस साल भी 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से समर्थन मूल्य मिलेगा। जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी। सरकार ने धान खरीदी केंद्रों पर किसानों के लिए आवश्यक सुविधाएं, जैसे बैठक व्यवस्था और पेयजल की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं, ताकि किसानों को किसी प्रकार की समस्या न हो। पूर्ववर्ती कांग्रेस शासनकाल में किसानों को 4 किश्तों में न्याय योजना के नाम पर आधी-अधूरी राशि दी जाती थी। लेकिन, भाजपा सरकार बनते ही किसानों को एकमुश्त धान की राशि मिल पाई। एकमुश्त राशि मिलने से किसान घर बनाने, ट्रैक्टर खरीदी करने, बच्चों के विवाह आदि कार्यों के लिए समर्थ बन पाए हैं।

### राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी मेला में रायगढ़ जोन से 35 छात्रों ने लिया भाग

**रायगढ़, 21 अक्टूबर।** राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रायपुर द्वारा संचालित राज्य स्तरीय बाल विज्ञान वैज्ञानिक प्रदर्शनी, पश्चिम भारत विज्ञान मेला तथा प्रश्न मंच प्रतियोगिता के अंतर्गत राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी मेला का आयोजन सरस्वती महाविद्यालय अंबिकापुर में आयोजित किया गया। जिसमें रायगढ़ जोन के 35 छात्र-छात्राओं ने विज्ञान प्रदर्शनी, विज्ञान नाटिका और व्यक्तिगत प्रोजेक्ट में हिस्सा लिया। बाल विज्ञान मेला 15 से 18 अक्टूबर 2024 तक आयोजित किया गया था। प्रतियोगिता में पीएम श्री नटवर स्कूल के छात्र दिनेश खूंटे ने राष्ट्रीय बाल विज्ञान वैज्ञानिक प्रदर्शनी में उप कथानक संचार एवं परिवहन के अंतर्गत द्वितीय स्थान प्राप्त किया। दिनेश खूंटे के इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.के.वेंकट राव, डीएमसी नरेंद्र चौधरी, एपीसी भुवनेश्वर पटेल, आलोक स्वर्णकार, पीएम श्री प्राचार्य रूबी वर्गीस ने छात्र को शुभकामना देते हुये उनके उज्वल भविष्य की कामना की है। जिला विज्ञान नोडल अधिकारी श्री आलोक स्वर्णकार ने बताया कि राज्य स्तरीय विज्ञान मेला में रायगढ़ जोन के अंतर्गत राष्ट्रीय बाल विज्ञान वैज्ञानिक प्रदर्शनी में अनुपमा तिवारी, गेरवानी जोन प्रभारी के नेतृत्व में मार्गदर्शक शिक्षक मनोज जांगड़े हरदी, उज्वला पीएमश्री खरसिया, भागीरथी प्रधान एवं झनक राम चौधरी गढ़उमरिया, रवि कुमार यादव पीएम श्री धरमजयगढ़, विश्वनाथ पटेल सारंगढ़ के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय बाल विज्ञान वैज्ञानिक प्रदर्शनी में सेजेस छर्रा टाँगर, पीएम श्री खरसिया, हायर सेकेंडरी स्कूल हरदी, गेरवानी, सरिया, पीएम श्री नटवर एवं धरमजयगढ़ के छात्रों ने भाग लिया। इसी तरह अन्य प्रतियोगिता के अंतर्गत बाल विज्ञान नाटिका में हाई स्कूल गढ़उमरिया, विज्ञान क्विज में पीएम श्री नटवर एवं व्यक्तिगत प्रतियोगिता में हायर सेकेंडरी गेरवानी एवं कुंजेमुरा के छात्रों ने भाग लिया।

### आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों पर 28 तक मंगाए गए दावा-आपत्ति आवेदन

**रायगढ़, 21 अक्टूबर।** विकासखंड लेलूंगा अंतर्गत बाल विकास परियोजना कार्यालय लैलूंगा एवं मुकडेगा में आंगनबाड़ी सहायिकाओं के रिक्त पदों पर गत दिवस आवेदन मंगाए गए थे। प्राप्त आवेदनों पर जांच उपरांत अनंतिम सूची कार्यालय एवं संबंधित ग्राम पंचायत के सूचना पटल पर अवलोकन हेतु चस्पा किया गया है। उक्त सूची के संबंध में किसी भी आवेदका को कोई आपत्ति हो तो वे आगामी 28 अक्टूबर 2024 तक दावा-आपत्ति आवेदन जमा कर सकते है।

### संकुल छपोरा के सभी शालाओं में हुई द्वितीय पीटीएम बैठक

**रायगढ़, 21 अक्टूबर।** राज्य शासन के निर्देशानुसार समस्त शासकीय शैक्षणिक संस्थानों में तिमाही परीक्षा के बाद पालक-शिक्षक बैठक का आयोजन करने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। इसी कड़ी में द्वितीय पीटीएम विद्यालय स्तर पर 19 अक्टूबर को विकास खंड पुसौर अंतर्गत संकुल केंद्र छपोरा में विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी पुसौर दिनेश कुमार पटेल के मार्गदर्शन एवं संकुल शैक्षिक समन्वयक मायाराम गुप्ता के विशेष सहयोग से समस्त शालाओं में एक ही समय एक ही दिन में पालक- शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सभी विद्यालय के शिक्षकों द्वारा पूर्व से ही अपने स्तर पर प्रचार प्रसार किया गया। जिसमें कई विद्यालय के शिक्षकों ने स्वयं आमंत्रण कार्ड छपवाकर घर-घर जाकर पालकों के साथ-साथ शाला प्रबन्धन समिति के सदस्यों से संपर्क किया, तो कइयों ने सोशल मीडिया के माध्यम से बड़े पैमाने पर प्रचार-प्रसार कर सभी को अवगत कराते हुए आमंत्रित किया गया। जिसका परिणाम रहा कि आज के पालक शिक्षक बैठक में सभी विद्यालयों में बड़ी संख्या में पालकों के साथ शाला प्रबन्धन समिति के सदस्यों की उपस्थिति रही। त्रैमासिक परीक्षा परिणाम के साथ-साथ बच्चों के अपार आईडी बनाने, जाति प्रमाण पत्र, शासन के विभिन्न योजनाओं/गतिविधियों से अवगत कराना, कमजोर व अनुपस्थित बच्चों को लगातार संपर्क करना, पाठ्यक्रम पूर्णता पर चर्चा, मध्यान्ह भोजन योजना व गुणवत्ता पर चर्चा के साथ-साथ शिक्षा गुणवत्ता पर विशेष रूप से फोकस करते हुए चर्चा किया गया। चर्चा उपरांत वर्तमान में ही संपन्न हुए त्रैमासिक परीक्षा परिणाम बताये गये एवं परीक्षा में सभी कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों के साथ पालकों को भी सम्मानित किया गया।

# रोबोटिक्स में नवीन तकनीक और उनके व्यावहारिक उपयोग की जानकारी दी

## पॉलीटेक्निक में 6 दिवसीय रोबोटिक्स कार्यशाला आयोजित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**महासमुंद 21 अक्टूबर।** शासकीय पॉलिटेक्निक में 14 से 19 अक्टूबर तक आयोजित 6 दिवसीय रोबोटिक्स कार्यशाला का समापन हुआ। एआईसीटीई की एटीएएल अकादमी द्वारा प्रायोजित इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को रोबोटिक्स में नवीनतम तकनीकों और उनके व्यावहारिक उपयोगों से अवगत कराना था।

समापन समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। मुख्य अतिथि डिप्टी डायरेक्टर तकनीकी शिक्षा संचालनालय नवा रायपुर डॉ. जगपाल सिंह बल और सेशन एक्सपर्ट डॉ. पवन कुमार पटनायक एसोसिएट प्रोफेसर बीआईटी दुर्ग ने की। संचालन प्रोग्राम कॉआर्डिनेटर डॉ. वीनू चंद्राकर व कॉआर्डिनेटर हेमंत कुमार महोबिया (मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग) ने किया। कार्यशाला में राज्यभर के विभिन्न पॉलिटेक्निक संस्थानों से पहुंचे शिक्षकों और प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया कार्यशाला के दौरान, प्रतिभागियों को रोबोटिक्स के नवीनतम तकनीकी पहलुओं से अवगत कराया गया।

डॉ. पवन कुमार पटनायक ने रोबोटिक्स के कृषि क्षेत्र में संभावनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने समझाया कि रोबोट्स की मदद से खेती की लागत को कैसे कम किया जा सकता है और उत्पादन को अधिक कुशल बनाया जा सकता है। डॉ. पटनायक ने एआई आधारित पैटर्न रिकग्निशन सिस्टम की अवधारणा पर विस्तार से चर्चा की और इसे वास्तविक जीवन की समस्याओं पर लागू कर समझाया। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों का मूल्यांकन क्विज के माध्यम से किया गया। समापन के अवसर पर प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा किए। कीर्ति रस्तोगी और शारदा चरण गुप्ता ने फीडबैक दिया और कार्यशाला के आयोजन की सराहना की। हेमंत कुमार महोबिया ने कार्यशाला के हर दिन की गतिविधियों और प्रमुख विषयों का संक्षिप्त सारांश प्रस्तुत किया। समापन समारोह में विदाई भाषण देते हुए, डॉ. पवन कुमार पटनायक ने शासकीय पॉलिटेक्निक महासमुंद के प्राचार्य चंद्रिका विश्वकर्मा को छत्तीसगढ़ के ग्रामीण क्षेत्र में इस प्रकार की फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) का सफलतापूर्वक आयोजन करने के लिए बधाई दी। उन्होंने इसे ग्रामीण क्षेत्रों में तकनीकी शिक्षा के विस्तार के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया। इसके अतिरिक्त डॉ. जगपाल सिंह बल ने कहा कि यह फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम पॉलिटेक्निक संस्थानों के लिए एक रेवोल्यूशन का कार्य करेगी, जो रोबोटिक्स के क्षेत्र में स्पार्क जनरेट करेगा, जिससे आने वाले समय में सभी संस्थानों को इसका लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में डॉ. शोभा मालीवाल (विभागाध्यक्ष, सिविल इंजीनियरिंग), सालिक धीवर, आनंद साहू, शारदा चरण गुप्ता, रितेश दुबे, नीलकमल साहू, वैभव वर्मा शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. लक्ष्मीकांत कराल और अनुराधा शर्मा ने किया। आभार प्रदर्शन प्राचार्य चंद्रिका विश्वकर्मा ने किया।

# एसडीएम ने आदिवासी बालक छात्रावास खट्टी और आदिवासी बालक आश्रम परसदा का किया निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**महासमुंद 21 अक्टूबर।** अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) महासमुंद हरिशंकर पैकरा के द्वारा महासमुंद विकासखंड में संचालित प्री मेट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास खट्टी और आदिवासी बालक आश्रम परसदा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। दोनों ही संस्थाओं में निरीक्षण के दौरान अधीक्षक मोहनीश दीवान एवं पुष्कर चंद्राकर अपने कर्मचारियों सहित उपस्थित पाए गए। अधिकारी निरीक्षण के दौरान सभी बच्चों के शयन कक्ष, शौचालय, स्नानागार, किचन आदि के साफ सफाई व्यवस्था के देखने के पश्चात बच्चों एवं कर्मचारियों से उचित रख रखाव के सम्बन्ध में चर्चा किया गया। बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण नियमित प्रतिमाह होने की जानकारी मिली । निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने बच्चों के साथ बैठकर उनसे उनकी पढ़ाई लिखाई के संबंध में चर्चा की जिसमें बच्चों को हिंदी, अंग्रेजी की किताबों को पढ़ने कहा गया साथ ही गणित के पहाड़े और आकृतियों के बारे में पूछा गया, बच्चों के जवाब से संतुष्ट हो अधिकारी ने छात्रावासी बच्चों के पढ़ाई के स्तर पर खुशी जाहिर की। आदिवासी बालक आश्रम परसदा पहुंचने पर बच्चों के भोजन का समय होने के कारण एसडीएम खाने की गुणवत्ता को जांचने बच्चों के साथ ही भोजन करने बैठ गए, भोजन के दौरान ही बच्चों को मिलने वाले नाश्ता खाना के सम्बन्ध में बच्चों से जानकारी ली गई जिसमें बच्चों ने पर्याप्त और पौष्टिक भोजन मिलना भी बताया।

दोनों ही छात्रावास में निरीक्षण के दौरान आंशिक मरम्मत कार्यों को कराने संबंधित निर्देश अधीक्षकों को दिया गया साथ ही बच्चों की पढ़ाई लिखाई पर विशेष ध्यान देने कहा गया। छात्रावास परिसर में मिट्टी और रेत होने के कारण बच्चों के खेलने हेतु उचित व्यवस्था न होने पर उसमें पेवर ब्लॉक लगाने संबंधी अनुरोध अधीक्षकों के द्वारा करने पर, आवश्यक कार्यवाही हेतु सहायक आयुक्त को निर्देश देने की बात कही गई।

## समाचार संक्षेप

### धारावरम में हर घर जल मिलने से ग्रामीण उत्साहित

**बीजापुर 21 अक्टूबर।** ग्राम धारावरम, ग्राम पंचायत नुकनपाल विकासखण्ड उसूर जिला मुख्यालय से लगभग 30 कि.मी. दूरी पर स्थित है। ग्राम में 52 परिवार निवासरत है। इस ग्राम में 15 हैण्डपंप की स्थापित है, यहीं से ही ग्रामवासियों को शुद्ध पेयजल प्रदाय होता रहा है। ग्राम धारावरम में ग्राम सभा के दौरान जल जीवन मिशन योजना आने के बाद ग्रामवासियों अत्याधिक उत्साहित है। सरपंच श्री मुन्ना कुडसम द्वारा बताया गया कि अब हर घर नल लग जाने के बाद घरों में ही स्वच्छ जल प्राप्त हो रहा है, जिससे उनके समय की बचत हुई है, बचत समय का उपयोग अब असानी से अन्य कार्यों में दे पा रहे है। सचिव श्री रविन्द्र कुमार झाड़ी द्वारा चर्चा किये जाने पर बताया गया की समय-समय पर वॉल ऑपरेटर के माध्यम से वॉल ऑपरेटिंग कर पानी सप्लाय करने का कार्य किया जा रहा हैं। जिससे सभी घरों में पर्याप्त मात्रा में जल प्रदाय हो रहा है। सरपंच, सचिव एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के जिला समन्वयक श्री टोपेश्वर साहू की उपस्थिति में हर घर जल प्रमाणीकरण कार्य किया गया था। ग्रामवासी श्री कुडियम राजेश बताते है कि, ग्राम धारावरम के सभी घरों में नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल निरंतर प्राप्त हो रहा है, जिससे ग्रामवासी अत्यधिक प्रसन्न है। घरों में शुद्ध पेयजल प्रदाय होने पर ग्राम वासियों के जल की समस्या का निराकरण हुआ है। जिसके लिये सरपंच, सचिव एवं ग्रामवासियों ने छत्तीसगढ़ सरकार को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।



### कलेक्टर ने शूटिंग खिलाड़ी मेघा तिवारी को उपलब्धियों पर दी बधाई



**महासमुंद 21 अक्टूबर।** कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह से आज कलेक्ट्रेट कार्यालय में शूटिंग खिलाड़ी कु. मेघा तिवारी ने मुलाकात की। कलेक्टर ने उनकी उपलब्धियों पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मेघा तिवारी ने हाल ही में महासमुंद में सम्पन्न हुए '27वें ऑल इंडिया फॉरेस्ट स्पोर्ट्स मीट' में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो पदक जीते। उन्होंने 'प्रोन 50 मीटर महिला ओपन राइफल शूटिंग' में 'गोल्ड मेडल' तथा 'एवीएम राइफल शूटिंग 50 मीटर महिला ओपन' में 'सिल्वर मेडल' हासिल किया। इससे पहले, कु. मेघा तिवारी ने 26वें ऑल इंडिया फॉरेस्ट स्पोर्ट्स मीट 2023 में जो पंचकुला हरियाणा में आयोजित हुआ था, राइफल शूटिंग में 'एक गोल्ड' और 'एक सिल्वर मेडल' जीती थी। उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन से क्षेत्र का गौरव बढ़ा है। कलेक्टर ने उनकी उपलब्धियों की सराहना करते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए भविष्य में जिले का नाम रोशन करने कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। इसके पूर्व अभी हाल ही में पेरिस ओलम्पिक में शूटिंग में दो पदक जीतने वाली मनु भाकर से बारनवापारा प्रवास के दौरान मुलाकात कर उनसे जरूरी मार्गदर्शन भी लिए। ओलम्पिक विजेता कु. मनु भाकर ने भी कु. मेघा की हौसला आफजाई करते हुए निरंतर कड़ी मेहनत और अभ्यास करने के सुझाव दिए। कु. मेघा ने बताया कि उन्हें बचपन से ही शूटिंग का शौक था । वे लगातार राज्य और राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिताओं में शामिल हो रही है। इसका श्रेय उन्होंने अपने पिता श्री सुरेश तिवारी, परिवारजनों और कोच एवं साथी खिलाड़ियों को दिए हैं।

# पुलिस स्मृति दिवस पर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी गई और पौधे भी लगाए गए

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 21 अक्टूबर।** छत्तीसगढ में तैनात केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की 229वीं वाहिनी के मुख्यालय में पुलिस स्मृति दिवस एवं वृक्षरोपन कार्याक्रम का आयोजन किया गया। पुलिस स्मृति दिवस के आयोजन के अंतर्गत 229वीं वाहिनी के कमाण्डेंट, श्री चंदम बॉबी सिंह, द्वितीय कमाण अधिकारी डॉ0 गोतपगार परेश शरत, सहायक कमाण्डेंट श्रीमति वर्षा अरूण शर्मा व अन्य अधिकारियों के साथ साथ सभी अधीनस्थ अधिकारीगण व जवान शामिल हुए । जिसके उपरांत इस बटालियन के कमाण्डेंट महोदय द्वारा शहीद स्थल पर शहीदों को श्रद्धाजलि अर्पित की और सभी जवानों को सम्बोधित किया । अपने सम्बोधन में कमाण्डेंट 229 बटालियन द्वारा इस दिवस की उपयोगिता के बारे में बताते हुए कहा गया कि आज ही के दिन दिनांक 21, अक्टूबर, 1959 को लद्दाख (जम्मू एवं कश्मीर) के हॉट स्प्रिंग नामक स्थान पर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की तीसरी बटालियन की मात्र एक कम्पनी के 21 जवानों के गश्ती दल ने चीनी सेना के एक बहुत बड़े दस्ते के आक्रमण को विफल किया तथा मातृभूति की रक्षा करते हुए हमारे 10 शूरवीर जवानों ने अपने प्राणों की आहुति दी। जिसकी याद में 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस के नाम से मनाया जाता है। अपने सम्बोधन में उन्होने कहा कि वर्तमान में यह बटालियन अति संवेदनशील एवं नक्सल प्रभावी क्षेत्र में तैनात है जिसमें हमें पूर्ण सजगता तथा सावधानी के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। जिससे अपने को सुरक्षित रखते हुए देश की आंतरिक सुरक्षा को बरकरार रखा जा सके। उन्होनें वर्ष 2023-24 (दिनांक 01.09.2023 से 31.08.2024) के दौरान पुलिस बल के शहीदों को याद किया जिन्होने देश की सेवा एवं बल का नाम ऊंचा करने में अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी। पुलिस स्मृति दिवस कार्यक्रम के अन्त में फलदार व छायादार वृक्षों का वृक्षारोपन किया गया और सभी जवानों को हमारे आस-पास के पेड़ पौधों को संरक्षित करने हेतु आह्वान किया है।

### विशेष शिविर में महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की गई

**रायगढ़, 21 अक्टूबर।** कलेक्टर श्री कार्तिकिया गोयल के निर्देशन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महतारी वंदन योजना के लाभार्थियों का वित्तीय समावेशन एवं बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत सुकन्या समृद्धि योजना अंतर्गत खाता खोले जाने हेतु सभी ब्लॉक मुख्यालय एवं परियोजना मुख्यालय में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री एल.आर.कच्छप ने बताया कि शिविर में महतारी वंदन योजना अंतर्गत जिले के 540 हितग्राहियों के खाते में राशि अंतरण नहीं होने के संबंध में चिन्हांकित हितग्राहियों का शिविर में पृथक से खाता खोलकर उनके खाता को आधार से लिंक कराया गया। इसी तरह सुकन्या समृद्धि योजना के तहत बालिकाओं का खाता खोला गया। साथ ही शिविर स्थल में स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन किया गया।

# विद्यार्थी शिक्षा से अपना भविष्य उज्जवल बना सकते हैं:गौतम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 21 अक्टूबर।** कलेक्टर श्री कार्तिकिया गोयल के निर्देशन में पीएमश्री नटवर इंग्लिश स्कूल रायगढ़ में मेगा पीटीएम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर एसएमडीसी के अध्यक्ष श्री ज्ञानेश्वर सिंह गौतम, श्री सुरेश गोयल सहित शिक्षक एवं सभी विद्यार्थी के लगभग 300 पालकगण उपस्थित रहे। श्री ज्ञानेश्वर सिंह गौतम ने पालकों को शिक्षण का महत्व समझाते हुए कि शिक्षा ही वह माध्यम है जिसके जरिए विद्यार्थी अपने भविष्य को उज्जवल बनाकर देश-दुनिया में नाम रोशन कर सकते हैं। शिक्षा से परिवार, समाज, संस्था और राष्ट्र का विकास होता है। स्कूल और कॉलेज में युवा मन को आकार देने, चरित्र निर्माण और सही मूल्य-आधारित शिक्षा प्रदान करने में एक परिवर्तनकारी भूमिका निभाता हैं। निःसंदेह देश का भविष्य साक्षरता और शिक्षा द्वारा रखी गई मजबूत नींव पर निर्भर है। उन्होंने सभी पालकों से अपने बच्चों के बेहतर भविष्य को देखते हुए नियमित स्कूल भेजने के लिए आग्रह किया। उन्होंने किसी भी समस्या पर समाधान हेतु प्राचार्य से मिलने हेतु कहा। हिन्दी माध्यम के एसएमडीसी के अध्यक्ष श्री सुरेश गोयल ने पीएम श्री नटवर स्कूल की जिले में विशिष्टता पर जानकारी दी। श्री मनीष सोलंकी ने पालकों को किसी भी प्रकार की समस्या होने पर एसएमडीसी के समक्ष रखने हेतु प्रोत्साहित किया। कोषाध्यक्ष श्री राजेन्द्र कलेत द्वारा अपार आईडी कार्ड के महत्व एवं उसकी उपयोगिता के बारे में जानकारी दी। प्राचार्य श्रीमती रूबी वर्गीस ने अपने उद्बोधन में पालकों एवं छात्रों के पारस्परिक संबंधों को मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पहले छात्र जीवन के समय ऐसी अध्ययन सुविधाएं नहीं थीं। किंतु आज के समय में सरकार शिक्षा व स्वास्थ्य योजनाओं पर विशेष फोकस करते हुए बच्चों का जीवन स्तर ऊंचा उठाने का कार्य कर रही है। उन्होंने सभी पालकों को अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए उनके शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की बात कही। प्राचार्या श्रीमती गायत्री स्वर्णकार ने शिक्षक एवं पालकों के दायित्वों पर बात कही। पालकों को मंच पर अपने विचार साझा करने हेतु आमंत्रित किया गया जिसमें अनेक पालकों ने अपने विचार रखे।

## चिकित्सा,पोषण व शिक्षा के लिए प्रति माह 4 हजार रुपए देने के लिए

# 18 वर्ष से कम उम्र के जरूरतमंद बच्चों का किया जाएगा चिन्हांकन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बीजापुर 21 अक्टूबर।** जिला कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशन में महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत संचालित मिशन वात्सल्य कार्यक्रम के तहत 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों जो जरूरत मन्द है उनका किया जाएगा चिन्हांकन चिकित्सा, शिक्षा और पोषण के लिए प्रतिमाह 4 हजार रुपये की वित्तीय सहायता एकीकृत बाल संरक्षण योजना, मिशन वात्सल्य महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत प्रवर्तकता कार्यक्रम के तहत 18 वर्ष से कम आयु के देख-रेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों को चिकित्सकीय, पोषण, व्यावसायिक प्रशिक्षण एवं शैक्षिक आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु परिवारों को अनुपूरक सहायता के रूप में धन राशि प्रदान किया जाना है, जिससे बच्चे के जीवन स्तर की गुणवत्ता में सुधार हो सके और बालक का सर्वोत्तम हित सुनिश्चित किया जा सके।महिला एवं बाल विकास विभाग से मिली हुई जानकारी के अनुसार किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2015 यथा संशोधित 2021 का एक प्रमुख मार्गदर्शी सिद्धांत यह है कि किसी बच्चे को अंतिम उपाय के रूप में संस्थागत देखरेख में रखा जावे। परिवार तथा पारिवारिक वातावरण बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सर्वाधिक अनुकूल होता है। अतः बच्चों के पुनर्वास और समाज में एकीकरण के लिए परिवार एवं समुदाय आधारित विकल्प में प्रवर्तकता (स्पॉसरशिप) का प्रावधान रखा गया है। जिसके तहत प्रवर्तकता हेतु पात्र बच्चों की शिक्षा, पोषण और स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए 4 हजार रूपये प्रतिमाह की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

प्रवर्तकता की निवारक और पुनर्वास 02 श्रेणियां है। निवारक श्रेणी में जैविक परिवार में निवासरत बालकों को परिवार में बने रहने, शिक्षा, पोषण और स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए 4 हजार रूपये प्रतिमाह की आर्थिक सहायता दी जाती है ताकि वे बेघर, बालश्रम, बाल विवाह, पलायन इत्यादि के लिए मजबूर न हो। जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा ऐसे परिवारों या बच्चों का चिन्हांकन सामाजिक कार्यकर्ता, आऊटरीच वर्कर, स्वयं सेवकों, वार्ड समिति या ग्राम पंचायत की मदद से किया जाता है। पुनर्वास श्रेणी अंतर्गत ऐसे बच्चों को 4 हजार रूपये प्रतिमाह की आर्थिक सहायता दी जाती है, जो परिवार के आर्थिक अभाव के कारण मिशन वात्सल्य के तहत संचालित बाल देखरेख संस्थाओं में निवासरत है, उन्हें आर्थिक सहायता प्रदान कर परिवार में पुनर्वासित किया जाता है। निवारक प्रवर्तकता के तहत समुदाय में निवासरत ऐसे बच्चे जिनके माता-पिता की मृत्यु हो चुकी है तथा विस्तारित परिवार की देखरेख में रहते है।

एकल माता-पिता के बच्चे, विशेषकर विधवा या तलाकशुदा या परिवार द्वारा परित्यक्त माता के बच्चे। माता-पिता द्वारा परित्यक्त बच्चे, जो विस्तारित परिवार की देखरेख में रहते है। ऐसे बच्चे, जिनके माता-पिता जेल मे हो। ऐसे बच्चे जिनके माता-पिता अक्षम या बच्चों की देखभाल करने में आर्थिक और शारीरिक रूप से असमर्थ हो। ऐसे बच्चे जिनके माता-पिता गंभीर बीमारी से पीड़ित है।

किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम 2015 यथा संशोधित 2021 के अनुसार देखरेख और संरक्षण के आवश्यकता वाले बच्चे जैसे बेघर, प्राकृतिक आपदा के शिकार, बालश्रम, बाल विवाह के शिकार, अवैध मानव परिवहन किये गये बच्चे, एचआईवी, एड्स प्रभावित बच्चे, निःशक्त बच्चे, गुमशुदा या भागे हुए बच्चे, बाल भिक्षुक या सड़क पर रहने वाले बच्चे, प्रताडित या शोषण किये गये बच्चे। पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना के हितग्राही बच्चे इन सभी श्रेणी के बच्चे 4 हजार रूपये प्रति माह आर्थिक सहायता प्राप्त करने के पात्र है।प्रवर्तकता के तहत आर्थिक सहायता प्राप्त करने के लिए परिवार की वार्षिक आय ग्रामीण क्षेत्रों के लिए 72 हजार रूपये प्रतिवर्ष और अन्य क्षेत्रों के लिए 96 हजार रूपये प्रतिवर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। प्रवर्तकता कार्यक्रम के तहत मिलने वाली आर्थिक सहायता 18 वर्ष तक की आयु पूर्ण होने तक मिल सकती है।प्रवर्तकता कार्यक्रम का क्रियान्वयन जिला बाल संरक्षण ईकाई द्वारा किया जाता है। प्रवर्तकता हेतु पात्र बच्चों का चिन्हांकन महिला एवं बाल विकास विभाग जिला बाल संरक्षण इकाई, आंगनबाड़ी, पंचायत द्वारा किया जाता है। साथ ही चाइल्ड हेल्पलाईन (1098), बाल संरक्षण समितियों अथवा किसी प्रबुद्ध नागरिक द्वारा भी बालकों का चिन्हांकन किया जा सकता है।

## परिक्षेत्र साहू समाज दरबा ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

# महिलाओं व युवाओं ने 80 यूनिट रक्तदान किया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भखारा, 21 अक्टूबर।** साहू समाज दरबा परिक्षेत्र द्वारा ग्राम बिरेझर में रक्तदान शिविर रविवार को सुबह 9 से दोपहर 4 बजे तक साहू समाज परिक्षेत्रीय भवन में आयोजन किया गया था जिसमें बढ़ चढ़कर महिलाओं व युवाओं ने उत्साह दिखाते हुए रक्तदान किया जिसमे कुल 120 व्यक्तियों की रक्त जाँच किया गया जिसमे से 80 व्यक्तियों के द्वारा 80 यूनिट ब्लड का दान किया गया। रक्तवीरों ने रक्तदान करते हुए संदेश दिया कि रक्तदान करने की अनेको फायदे हैं जैसे कि रक्तदान से हार्ट अटैक कि संभावनाएं कम होती है। रक्तदान करने से मोटापा/वजन कम करनें में मदद मिलती है। रक्तदान से शरीर में एनर्जी आती है।रक्तदान करने से लिवर से जुड़ी समस्याओं में राहत मिलती है। आयरन की मात्रा को बैलेंस करने से लिवर हेल्दी बनता है और कैंसर का खतरा भी कम हो जाता है। रक्तदान हर 3 महीने के बाद किया जा सकता है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अवनेंद्र साहू ने रक्तदान की महत्ता को प्रतिपादित करते हुए रक्तदान के लिए सर्व समाज को प्रेरित किया तथा अंगदान भी करने के लिए आव्हान किया। साथ में सभी रक्तादान दाताओं को समाज द्वारा हेलमेट व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अवनेंद्र साहू, तहसील अध्यक्ष राधेश्याम साहू, दरबा परिक्षेत्र अध्यक्ष कमलेश साहू, जनपद अध्यक्ष शारदा साहू, कोषाध्यक्ष आर के साहू, संरक्षक विश्वनाथ साहू, ललित चौधरी, तुलेद्र साहू, संतराम साहू, नागेश्वर प्रसाद साहू, मंशा राम साहू, तीरथ राम साहू, फुलसिग साहू, अलख साहू, रामचंद्र साहू, दुलारु राम साहू, भुनेश्वर साहू, सुबोध साहू, डोमन साहू, नीलम साहू भवर लाल साहू, पुष्पेंद्र साहू, दयाराम साहू, मानस सेवा ब्लड सेंटर धमतरी के नितेश साहू, नागेश साहू, नम्रता साहू, पारस कुमार, जे.पी सिन्हा, अशोक साहू, एल के साहू सहित बड़ी संख्या में सामाजिक पदाधिकारी एवं सामाजिक बंधु उपस्थित होकर रक्तदान कार्यक्रम को सफल बनाया।

## एक नजर

### दीपावाली बहिष्कार शंकर रात्रे की निजी राय समाज को स्वीकार नहीं : कपिल

**भखारा, 21 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बीते दिनों शंकर रात्रे ने सामाचार पत्रों के माध्यम से सतनामी समाज से दीवाली नहीं मनाने का अपील कर अपना निजी राय समाज पर थोपने का प्रयास किया था।जिलाअध्यक्ष कपिल देशलहरे ने आज प्रेस विज्ञप्ति जारी कर उनके राय का खण्डन किया और कहा है कि दीवाली नहीं मनाना शंकर का निजी राय है।सतनामी समाज में इस प्रकार का कोई प्रस्ताव पारित नहीं किया है।उन्होंने कहा कि दीपावली देश का प्रमुख त्योहार है।इसे हम सब मिलकर हर्षोल्लास से मनाते हैं।ज्ञात हो कि शंकर रात्रे वर्तमान में समाज के किसी भी सामाजिक पद पर नहीं है इस प्रकार मीडिया में उल्टे सीधे बयान देकर गुमराह करना बंद करे। जिला कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष विजय सोनवानी, सलाहकार रमेश लहरे, डॉ सुरेंद्र कुर्रे, राजेंद्र भारती सहित सदस्यों ने इस अफ्वाह का खंडन किया।और हर्षोल्लास से दीपावली मनाने जिलाअध्यक्ष कपिल देशलहरे ने समाजजनों से अपील किया है।



### समाज के लोगों ने राजप्रधान चुने जाने पर सुनीता वर्मा को दी बधाई



**तिल्दा-नेवरा, 21 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज बलौदाबाजार राज के नवनिर्वाचित प्रथम महिला राजप्रधान निर्वाचित होने पर समाज के लोगो ने सुनीता वर्मा को बधाई व शुभकामनाए दी है।

### खाद्य व औषधि प्रशासन विभाग ने किया होटलों एवं दुकानों का निरीक्षण

**बलौदाबाजार, 21 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार जिले में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा त्यौहारी सीजन को देखते हुए उपभोक्ताओं को मिलावटी से बचाने के लिए किराना दुकानों, होटलों का निरीक्षण कर अवमानक खाद्य पदार्थो पर कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में खाद्य सुरक्षा अधिकारी उमेश वर्मा एवं टीम द्वारा विकासखंड सिमगा के ग्राम लिमतरा हाइवे में कुल 14 होटल, ढाबा रेस्टोरेंट एवं खाद्य प्रतिष्ठानों से चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के माध्यम से कुल 87 खाद्य पदार्थों जांच किया गया.जिसमें से 06 सैंपल अवमानक प्राप्त हुए. 7 को नोटिस जारी किया गया है। जिसमें नाज ढाबा, ताज ढाबा, रॉयल फैमिली ढाबा, मान ढाबा, न्यू रॉयल ढाबा, लिमतरा में मिलन स्वीट्स, गोस्वामी स्वीट, आनंद फैमिली रेस्टोरेंट, मनीष बेकरी एवं स्वीट्स में कार्रवाई की गई है। किसन किराना में 3 किलो ग्राम खराब फूटू मटर, मनीष बेकरी एवं स्वीट्स में 3 किलो ग्राम मगज लड्डू अमानक रंग, गोस्वामी होटल में 1 किलोग्राम बेसन लड्डू, को मौके पर ही नष्ट किया गया है।

## मनवा कुर्मी समाज तिल्दाराज का राजप्रधान चुनाव सम्पन्न

# ठाकुर राम वर्मा ने खेमनाथ नायक को करीब 2700 मतों से हराया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 21 अक्टूबर।** दूसरी ओर छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के केंद्रीय अध्यक्ष और राजप्रधान के लिए हुए चुनाव शांति पूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ। राज प्रधान के लिए तिल्दा में दो प्रत्याशियों के बीच सीधा मुकाबला है। जिसमें ठाकुर राम वर्मा विजय घोषित हुए।



केंद्रीय अध्यक्ष के लिए कुल 6 प्रत्याशी चुनावी मैदान में थे जिसमें अजित मढरिया उर्फ बजरंगी, चंद्रशेखर परगनिहा, दशरथ वर्मा, खोड़स राम वर्मा, सरोज चंद्रवंशी, उमाकांत वर्मा शामिल है। वहीं देर रात मनवा कुर्मी समाज तिल्दा राज का राज प्रधान के चुनाव में मतदाताओं में भारी उत्साह

तिल्दा नेवरा छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के केंद्रीय अध्यक्ष और राजप्रधान के लिए मतदान प्रारंभ। राजप्रधान के लिए तिल्दा में दो प्रत्याशियों के बीच सीधा मुकाबला है। इसके लिए दोनों ही प्रत्याशीयों ने गांव-गांव जाकर स्वजातियों के घर-घर जनसंपर्क किया है।



दोपहर 3 बजे के बाद मतगणना होगी।

तिल्दा राज में मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के केंद्रीय अध्यक्ष और राजप्रधान के लिए सुबह 8 बजे से मतदान प्रारंभ हो गया है। इनमें दो प्रत्याशियों ठाकुर राम वर्मा और खेमनाथ नायक के बीच सीधा मुकाबला है। समाज का यह बहुत बड़ा चुनाव है, जिसमें तिल्दा राज के 93 गांव के लगभग 29000 मतदाता मतदान कर रहे हैं। तिल्दा राज सहित केंद्रीय अध्यक्ष के लिए भी मतदान किया जा रहा है। समाज के केंद्रीय अध्यक्ष के लिए कुल 6 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। जिसमें अजित मढरिया उर्फ बजरंगी, चंद्रशेखर परगनिहा, दशरथ वर्मा, खोड़स राम वर्मा, सरोज चंद्रवंशी, उमाकांत वर्मा शामिल है। मनवा कुर्मी समाज तिल्दा राज का राज प्रधान के चुनाव में मतदाताओं में भारी उत्साह

तिल्दा नेवरा छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के केंद्रीय अध्यक्ष और राजप्रधान के लिए मतदान प्रारंभ। राजप्रधान के लिए तिल्दा में दो प्रत्याशियों के बीच सीधा मुकाबला है। इसके लिए दोनों ही प्रत्याशीयों ने गांव-गांव जाकर स्वजातियों के घर-घर जनसंपर्क किया है। दोपहर 3 बजे के बाद मतगणना होगी।

तिल्दा राज में मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के केंद्रीय अध्यक्ष और राजप्रधान के लिए सुबह 8 बजे से मतदान प्रारंभ हो गया है। इनमें दो प्रत्याशियों ठाकुर राम वर्मा और खेमनाथ नायक के बीच सीधा मुकाबला है। समाज का यह बहुत बड़ा चुनाव है, जिसमें तिल्दा राज के 93 गांव के लगभग 29000 मतदाता मतदान कर रहे हैं। तिल्दा राज सहित केंद्रीय अध्यक्ष के लिए भी मतदान किया जा रहा है। समाज के केंद्रीय अध्यक्ष के लिए कुल 6 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। जिसमें अजित मढरिया उर्फ बजरंगी, चंद्रशेखर परगनिहा, दशरथ वर्मा, खोड़स राम वर्मा, सरोज चंद्रवंशी, उमाकांत वर्मा शामिल है। जिसमें खो डस राम कश्यप निर्वाचित हुए।

## नपा ने शहर में चलाया सफाई अभियान

### नाली और कचरों को किया जा रहा है साफ



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 21 अक्टूबर।** न.पा.द्वारा शहर मे निरंतर सफाई अभियान चलाकर साफ सफाई कराया जा रहा है सफाई अभियान मे शहर के चौक चौराहे गली मुहल्ले को स्वच्छ किया जा रहा है इसी तारतम्य मे सोहेला चौक, ठाकुर गली, सरस्वती नाला सहित शहर के विभिन्न मार्गो मे कचरा उठाकर सफाई कार्य कर कीटनाशक व चूना पावडर का छिडकाव किया गया जिससे मच्छर मक्खी व अन्य गंदगी वाले कीटो को नष्ट किया जा सके।

## 44 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 21 अक्टूबर।** ऑपरेशन विश्वास के तहत थाना गिधौरी पुलिस द्वारा अवैध रूप से महुआ शराब बनाकर बिक्री करने वाले आरोपियों की धरपकड़ कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में भारी मात्रा में महुआ शराब बनाने की मुखबिर सूचना पर 19 अक्टूबर को निरीक्षक धीरेंद्र दुबे, सउनि गोकुल पटेल प्रधान आरक्षक नरेश खूंटे, आरक्षक सुजीत तंबोली, अमीर राय, राजू लकड़ा, भवानी दुबे, राकेश पाटले, धनंजय देवांगन, रवि बंजारे एवं महिला आरक्षक उर्मिला एक्का की पुलिस टीम द्वारा सुनियोजित योजना बनाकर सबरिया डेरा बलौदा में छापा मारा गया। इस दौरान मौके पर अवैध महुआ शराब के सांथ आरोपी भुनेश्वर उम्र 28 साल निवासी सबरिया डेरा बलौदा थाना गिधौरी को पकडा गया है। आरोपी से ?8800 कीमत मूल्य का 44 लीटर महुआ शराब जप्त किया गया है।तत्पश्चात पुलिस टीम द्वारा पत्थरी डेरा टुण्डरा में दबिश दिया गया, जिसमें भारी मात्रा में महुवा शराब छुपा कर कहीं रखे होने के अंदेशा पर संपूर्ण स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया, जिसमें महुआ शराब बनाने में इस्तेमाल लगभग 1,05,000 कीमत मूल्य का 15 क्विंटल महुआ पास (लहान) भी बरामद किया गया, जिसे पुलिस टीम द्वारा मौके पर ही नष्ट किया गया है। कि प्रकरण में पकडे गए आरोपी भुनेश्वर के विरुद्ध थाना गिधौरी में अपराध क्र. 230/2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर, आरोपिया को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

## त्रिशताब्दी समारोह के आयोजन के लिए किया गया समिति का गठन

# अहिल्यादेवी होलकर के प्रबंधन व शासन सूत्र आज भी प्रासंगिक:शर्मा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 21 अक्टूबर।** नगर के समाज प्रमुखों, मातृशक्ति और प्रबुद्ध जनों की उपस्थिति में पुण्यश्लोका लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की त्रि शताब्दी समारोह के आयोजन हेतु समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से राजेश कुमार चंदानी प्राचार्य, बद्री नारायण बागड़िया उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नेवरा को अध्यक्ष बनाया गया। उपाध्यक्ष पद पर जानकी दुलारी वर्मा शिक्षिका नेवरा एवं विनय पात्रो व्यवसायी नेवरा बनाए गए। सचिव सौरभ जैन एवं सहसचिव पद पर नीलम अग्रवाल नेवरा तथा विजय कुमार ठाकुर घुलघुल चुने गये। कोषाध्यक्ष पद हेतु सासाहोली से ईश्वर यदु को एवं सह कोषाध्यक्ष श्रीमति चंद्रकला वर्मा को बनाया गया।

समिति के संरक्षक वरिष्ठ प्राचार्य सुभाष चंद्र शर्मा बनाए गए हैं। समिति के सम्माननीय सदस्य गण इस प्रकार हैं। दुष्यंत सोनी प्राचार्य स्वामी आत्मानंद हायर सेकेंडरी स्कूल तिल्दा नेवरा, बलराम यदु किरना, श्रवण साहू प्राचार्य सरस्वती शिशु मंदिर तिल्दा, वासुदेव साहू सरस्वती शिशु मंदिर नेवरा, हीरालाल धुरंधर, गोकुल वर्मा, सतीश निषाद, मनोज निषाद नेवरा, डोमार वर्मा ग्राम घुल-घुल, खूब दास वैष्णव ग्राम टोहड़ा,चंद्रकांत साहू गौर खेड़ा, दीपक तिवारी ग्राम खपरीमढ़ी, मालिकराम साहू, यशवंत वर्मा ग्राम तुलसी,नरेन्द्र शर्मा, प्रियंक सोनी, संजय सेन नेवरा, मातृशक्ति से उपस्थित सदस्य गण राधिका वर्मा नेवरा, सुधा चौबे पार्षद नगर पालिका तिल्दा नेवरा, रानी जैन नेवरा एवं कुमारी अंजली गिरी तिल्दा।




लोकमाता अहिल्यादेवी होलकर की त्रिशताब्दी जयंती समारोह का आयोजन वर्ष भर विद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर पर किस प्रकार किया जाना है एवं समाज के बीच किस प्रकार आयोजन करना है, जिससे कि आज की पीढ़ी अहिल्याबाई होलकर द्वारा 300 वर्ष पूर्व किए गए कार्यों से प्रेरणा ले सकें। इसकी विस्तृत जानकारी गोपाल वर्मा नगर संघ चालक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा दी गई। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई द्वारा किए गए जनकल्याणकारी कार्य एवं धर्म तथा संस्कृति का संरक्षण कैसे किया, पुण्यश्लोक की उपाधि अहिल्याबाई को कैसे मिली, इसकी विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि जिस महिला सशक्तिकरण की आज हम बहुत बातें करते हैं, इसकी शुरुआत 250 वर्ष पहले अहिल्याबाई ने की थी। पर्यावरण सुरक्षा, जल संरक्षण और मुगल आक्रांताओं द्वारा विध्वंस किए गए मंदिरों का पुनर्निर्माण करने के फल स्वरूप उन्हें लोकमाता के रूप में जनमानस ने स्वीकार किया।

समिति के अध्यक्ष राजेश चंदानी ने कहा कि समस्त विद्यालयों में विद्यार्थी के मध्य व्याख्यान माला, प्रश्न मंच, रंगोली प्रतियोगिता एवं ड्राइंग प्रतियोगिता तथा तात्कालिक भाषण, पहले विद्यालय स्तर पर फिर वहां से चयनित बच्चों का नगर के स्तर पर भव्य आयोजन करके उन्हें सम्मानित व पुरस्कृत करने का भव्य आयोजन किया जाएगा, इससे नई पीढ़ी अहिल्याबाई होलकर के कर्तृत्व और व्यक्तित्व से परिचित हो सकेंगे। अंत में संरक्षक सुभाष शर्मा ने समिति को बधाई देते हुए आशा व्यक्ति की कि ऐसे महान विभूतियों का परिचय हम छात्र-छात्राओं और समाज को कराने में सफल होंगे। सचिव सौरभ जैन ने समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यों का आभार प्रदर्शन करते हुए प्रत्येक माह के प्रथम शनिवार को इसी तरह नियमित बैठकर योजनाबद्ध कार्य करने व समीक्षा करने की बात करते हुए कार्यक्रम के समाप्ति की घोषणा की।

## समाचार संक्षेप

### सड़क की पाई में चेकर टाइल्स नहीं लगाने पर पंचायत प्रतिनिधियों ने जताई नाराजगी




**भखारा, 21 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** एडीबी प्रोजेक्ट के द्वारा ग्राम कल्ले से आमदी तक करोड़ों रुपए की लागत से सड़क का निर्माण किया जा रहा है जो की सड़क निर्माण कार्य पूर्णता की ओर है और सड़क की गुणवत्ता और सौंदर्यता के लिए सड़क की पाई में चेकर टाइल्स लगाया जा रहा है उक्त चेकर टाइल्स बिछाने का काम कल्ले से आमदी तक किया जा रहा है लेकिन ग्राम रामपुर की सड़क में चेकर टाइल्स नहीं लगाने से ग्रामीणों में रोस व्याप्त है वहीं ग्रामीणों ने एडीबी प्रोजेक्ट पर भेदभाव का आरोप लगाया है बता दें कि एडीबी प्रोजेक्ट के द्वारा ग्राम कल्ले से आमदी तक सड़क बनाए जा रहे हैं सड़क निर्माण क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी गांवों में सड़क की दायीं और बायीं ओर चेकर टाइल्स लगाया गया है लेकिन ग्राम रामपुर में निर्मित सड़क की दायीं और बायीं ओर चेकर टाईल्स नहीं लगाया गया है जिससे पंचायत प्रतिनिधियों व ग्रामीणों में काफी नाराजगी है।



ग्राम रामपुर निवासी योगेश साहू ने बताया कि चेकर टाइल्स के लिए जगह छोड़ा गया है लेकिन चेकर टाईल्स नहीं लगाने से सड़क के किनारे गड्ढे हो गए हैं जो बड़ी दुर्घटना को आमंत्रण दे रहा है कई लोग फिसल कर गिर चुके हैं क्योंकि चेकर टाईल्स दूसरे गांव में लगा हुआ है इसका रामपुर में नहीं लगने का लोगों को धोखा हो जाता है जिसके चलते कई लोग गिर चुके हैं एवं दुर्घटना भी हो गए हैं। ग्राम रामपुर निवासी तुषार जॉन ने बताया कि चेकर टाइल्स लगने से शासन प्रशासन के विकास कार्य के ऊपर लोगों के नजर में आता है लेकिन चेकर टाईल्स नहीं लगने से अभी भी सड़क ज्यों का त्यो दिख रहा है गाँव में थोड़ा सा भी सुंदरता नहीं दिखाई दे रहा है शासन प्रशासन से जल्द से जल्द इसकी जांच कर विभागीय अधिकारी एवं ठेकेदार द्वारा तुरंत चेकर टाईल्स लगवाने कि मांग की है। इस संबंध में सरपंच सुभाष सेन ने बताया कि ग्राम पंचायत द्वारा एडीबी प्रोजेक्ट को कई बार अवगत करा गया हैं लेकिन अवगत कराने के बाद भी चेकर टाईल्स नहीं बिछाया जा रहा है।

### दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात लोगों ने लगा दी आग, सामान सहित नगदी जलकर खाक



**भखारा, 21 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भखारा थाना क्षेत्र के ग्राम कोर्रा में रविवार की बीतें रात्रि को अज्ञात लोगों ने एक दुकान की ताला तोड़कर आग के हवाले कर दिया।जिससे दुकान में रखे सामान सहित नगदी जलकर खाक हो गए। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम कोर्रा के शत्रुघन साहू के द्वारा गांव में ही एक छोटा सा पान का दुकान संचालित करता था।जिसमें बीती रात्रि किसी अज्ञात लोगों ने दुकान की ताला तोड़कर आग के हवाले कर दिया जिससे दुकान में रखे सामग्री सहित नगदी रुपए जलकर खाक हो गया है।जिससे दुकान संचालक को लगभग 20 से 25 हजार की आर्थिक क्षति पहुंचने अनुमान लगाया जा रहा है।इस घटना में दुकान पूरी तरह से जल गया है और सिर्फलोहे की चादर बची है। दुकान संचालक शत्रुघन साहू ने बताया कि गांव के ही कुछ लोगों ने उनके साथ ईर्ष्या रखते है जो अक्सर उनके साथ झगड़ा लड़ाई किया करते थे ऐसे में उन्ही लोगों पर इस कृत्य को अंजाम दिए जाने का संदेह है।इस घटना की सूचना भखारा थाना मे दिया है।इस सम्बंध में थाना प्रभारी लेखराम ठाकुर ने बताया कि दुकान के आसपास की सभी सीसीटीवी फुटेज को जाँच की जाएगी और आरोपियों पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी!

**Public Notice Regarding Grant of Environment Clearance**

The Ministry of Environment, Forest and Climate Change, Government of India, New Delhi has granted Environment Clearance vide its EC Identification No. **EC24A1005CG51239888N Dated 19.10.2024** for our proposed expansion project in existing industry at Plot No. 174-H, OP Jindal Industrial Park Punjipathra, Tamnar, District-Raigarh (C.G.) with MS Billets 168,000 TPA; Rerolled Steel Products through Hot Charging 156000 TPA, and Submerged Arc Furnace to produce Ferro Alloys 16300 TPA or 273000 or combination of the same. The copy of the same is available at Ministries website (www.parivesh.nic.in) as well as RO (Raigarh) and HO (Atal Nagar Nava Raipur) of Chhattisgarh Environment Conservation Board.

**Place : Raigarh (C.G.)**
**Date : 19.10.2024**

**M/s. Shree Bankebihari Ispat Private Limited**
Plot No.-174-H, OP Jindal Indusrial Park
Punjipathra, Tamnar
District- Raigarh (C.G.)

**कार्यालय, कृषि उपज मण्डी समिति चारामा, जिला-उ.ब. कांकेर (छ.ग)**

क्र/मण्डी/निर्माण/निलामी/386/2024-25/ चारामा, दिनांक 21.10.2024

**शेण्ड्रीशाप निलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मूलमंडी प्रांगण चारामा में नव निर्मित 10 नग शेण्ड्रीशाप का निलामी दिनांक 09.11.2024 दिन- शनिवार को समय 01.00 बजे कार्यालय मुख्य मंडी प्रांगण चारामा में की जावेगी। निलामी किये जाने वाले नव निर्मित शाप्स का विवरण निम्नानुसार हैः-

| क्र. | शेण्ड्रीशाप का विवरण | स्थल जहां शेण्ड्रीशाप स्थिति है | बोली हेतु अमानत राशि (लागत की 10 प्रतिशत) | सरकारी बोली (प्रीमियम 25 प्रतिशत) | मासिक किराया (0.75 प्रतिशत) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 8 | 4 | 7 |
| 1 | 10 नग शेण्ड्रीशाप | मुख्य मंडी प्रांगण चारामा | 41752.00 | 104380.00 | 3132.00 |

1. मुख्य मंडी प्रागण में नव निर्मित शेण्ड्रीशाप की निलामी होगी, जिस हेतु दिनांक 09.11.2024 के पूर्व इच्छुक व्यक्ति के लिए निलामी में भाग लेने हेतु निर्धारित अमानत राशि कॉलम (6) में दर्शित विवरणानुसार दर्शित मूल्य राशि का चेक अर्थात नगद कृषि उपज मंडी समिति चारामा जिला-उ.ब. कांकेर (छ.ग.) में दिनांक 06.11.2024 तक कार्यालयीन समय तक जमा किया जाना अनिवार्य होगा। निर्धारित समय के पश्चात राशि स्वीकार नही की जावेगी।
2. दिनांक 09.11.2024 में बोली में भाग लेने हेतु अमानत राशि जमा करना अनिवार्य होगा। अन्यथा बोली में भाग लेने नही दिया जावेगा।
3. 10 दुकान में 40 प्रतिशत (4 दुकान) आरक्षित रहेगी।
4. निलामी की अन्य शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति चारामा में अवलोकन/देखी/प्राप्त की जा सकती है, जो इस निलामी सूचना का अनिवार्य महत्वपूर्ण भाग है।

(श्रीमती शकुन्तला ओझा)
प्र. सचिव
कृषि उपज मंडी समिति
चारामा, जिला-उ.ब. कांकेर

(श्रीमती प्रमिला मण्डावी)
भारसाधक अधिकारी
कृषि उपज मंडी समिति
चारामा, जिला-उ.ब. कांकेर

## एक नजर

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम



**रायपुर, 21 अक्टूबर।** 25 अक्टूबर (पहला दिन) सुबह 11 बजेः राष्ट्रपति का रायपुर एयरपोर्ट पर आगमन होगा. सुबह 11:30 बजेः रायपुर एम्स के दूसरे दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी. दोपहर 1 बजेः एम्स से रवाना होकर राजभवन पहुंचेंगी. दोपहर 3 बजेः रायपुर के 14वें दीक्षांत समारोह में हिस्सा लेंगी. शाम 4:30 बजेः नवा रायपुर स्थित पुरखौती मुक्तांगन में स्थानीय आदिवासियों से मुलाकात.शाम 6 बजेः राजभवन लौटेंगी और रात्रि विश्राम करेंगी. 26 अक्टूबर (दूसरा दिन)ः सुबह 9 बजेः विवेकानंद सरोवर, रायपुर का दौरा. सुबह 10 बजेः रायपुर एयरपोर्ट से भिलाई के लिए प्रस्थान. सुबह 11 बजेः आईआईटी भिलाई के चौथे दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी.दोपहर 1:30 बजेः भिलाई से वापस रायपुर स्थित राजभवन लौटेंगी. दोपहर 3:30 बजेः पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति चिकित्सा एवं आयुष विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह में हिस्सा लेंगी. शाम 5 बजेः दीक्षांत समारोह के बाद दिल्ली के लिए रायपुर एयरपोर्ट से प्रस्थान करेंगी.

### पुलिस स्मृति दिवस पर सीएम ने दी श्रद्धांजलि

**रायपुर, 21 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर वीर शहीदों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है।



मुख्यमंत्री ने कहा है कि पुलिस स्मृति दिवस हर साल 21 अक्टूबर को उन वीर पुलिसकर्मियों के सम्मान में मनाया जाता है जिन्होंने अपने कर्तव्य का पालन करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी। यह दिन हमें हमारे देश की सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिसकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका की याद दिलाता है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि सुरक्षा बलों और पुलिस के वीर शहीदों द्वारा अपने कर्तव्यों के निर्वहन के दौरान दिए सर्वोच्च बलिदान पर पूरे देश को गर्व है।

### ऑफिस से हजारों रुपए का सामान पार

**रायपुर, 21 अक्टूबर।** मेसनेट 28 सेक्टर 1 हाउसिंग बोर्ड कालोनी शंकरनगर स्थित ऑफिस के खिड़की तोड़कर अज्ञात चोर ने मोबाइल, 3 नग घड़ी व नकदी 4 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी राजेश बाईया 53 वर्ष अशोका रतन पंडरी का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी का मेसनेट 28 सेक्टर 1 हाउसिंग बोर्ड कालोनी शंकरनगर में ऑफिस है। जहां अज्ञात चोर ने ऑफिस के खिड़की को तोड़कर मोबाइल, 3 नग घड़ी व नकदी 4 हजार रुपए पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 7 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### 4 जुआरी चढ़े पुलिस के हत्थे

**रायपुर, 21 अक्टूबर।** खरोरा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 4 जुआरियों को गिरफ्तार किया है।



पुलिस ने आरोपियों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 9300 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार खरोरा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम गौरखेड़ा के रंगमंच चौक में दबिश देकर आरोपी तारनदास बंजारे 50 सहित अन्य 3 को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 9300 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### सरेआम शराब पीते दर्जन भर गिरफ्तार

**रायपुर, 21 अक्टूबर।** राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते दर्जन भर लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार आजाद चौक पुलिस ने ईदगाहभाठा के पास सरेआम शराब पीते आरोपी आसीफ अली 53 वर्ष, मोवा पुलिस ने आरोपी खिलावन जोशी 25 वर्ष एवं पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी आयुष शुक्ला 24 वर्ष, आशीष सांडेकर 28 वर्ष, राम बजाज 26 वर्ष व अनमोल अवधिया 21 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं गोबरानवापारा पुलिस ने आरोपी खजान सिंह 23 वर्ष, रामलाल साहू 58 वर्ष, खिलावन देवांगन 33 वर्ष व दीपक देवांगन 39 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तमरह अभनपुर पुलिस ने आरोपी कुपेन्द्र साहहू 26 वर्ष एवं नेवरा पुलिस ने आरोपी महेश कुमार साहू 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

# चुनावी चक्रव्यूह रचने में जुटे भाजपा-कांग्रेस के रणनीतिकार

## कांग्रेस प्रत्याशी का चयन करेगा हाईकमान, 24 और 25 को प्रत्याशी भरेंगे नामांकन

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 21 अक्टूबर।** रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव लड़ने वाले राष्ट्रीय दलों के प्रत्याशियों द्वारा अंतिम दिन 25 अक्टूबर को नामांकन पत्र दाखिल किया जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग ने व्यय प्रेक्षक के रूप में श्रीमती कनुप्रिया को नियुक्त कर दिया है। शीघ ही सामान्य और सुरक्षा प्रेक्षक रायपुर आने वाले हैं। इधर कांग्रेस प्रदेश कमेटी ने प्रमोद दुबे और आकाश शर्मा का नाम हाईकमान को भेज दिया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार निर्दलियों एवं राष्ट्रीय दलों के कई सदस्यों ने नामांकन पत्र खरीदा है। भाजपा ने सुनील सोनी को अधिकृत प्रत्याशी घोषित कर दिया गया है। वे सिविल लाईन, पुरानी बस्ती, टिकरापारा एवं लाखे नगर मंडल के अध्यक्षों एवं पदाधिकारियों तथा पार्षदों के साथ मीटिंग ले रहे हैं। संगठन मंत्री पवन साय के निर्देश पर मुख्यमंत्री पूरे चुनाव पर नजर रखेंगे। कैबिनेट मंत्रियों को मंडल का प्रभार सौंपा जाएगा तथा विधायकों को बूथ स्तर पर जिम्मेदारी दी जाएगी। विधानसभा उपचुनाव के बाद नगर निगम चुनाव होने वाले हैं इसलिए भाजपा कार्यकर्ता भी अपनी पूरी ताकत झोंक रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल एवं पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा चुनाव का संचालन करेंगे। मुख्य रूप से सांसद बृजमोहन अग्रवाल ही चुनाव का नेतृत्व करेंगे। रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत 235 बूथ आते हैं। यहां पर महिलाओं की ज्यादा संख्या है। वे चुनाव जिताने में अहम भूमिका निभाएंगी। रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नयापारा, बैजनाथपारा एवं बैरनबाजार मुस्लिम क्षेत्र हैं। यहां पर भी भाजपा के बृजमोहन अग्रवाल 50 फीसदी वोट मिले थे। यहां पर भाजपा ने पूरी ताकत झोंकने का निश्चय किया है। उत्कल निवासियों को प्रभावित करने के लिए रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा को भी तैनात किया जा रहा है। भाजपा चुनाव जीतने के लिए पूरी ताकत झोंकेगी।




### कांग्रेस उम्मीदवार का फैसला शीघ्र

कांग्रेस प्रत्याशी का फैसला शीघ्र होगा। उनका नाम हाईकमान को भेज दिया गया है। यहां पर वार्ड स्तर पर नगर निगम के सभापति, महापौर, पार्षदों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। कांग्रेस चुनाव जीतने के लिए पूरी ताकत झोंकेगी। कांग्रेस हाईकमान द्वारा ही टिकिट का अंतिम फैसला किया जाएगा। चुनाव जीताने के लिए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेश बघेल, चरणदास महंत, दीपक बैज एवं जिला स्तर के पदाधिकारियों को तैनात किया जा रहा है। नामांकन पत्र भरने के लिए कांग्रेस प्रत्याशी 25 अक्टूबर को जिलाधीश कार्यालय पहुंचेंगे। इस अवसर पर कांग्रेस द्वारा एक विशाल रैली निकाली जाएगी। जिला कार्यालय में सुरक्षा के चाक-चौबंद प्रबंध किए गए हैं। निर्वाचन अधिकारी पुष्पेन्द्र शर्मा नामांकन पत्र जमा करा रहे हैं। नामांकन पत्रों की छंटाई का काम 28 अक्टूबर को होगा।

### चुनाव अधिकारियों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

स्थानीय निर्वाचन शाखा के अधिकारियों ने बताया कि रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के लिए मतदान दलों और गणनाकर्मियों को 26 तथा 27 अक्टूबर को प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण रेडक्रॉस सोसायटी के अलावा अन्य संस्थाओं में दिया जाएगा। रायपुर दक्षिण विस उपचुनाव के लिए नामांकन पत्र भरने की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर है। यहां पर फोटोयुक्त मतदाता परिचय पत्र का काम पूरा कर लिया गया है। ईवीएम और वीवीपैट का रेण्डमाइजेशन राजनीतिक दलों के एजेंटों के सामने किया जाएगा। मतों की गणना इंजीनियरिंग कालेज रायपुर में किया जाएगा। इस कार्य में कुल 2000 कर्मियों को तैनात किया जाएगा। आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद कीमती वस्तुएं, सोना-चांदी, शराब सहित अन्य वस्तुओं की धरपकड़ तेज हो गई है।

# शहीद जवानों को मंत्री वर्मा ने दी श्रद्धांजलि

## नक्सलियों के लगाए बारूदी सुरंग में हुआ था विस्फोट



**रायपुर, 21 अक्टूबर।** खेलकूद, युवा कल्याण, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंकराम वर्मा ने नारायणपुर जिले में शनिवार को हुए एक बारूदी सुरंग विस्फोट के कारण शहीद हुए भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के दो जवानों को आज माना स्थित चौथी बटालियन परिसर पहुंचकर छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से श्रद्धांजलि दी।

मंत्री टंकराम वर्मा ने शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देने के बाद कहा कि हमारी सरकार राज्य को नक्सलियों से मुक्त करने के लिए काम कर रही है। बीते 9 महीने में नक्सलियों के विरूद्ध छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संचालित अभियान के चलते नक्सलियों के हौसले पस्त हो गए हैं और अपने अस्तित्व को बचाने के लिए इस तरीके की कायराना हरकत कर रहे हैं।

गौरतलब है कि नारायणपुर जिले में नक्सलियों द्वारा बिछाई गई एक बारूदी सुरंग में विस्फोट होने से आईटीबीपी के जवान श्री अमर पंवार और श्री के. राजेश शहीद और दो पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। शहीद हुए जवान 53वीं बटालियन के थे। शहीद जवान श्री अमर पंवार महाराष्ट्र के सतारा और श्री के. राजेश आंध्र प्रदेश के कडप्पा के रहने वाले थे। उनके पार्थिव शरीर को विशेष विमान से उनके पैतृक स्थानों पर ले जाया गया है।

# 5 सउनि के साथ 24 पुलिस कर्मियों का हुआ ट्रांसफर

**रायपुर, 21 अक्टूबर।** पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज के अंतर्गत पदस्थ 5 सहायक उपनिरीक्षक, 6 प्रधान आरक्षकों के साथ ही 13 आरक्षकों का ट्रांसफर किया गया है। इन सभी कर्मियों को रेंज के अंतर्गत ही विभिन्न जिलों में पदस्थ किया गया है। जारी आदेशानुसार सहायक उपनिरीक्षक किशोर कुमार सेठ को रायपुर से बलौदाबाजार, मो.जमील रायपुर से बलौदाबाजार, मो. कय्यूम रायपुर से बलौदाबाजार, संतोष सिंह रायपुर से धमतरी, मो. इरफान रायपुर से गरियाबंद, प्रधान आरक्षकों में अभिषेक सिंह रायपुर से धमतरी, सरफराज चिश्ती रायपुर से महासमुंद, मो. सुल्तान रायपुर से गरियाबंद, दिनेश तुरकाने धमतरी से रायपुर, महिला प्रधान आरक्षक माधुरी सोनवानी धमतरी से रायपुर, देवेन्द्र राजपूत धमतरी से रायपुर, आरक्षकों में कुलदीप सिंह धमतरी से रायपुर, अंकुश नंदा धमतरी से रायपुर, खेमू हिरिवानी धमतरी से रायपुर, साजिद अली धमतरी से बलौदाबाजार, रवि तिवारी रायपुर से बलौदाबाजार, आलम मिर्जा रायपुर से गरियाबंद, राहुल शर्मा रायपुर से बलौदाबाजार, मो.राजिक रायपुर से बलौदाबाजार, सरीम खान रायपुर से धमतरी, कुलदीप मिंज रायपुर से धमतरी, अमित यादव रायपुर से बलौदाबाजार, मुकेश सिंह राजपूत रायपुर से महासमुंद, कृष्णा ठाकुर बलौदाबाजार पोस्टेड किया गया है।

### दीपावली के पूर्व कई जिलों में बदली-बारिश के आसार

**रायपुर, 21 अक्टूबर।** दीपावली पर्व के ठीक पहले राज्य के कई जिलों में बदली-बारिश के आसार बने हुए हैं। मौसम विभाग के अनुसार बारिश के बाद ठंड बढ़नी शुरू हो जाएगी, इसके साथ ही तापमान में भी लगातार गिरावट आएगी। मौसम विभाग के अनुसार दीपावली पर्व के बाद ठंड में बढ़त होगी और तापमान में बड़े बदलाव देखने को मिलेंगे। बता दें कि, नदियों से आ रही नमी भी मौसम को और ठंडा करने में भूमिका निभा रही है। बस्तर के कुछ हिस्सों में लगातार बारिश हो रही है, जिससे वहां का तापमान तेजी से गिर रहा है। साथ ही, बारिश के बाद ठंडी हवाओं का दौर शुरू होगा, जो ठंड को और बढ़ावा देगा। इसके अलावा, मौसम वैज्ञानिकों का मानना है कि ठंड की शुरुआत में हो रही बारिश से तापमान में तेजी से गिरावट आएगी।

करवा चौथ



रायपुर, 21 अक्टूबर। करवा चौथ पर जोरा स्थित एक विवाह भवन में पंजाबी महिलाओं ने सामूहिक पूजा का कार्यक्रम रखा।

# कांग्रेस चुनाव समिति की बैठक में प्रत्याशी पर चर्चा

**रायपुर, 21 अक्टूबर।** दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के चुनाव के लिये कांग्रेस की प्रदेश चुनाव समिति की बैठक राजीव भवन में सपंन्न हुई। जिसमें रायपुर दक्षिण के प्रत्याशी चयन पर विचार विमर्श किया गया।



इस बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, एआईसीसी सचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी एस.ए. सम्पत कुमार, एआईसीसी सचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी जरिता लैतफ्लांग, एआईसीसी संयुक्त सचिव एवं छत्तीसगढ़ सह-प्रभारी विजय जांगिड़, पूर्व मंत्री गुरू रूद्रकुमार, पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, पूर्व मंत्री धनेन्द्र साहू, पूर्व मंत्री सत्यनारायण शर्मा, एआईसीसी सचिव राजेन्द्र तिवारी, एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष नीरज पाण्डेय, कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष अरूण ताम्रकार उपस्थित थे।

# सराफा व्यवसायी किसी भी गलत गतिविधियों में शामिल नहीं : सीएसए

**रायपुर, 21 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन (सीएसए) ने स्थानीय व्यापारियों के खिलाफ राज्य में अन्य राज्यों से सोना और आभूषणों की तस्करी में शामिल होने के हालिया आरोपों को खारिज किया है। एसोसिएशन के महासचिव प्रकाश गोलेचा ने अपने बयान में सीएसए ने उन अफवाहों की आलोचना की है, जिनमें प्रतिष्ठित व्यापारियों को अवैध गतिविधियों से जोड़ा गया है। गोलेचा के अनुसार, स्थानीय व्यापार समुदाय को अन्यायपूर्ण तरीके से निशाना बनाया गया है, जिसमें दावा किया गया है कि व्यापारी बाहरी स्त्रोतों से सोना खरीदकर राज्य के दूर-दराज के क्षेत्रों में बेच रहे हैं। गोलेचा ने स्पष्ट किया कि संबंधित वस्तुएं वैध चैनलों से प्राप्त की गई हैं, जिनका पूरा दस्तावेज़ अधिकारियों को उपलब्ध कराया गया है। सीएसए का बचाव तब सामने आया है जब हाल ही में रायपुर में पुलिस द्वारा की गई कार्रवाइयों में बड़ी मात्रा में कीमती धातुओं को जब्त किया गया। एक घटना में, भाटागांव बस स्टैंड पर रायपुर पुलिस ने 12.8 किलोग्राम सोने के आभूषण जब्त किए, जिसकी कीमत 6.4 करोड़ रुपये आंकी गई। संबंधित व्यक्ति आवश्यक दस्तावेज पेश करने में असफल रहा। वहीं, एक अन्य मामले में एंटी-क्राइम और साइबर यूनिट ने मौधापारा क्षेत्र में एक वाहन से 928 किलोग्राम चांदी जब्त की, जिसकी कीमत 8 करोड़ रुपये है। इन घटनाओं ने व्यापारिक क्षेत्र पर अतिरिक्त ध्यान केंद्रित कर दिया है, बावजूद इसके कि सीएसए ने अपने सदस्यों के किसी भी अवैध गतिविधियों में शामिल होने से इनकार किया है। सीएसए ने यह भी बताया कि व्यापारी पूरी पारदर्शिता और कानून के दायरे में रहकर अपने व्यापारिक कार्यों का संचालन कर रहे हैं।

तैयारी



रायपुर, 21 अक्टूबर। दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के लिए कलेक्टोरेट में नामांकन दाखिल करने के दौरान भीड़ को रोकने आवश्यक तैयारियां की गई है।

# लग्जरी कारों से गांजा तस्करी, अंतर्राज्यीय तस्कर सहित तीन गिरफ्तार

**रायपुर, 21 अक्टूबर।** राजधानी के मंदिरहसौद पुलिस के टीम ने मुखबिर की सूचना पर उड़ीसा से गांजा लेकर आ रहे दो चारपहिया वाहनों को रोककर तलाशी लिए, तो उसमें से डेढ़ क्विंटल गांजा मिला। मामले में पुलिस ने दोनों वाहनों में सवार तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।



बता दें कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देश पर रायपुर पुलिस द्वारा निजात अभियान के तहत नशे के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें समस्त थाना एवं एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रहीं है। नारकोटिक्स एक्ट पर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की विशेष टीम का गठन किया गया है साथ ही समस्त थाना प्रभारियों को नशे की सामाग्री बिक्री करने वालों एवं सप्लाई करने वालों पर कठोर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। इसी के तहत आज पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि 02 चारपहिया वाहन में सवार कुछ व्यक्ति उड़ीसा से गांजा लेकर रायपुर की ओर आ रहे है। जिस पर पुलिस के टीम ने नाकेबंदी कर मुखबीर द्वारा बताये चारपहिया वाहनों को आता देख उन्हे रोकवाया गया। 02 चारपहिया वाहन में 03 व्यक्ति सवार थे। पूछताछ में व्यक्यिों ने अपना नाम वसीम अहमद 29 वर्षी निवासी राजस्थान, भूपेन्द्र कुमार देवदास 30 वर्ष निवासी राजस्थान एवं शहजाद खान 33 वर्ष निवासी राजनांदगांव होना बताया। चारपहिया वाहनों की तलाशी करने पर वाहनों में गांजा रखा होना पाया गया, गांजा के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर उनके द्वारा गांजा से उड़ीसा से लाना बताया गया है। जिस पर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 165 किलोग्राम गांजा तथा घटना में प्रयुक्त एक्सयूवी चारपहिया वाहन क्रमांक सीजी13 एस 0999 एवं थार चारपहिया वाहन क्रमांक सीजी 04 पीएफ6897 को जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक एक्ट के तहत कार्यवाही की है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26